आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या 12:19 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


बुधवार, 2 अक्टूबर 2024
वर्ष 34, अंक 244, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वेब सीरीज डायनेस्टी में काम करेंगी रवीना 15

मंगल पर मिली अजीबो-गरीब धारीदार चट्टान 16

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 48.5 रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन या एटीएफ की कीमत 6.3 प्रतिशत की कटौती के बाद मंगलवार को इस साल के निचले स्तर पर आ गई। वहीं, तेल कंपनियों ने होटलों तथा रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी (19 किलोग्राम) की कीमत में 48.5 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है। 48.5 रुपये बढ़ने के बाद 1,740 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर हो गई है।

### आरती सरीन बनीं सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की डीजी

**नई दिल्ली।** शल्य चिकित्सक वाइस एडमिरल आरती सरीन ने मंगलवार को सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) का महानिदेशक पद संभाल लिया। वह यह पदभार संभालने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। महानिदेशक सशस्त्र बलों से संबंधित समग्र चिकित्सा नीति मामलों के लिए सीधे रक्षा मंत्रालय के प्रति उत्तरदाई हैं। वह एएफएमसी पुणे की पूर्व छात्रा हैं और उन्होंने दिसंबर 1985 में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में कार्यभार संभाला था।

### बंगाल में जूनियर डॉक्टर फिर हड़ताल पर गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों ने सभी चिकित्सा प्रतिष्ठानों में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर राज्य सरकार पर दबाव बनाने के मकसद से मंगलवार को फिर से अनिश्चितकाल के लिए काम पूरी तरह बंद कर दिया। उनका कहना है कि हम पर हमले हो रहे हैं।

# नशा और स्मार्ट फोन छोड़ बहाएं पसीना तो नौकरियों की होगी बारिश

## पेरिस ओलंपिक-पैरालंपिक के पदक विजेताओं को मुख्यमंत्री ने दिए 22.70 करोड़ के पुरस्कार

- कहा, सम्मानित करने के साथ पदक विजेताओं को सरकार बनाएगी राजपत्रित अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस ओलंपिक व पैरालंपिक गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को 22.70 करोड़ रुपये की सम्मान राशि देते हुए नवोदित खिलाड़ियों को सचेत भी किया। कहा कि नशा और स्मार्ट फोन से दूर रहकर बड़ा खिलाड़ी बनने को जितना पसीना बहाएंगे, उतना ही नौकरियों के साथ धन की बारिश भी होगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि युवा पीढ़ी के लिए स्मार्ट फोन आज सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। यह युवाओं के समय और श्रम दोनों को प्रभावित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने को सचेत किया। कहा कि नशा नाश का कारण है। जो नशे की तरफ गया वह जीवन में फिर किसी के लायक नहीं रह पाएगा। योगी ने कहा कि युवा खुद को तैयार करें। उनकी सुविधाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार समुचित माहौल तैयार कर रही है। युवा खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। सरकार प्रदेश के शहरों से लेकर गांवों तक खेल की सुविधाएं विकसित कर रही है। अच्छे प्रशिक्षण के साथ अच्छे प्रशिक्षक भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतीक चेक सौंपते मुख्यमंत्री योगी।

### राजपत्रित अधिकारी बनेंगे पदक विजेता खिलाड़ी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए सम्मान समारोह में आए खिलाड़ियों की प्रेरक कहानी भी साझा की। कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को धनराशि आवंटन में पीछे नहीं है। सरकार ने खेलों में देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी बनाने बनाने का निर्णय लिया है। 2 खिलाड़ी पुलिस उपाधीक्षक, 2 नायब तहसीलदार, 1 माल कर अधिकारी और 2 खिलाड़ी जिला युवा कल्याण अधिकारी बनेंगे।

### सरकार ने खिलाड़ियों को बनाया करोड़पति

पेरिस पैरालंपिक-2024 में गौतमबुद्ध नगर के प्रवीण कुमार ने ऊंची कूद प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, उन्हें 6 करोड़ की धनराशि प्रदान की गई। कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में शामिल वाराणसी के ललित उपाध्याय और गाजीपुर के राजकुमार पाल को एक-एक करोड़ रुपये दिए। पैरालंपिक स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई और इटावा के अजीत सिंह को 4- 4 करोड़ की धनराशि दी गई। 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली मुजफ्फरनगर की प्रीति पाल को 4 करोड़ और 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली गाजियाबाद की सिमरन को 2 करोड़ रुपये दिए गए। इसके अलावा पारुल चौधरी, अनु रानी, प्रियंका गोस्वामी, प्राची चौधरी, साक्षी कसाना, दीपेश कुमार व यश कुमार को प्रतियोगिता में भाग लेने पर 10-10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। पदक विजेताओं के प्रशिक्षक भी सम्मानित हुए।

## एसआईटी ने रोकी लड्डू प्रसाद मामले की जांच

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के डीजीपी द्वारका तिरुमाला राव ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने तिरुपति के लड्डू में पशु वसा के कथित मिलावट मामले की जांच अस्थायी रूप से रोक दी है, क्योंकि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। राव ने कहा कि पिछले दो दिनों में एसआईटी ने खरीद और नमूनाकरण प्रक्रियाओं की जांच की है तथा यह समझने की कोशिश की है कि लड्डुओं में मिलावट कैसे संभव है। डीजीपी ने कहा कि सबसे पहले उन्हें (एसआईटी को) प्रक्रिया को समझना होगा, उसका अध्ययन करना होगा ।

## भारत में नजर नहीं आएगा सूर्यग्रहण

**नैनीताल।** बुधवार को लगने जा रहा साल का दूसरा सूर्यग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा। भारतीय समय के अनुसार ग्रहण रात 9.13 बजे शुरू और सुबह 3.17 बजे समाप्त हो जाएगा। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन ने बताया कि ग्रहण की तीव्रता पर सूर्य का लगभग 93 प्रतिशत बीच का हिस्सा ढक जाएगा। दक्षिण अमेरिका के चिली और अर्जेंटीना में ग्रहण दिखेगा। आंशिक सूर्य ग्रहण अंटार्कटिका, उत्तरी अमेरिका, अटलांटिक और प्रशांत महासागर के कुछ हिस्सों में दिखाई देगा।

# जल निगम के पांच रिटायर अफसरों के ठिकानों पर छापा

- आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस ने की कार्रवाई
- मकान, कृषि भूमि, फ्लैट, गाड़ियों के पेपर और जेवर बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) लखनऊ की टीम ने मंगलवार दोपहर जल निगम की इकाई कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस) के सेवानिवृत्त पांच अभियंताओं के घरों पर छापा मारा। कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई। इन सेवानिवृत्त अभियंताओं में से तीन अपनी तैनाती के समय परियोजना प्रबंधक भी थे। पूर्व में इनके खिलाफ शासन के आदेश पर आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज हुआ था। एफआईआर के बाद विजिलेंस ने इनसे कई दस्तावेज मांगे थे लेकिन ढुलमुल रवैया देख अदालत से सर्च वारंट लेकर यह कार्रवाई की।

जल निगम के अफसरों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के लगभग 11 मामले दर्ज हो चुके हैं। मंगलवार को विजिलेंस टीम ने इंदिरानगर, गोमती नगर और विकास नगर में छापेमारी की। लगभग आठ घंटे तक चले छापे में मकान, खेती की ज़मीन, फ्लैट, गाड़ियों के कागजात, करोड़ों की अघोषित संपत्ति में निवेश, म्यूचुअल फण्ड, बीमा पॉलिसी, पोस्ट ऑफिस निवेश के कागजात और लैपटाप, जेवरात बरामद हुए हैं। विभिन्न बैंक के खाते एवं बैंक लॉकर के प्रपत्र भी हासिल हुए हैं। दरअसल, साल 2020 में सीएंडडीएस के इन अभियंताओं के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायतें शासन को मिली थी। इन्हें गंभीरता से लेते हुए शासन ने 12 जून 2020 को जांच के आदेश दिए थे। जांच में इन पर लगे आरोप सही पाए गए थे। इसके बाद ही विजिलेंस ने इनके खिलाफ अलग-अलग एफआईआर दर्ज की थी।

### इनके ठिकानों पर पड़े छापे

विजिलेंस एसपी डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, एएसपी बबिता सिंह के निर्देश पर पांच टीमों ने दोपहर में छापा मारा। यह छापा सीएंडडीएस के तत्कालीन प्रोजेक्ट मैनेजर व सहायक अभियंता इंदिरानगर सेक्टर-19 निवासी राघवेन्द्र कुमार गुप्ता, इंदिरानगर सेक्टर सी निवासी अधीक्षण अभियंता सत्यवीर सिंह चौहान, निगम के मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ में तैनात रहे गोमती नगर विशेष खंड निवासी अधीक्षण अभियंता रहे अजय रस्तोगी, एल्डिको ग्रीन निवासी सहायक अभियंता कमल कुमार खरबंदा और विकासनगर सेक्टर दो निवासी सहायक अभियंता कृष्ण कुमार पटेल के घरों पर मारा गया। अजय मूल रूप से बरेली के हाफिजगंज, कमल कुमार मध्य प्रदेश के रामपुर और कृष्ण कुमार प्रयागराज के मऊआइमा के रहने वाले हैं।

## विधानसभा चुनाव

# जम्मू-कश्मीर : तीसरे चरण में 65 प्रतिशत हुआ मतदान

**जम्मू/श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के तहत मंगलवार को 65.65 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इस चरण में जम्मू-कश्मीर के सात जिलों में 40 विधानसभा सीटों पर सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू होने के साथ मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें दिखीं। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहा है। केंद्र शासित प्रदेश के 39.18 लाख से अधिक मतदाताओं ने 415 उम्मीदवारों के लिए मतदान में हिस्सेदारी की। इन उम्मीदवारों में दो पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद और मुजफ्फर बेग भी शामिल हैं।

सबसे ज्यादा उधमपुर में 72.91 प्रतिशत वोटिंग हुई जबकि सबसे कम बारामूला में 55.73 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले गए। तीसरे चरण में वोटिंग परसेंटेज पहले और दूसरे चरण से ज्यादा रही। पहले चरण में 61.38 प्रतिशत और दूसरे चरण में 57.31 प्रतिशत मतदान हुआ था। तीसरे चरण की 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। आखिरी चरण में 415 उम्मीदवारों में 387 पुरुष और 28 महिला हैं।

# अभिनेता गोविंदा के पैर में लगी गोली, खतरे से बाहर

मुंबई, एजेंसी



- रिवाल्वर आलमारी में रखते वक्त ट्रिगर दबने से चली गोली
- पुलिस ने लाइसेंसी रिवाल्वर को जांच के लिए किया जब्त

अभिनेता गोविंदा मंगलवार को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से दुर्घटनावश गोली चलने के कारण घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब वह हवाई अड्डा जाने के लिए मुंबई स्थित अपने घर से निकलने वाले थे। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गोविंदा (60) की हालत खतरे से बाहर है। गोविंदा ने एक बयान जारी करते हुए प्रशंसकों को सूचित किया कि अब वह बेहतर महसूस कर रहे हैं।

पुलिस ने अभिनेता के जुहू स्थित आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। अभिनेता के प्रबंधक शशि सिन्हा ने बताया कि गोविंदा को कोलकाता में एक कार्यक्रम के लिए सुबह छह बजे उड़ान भरनी थी और वह 4:45 बजे अपने घर से निकलने वाले थे तभी लाइसेंसी रिवॉल्वर को अलमारी में रखते वक्त ट्रिगर दुर्घटनावश दब गया जिससे गोली चल गई। पुलिस ने बताया कि गोली उनके पैर में लगी। गोविंदा के भाई कीर्ति कुमार ने कहा कि यह एक अजीब घटना थी। वह भाग्यशाली थे कि बच गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया था कि गोविंदा को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। इससे पूर्व अभिनेता को उपचार के लिए उनके आवास के समीप क्रिटिकेअर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी गई है। लाइसेंसी रिवॉल्वर को जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

## दोषी होना संपत्ति ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता : सुप्रीम कोर्ट

- निर्णय होने तक बुलडोजर एक्शन पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह संपत्तियों को ध्वस्त किए जाने के मुद्दे पर सभी नागरिकों के लिए दिशा निर्देश जारी करेगा। इसके साथ ही न्यायालय ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिनमें आरोप लगाया गया है कि कई राज्यों में आरोपियों की संपत्ति समेत अन्य संपत्तियां ध्वस्त की जा रही हैं। न्यायालय ने कहा कि उसके दिशा निर्देश पूरे भारत में लागू होंगे। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति का महज आरोपी या दोषी होना संपत्ति के ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि हम सभी नागरिकों, सभी संस्थानों के लिए इसे जारी कर रहे हैं न कि किसी खास समुदाय के लिए। पीठ ने कहा कि किसी खास धर्म के लिए अलग कानून नहीं हो सकता है। अदालत ने कहा कि वह सार्वजनिक सड़कों, सरकारी जमीनों या जंगलों में किसी भी अनधिकृत निर्माण को संरक्षण नहीं देगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट के 17 सितंबर के आदेश का उल्लेख किया जिसमें एक अक्टूबर तक संपत्तियों को नहीं गिराने का निर्देश था। इस पर पीठ ने कहा कि इस मामले में निर्णय लेने तक यह आदेश बना रहेगा।

# कांग्रेस की नसों में भ्रष्टाचार : मोदी

## हरियाणा की चुनावी रैली में बोले प्रधानमंत्री-यह दलालों-दामादों की पार्टी

पलवल (हरियाणा), एजेंसी

- कहा-बापू-बेटे की राजनीति का मोहरा नहीं बनेंगे यहां के दलित



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस की हरियाणा इकाई में कलह होने का दावा करते हुए कहा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी से सबसे अधिक नाराजगी राज्य के दलित, पिछड़े और वंचित समाज की है और वे बापू-बेटे (हुड्डा परिवार) की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे। मोदी ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार दौड़ता है और यह दलालों व दामादों की पार्टी बन गई है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के भीतर जो कलह मची है, उसे भी यहां के लोग देख रहे हैं। कांग्रेस से सबसे अधिक नाराजगी तो दलित, पिछड़े, वंचित समाज की है। दलित समाज ने भी ठान लिया है कि वो बापू-बेटे की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान किसी का नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा स्पष्ट तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर था। कांग्रेस से दलितों की नाराजगी का उनका इशारा विपक्षी पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा से था। मोदी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने झूठ का प्रयोग किया था और अब हरियाणा में वह उसी का विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लगता है कि उसका अपना वोटबैंक तो पक्का है। साथ ही वो सोचती है कि लड़ेंगे और बंटेंगे वो लोग जो भारत से प्रेम करते हैं। हमें कांग्रेस की इस सोच और साजिश को कभी भी सफल नहीं होने देना है।

### खर्ची-पर्ची की व्यवस्था को फिर लाना चाहती है कांग्रेस

प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने करीब 1.5 लाख सरकारी नौकरियां दीं और वो भी बिना 'खर्ची-पर्ची' के, साथ ही हजारों कर्मचारियों को पक्का किया। उन्होंने कहा कि लेकिन अब कांग्रेस वाले फिर वही 'खर्ची-पर्ची' व्यवस्था हरियाणा में वापस लाना चाहते हैं और आप पर थोपना चाहते हैं। कहा कि उनकी सरकार बनने के दूर-दूर तक आसार नजर नहीं आ रहे हैं। लेकिन लूट-खसोट का बंटवारा अभी से हो गया है। ये है कांग्रेस की सच्चाई।

# व्यवसाय के लिए 5 लाख बिना ब्याज देगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## मंत्रिमंडल के फैसले

- एक लाख युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से मिलेगा लाभ
- युवाओं के लिए उप्र. उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकभवन में मंगलवार को हुई बैठक में 25 प्रस्तावों में से 24 पर मुहर लगाई गई। इस कड़ी में एक अहम प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को जमीन पर उतारने का रास्ता साफ कर दिया गया। इसके तहत 1 लाख युवाओं को हर साल बिना ब्याज के 5 लाख रुपये का लोन माइक्रो यूनिट स्थापित करने के लिए दिया जाएगा। इसके जरिए बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। जिसमें सामान्य वर्ग को 15 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 12.5 प्रतिशत, अनसूचित जाति जनजाति के लिए 10 प्रतिशत मार्जिन मनी देनी होगी। 8वीं से 12वीं पास बेरोजगार इसके लिए पात्र होंगे।

मंत्रिमंडल ने राज्य के युवाओं के लिए उप्र. उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इस नीति के जरिए विदेशी उच्च शैक्षिक संस्थानों को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। 50 करोड़ तक के निवेश पर भूमि लागत से 50 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी छूट, 150 करोड़ तक के निवेश पर 30 प्रतिशत और 150 करोड़ से अधिक के निवेश पर 20 प्रतिशत की स्टाम्प ड्यूटी की छूट का प्रस्ताव दिया गया है। पहली 5 विदेशी संस्थाओं को निवेश करने पर विशेष प्रोत्साहन किया जाएगा।

### मक्का, बाजरा और ज्वार की एमएसपी तय


राज्य सरकार ने मक्का, बाजरा और ज्वार का समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया है। इसी दर पर सरकार मोटे अनाज खरीदेगी। कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि मक्का की एमएसपी 2285 रुपये, बाजरा की एमएसपी 3431 और ज्वार की एमएसपी 2625 रुपये प्रति क्विंटल होगी। मक्के की 21 जिलों में खरीद की जाएगी तो बाजरा की खरीद 32 जिलों में होगी। वहीं, ज्वार की 11 जिलों में खरीद की जाएगी।

!! हर हर महादेव !! !! श्री काशी विश्वनाथ धाम की जय !! !! माँ कामाख्या की जय !!
रोग मुक्त भारत ! शोक मुक्त भारत ! नशा मुक्त भारत ! भय मुक्त भारत !
श्री करौली शंकर महादेव पूर्वज मुक्ति धाम
यज्ञ/ अनुष्ठान/ संकल्प/ प्रार्थना हेतु





श्री करौली शंकर महादेव धाम में प्रत्येक माह की "अमावस्या" को निःशुल्क होने वाले उपरोक्त "पूर्वज मुक्ति " कार्यक्रम में आप सभी भक्तजनों का हार्दिक स्वागत है
कृपया 2 अक्तूबर दोपहर 2 बजे से श्री करौली शंकर (गुरूजी) द्वारा किए जाने वाले उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लें
शंकर सेना उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री सुबोध चोपड़ा के संयोजन में प्रत्येक रविवार सरसैया घाट पर होने वाली गंगा महाआरती में अवश्य भाग लें
Ph: +91 9018992244 www.karaulisarkar.com @KarauliShankar
Shree Karauli Shankar Mahadev Poorvaj Mukti Dham, Lau Kush Ashram, Kanpur - 208021 (UP)



अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### महिला के घर के आगे रखे छप्पर में लगी आग

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के शिवालपुरवा के मजरा बाघ में एक महिला के घर के आगे रखे छप्पर में आग लग गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिकायत कर्ता के देवर को हिरासत में लिया है। थाना क्षेत्र के शिवाला पुरवा के मजरा बाघपुर गांव निवासी मानती पत्नी स्व. माधव राम घर पर तीन पुत्रियों के साथ रहती है। मंगलवार को संदिग्ध हालात में घर के सामने रखे छप्पर में आग लग गई। घटना के बाद मानती ने पुरानी रंजिश को लेकर ग्रामीण नवाब पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ के बाद मानती के देवर दिनेश को ही हिरासत में लिया है। अरवल पुलिस का कहना है विपक्षियों को फर्जी फंसाने के लिए छप्पर में आग उसके देवर दिनेश ने लगाई है।

### किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कौहरिया में किशोरी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कौहरिया निवासी राजपाल की 17 वर्षीय पुत्री खुशबू ने घर के अंदर कमरे में फांसी लगा ली। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी के परिजनों ने बताया कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। उसका इलाज चल रहा था। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### आरोपी गिरफ्तार

**सवायजपुर, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने महिला के साथ गलत कार्य करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। महिला ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि हाशिम फर्फ टुइया निवासी मोहल्ला शेखसराय थाना पाली ने उसके साथ गलत कार्य किया। इस संबंध में कोतवाली सवायजपुर में मुकदमा दर्ज किया गया।



### कच्चा मकान गिरा, मलबे में दबकर युवक घायल

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** अरवल थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटर में अचानक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। जिससे मकान के अंदर आराम कर रहा युवक मलबे में दबकर घायल हो गया। मलबे से निकालकर परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के बेहटर गांव निवासी दिव्यांग 30 वर्षीय बबलू पुत्र रामेश्वर सोमवार को गांव के ही कृष्णपाल के मकान में आराम कर रहा था। उसी समय कच्चा मकान गिर गया। दिव्यांग बबलू मलबे में दबकर घायल हो गया। घटना के बाद परिजन उसे मलबे से निकाल कर इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां से उसे हरदोई रेफर कर दिया गया। जहां से उसे लखनऊ ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया, जहां इलाज चल रहा है घायल बबलू दिव्यांग है तथा उसकी पत्नी पूजा भी दिव्यांग है। बबलू की एक बेटी भी है।

# शिकायतों के निस्तारण में महिला थाना फिसड्डी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जनसुनवाई पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में जिले का महिला थाना फिसड्डी है। थाना सवायजपुर, सण्डीला, पचदेवरा और पाली भी पीछे है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) नीरज कुमार जादौन जन सुनवाई पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण से संबंधित रिपोर्ट की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह करते हैं।

एसपी ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण आख्या की समीक्षा की। शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर उनका फीडबैक लिया। पाया गया कि माह जुलाई, अगस्त व सितंबर माह में अब तक कुल 2898 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से अब तक कुल 2471 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हुआ है। कुल निस्तारित 2471 शिकायती प्रार्थना पत्रों का फीडबैक लिया गया तो उसमें कुल 2158 शिकायतकर्ता संतुष्ट थे जबकि 313 शिकायतकर्ता असंतुष्ट पाये गये। थानावार समीक्षा करने पर सबसे खराब स्थिति महिला थाना की पाई गई। महिला थाने में इस अवधि में कुल 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हो चुका है तथा 01 प्रार्थना पत्र लम्बित है। निस्तारित 02 प्रार्थना पत्रों में 01 शिकायतकर्ता संतुष्ट तथा 01 शिकायतकर्ता असंतुष्ट पाया गया। थाना सवायजपुर, सण्डीला, पाली, पचदेवरा द्वारा भी खराब प्रदर्शन किया गया तथा इन थानों से सम्बन्धित शिकायतकर्ता 80 प्रतिशत से कम संतुष्ट पाये गये। थाना अरवल, अतरोली, बेहटा गोकुल, बेनीगंज, बघौली, बिलग्राम, मल्लावां, साण्डी व टडियावां द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया, जहां 90 प्रतिशत से ज्यादा शिकायतकर्ता पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट पाये गये।



एसपी नीरज कुमार जादौन।

**समीक्षा**

**एसपी नीरज कुमार जादौन ने की जनसुनवाई पोर्टल पर आने वाले मामलों की समीक्षा**

### गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण पर दिया जोर

समीक्षा के बाद एसपी नीरज कुमार जादौन ने सभी को चिट्ठी जारी करते हुए कहा है कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। निस्तारण करने के पहले प्रार्थना पत्रों में अंकित सभी बिन्दुओं, आरोपों की जांच करें कि किसी आरोप का निस्तारण शेष तो नहीं है। जांच आख्या पर हस्ताक्षर करने से पहले शिकायतकर्ता से जरिये दूरभाष अवश्य वार्ता कर लें कि पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट है अथवा नहीं। शिकायतकर्ता द्वारा लगाये गये सभी आरोपों का निस्तारण हो गया है। जांचकर्ता अधिकारी प्रत्येक प्रकरण में मौके पर जाकर जांच करें तथा शिकायतकर्ता के साथ मौके पर फोटो खींच कर निस्तारण आख्या के साथ संलग्न कर प्रेषित करना सुनिश्चित करें। अगर ऐसा नहीं किया गया तो कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत

## सीएमओ डा. रोहताश कुमार ने 100 शैया संयुक्त चिकित्सालय में फीता काटकर किया उद्घाटन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का उद्घाटन मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. रोहताश कुमार ने नयागांव, मुबारकपुर स्थित 100 शैया संयुक्त चिकित्सालय में फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने प्रचार वाहन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 1 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कई विभाग भी सहयोग कर रहे हैं। अभियान की सफलता विभागों के समन्वय और समय से उनके द्वारा संपादित की जाने वाली गतिविधियों पर निर्भर है। इसके साथ ही इसमें जनसमुदाय का सहयोग भी बहुत जरूरी है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वह मच्छर जनित परिस्थितियां उत्पन्न न करें। इसके लिए जो भी सुझाव, सलाह का प्रचार प्रसार किया जा रहा है उनको माने जिससे कि हम मच्छर जनित बिमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया आदि से बचे रहे। बताया कि 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। दस्तक अभियान के तहत बुखार और खांसी के रोगियों, इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस(आईएलआई), टीबी, फ़ाइलेरिया, कालाजार और कुष्ठ के रोगियों, कुपोषित बच्चों की सूची बनायेंगी। जिन घरों के भीतर मच्छर का लार्वा पाया जाएगा, उनका चिन्हीकारण कर सूचना ब्लॉक मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय पर प्रेषित की जाएगी। प्रतिदिन 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पांच व्यक्तियों में गैर संचारी रोगों डायबिटीज, हाइपरटेंशन तथा क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज और कैंसर आदि की स्क्रीनिंग के लिए सीबैक फॉर्म भरेंगी और व्यक्ति की स्क्रीनिंग सीचओ/एएनएम के माध्यम से करेंगी। इसकी मॉनिटरिंग नोडल अधिकारी गैर संचारी रोग तथा डीसीपीएम द्वारा की जाएगी। इसके अतिरिक्त पूरे माह के दौरान विशेष साफ सफाई एवं जागरूकता अभियान चलाकर संचारी बीमारियों पर नियंत्रण के लिए गतिविधियों की जाएंगी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार व जिला मलेरिया अधिकारी जीतेन्द्र कुमार द्वारा कार्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी जनमानस को दी गई। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सहयोगी संस्था यूनिसेफ एवं पथ संस्था के जिला समन्वयक उपस्थित रहे। इसी क्रम में समस्त ब्लॉक स्तर पर संचारी अभियान का आयोजन किया गया।



विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत करते सीएमओ डा. रोहताश कुमार।

# नपाप संडीला के अध्यक्ष पर पक्षपात का लगाया आरोप

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास कार्यों में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष द्वारा पक्षपात करने का आरोप लगाया गया है। जिसको लेकर सभासदों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम अरुणिमा श्रीवास्तव को सौपा है।

नगर पालिका परिषद की सभासद वार्ड नंबर 6 की रुमन देवी, वार्ड नंबर 2 के अब्दुल कलाम, राहुल, अजय द्विवेदी, सोनू ने ज्ञापन में कहा कि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष द्वारा नगर की जनता के साथ व सदस्यों के साथ पक्षपात किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद द्वारा 21 सितंबर को टेंडर निकाले गए है। टेंडर में एक ही समुदाय के सदस्यों की सड़क के टेंडर निकाले गए जबकि उनके वार्ड में सड़क जर्जर स्थिति में है, नालियों का पानी टूटी सड़कों पर बहकर कीचड़ सड़क पर आ गया है। उन्होंने बताया कि सन 2016 में जो परिसीमन हुआ था, सड़के पूर्व रूप से की बनी हुई है जिसको अभी तक नगर पालिका द्वारा नहीं बनाया गया है। जिन सड़कों के टेंडर प्रकाशित किए गए हैं, उन सड़कों में ज्यादातर सड़कें सही ढंग से नहीं बनी हैं। उन्होंने मांग की है कि 21 सितंबर के टेंडर को निरस्त कर पुनः टेंडर प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से प्रकाशित कराकर वार्डों की सड़कों की जांच कराकर सड़कों को सम्मिलित की जाए जिससे वार्डों के नागरिकों को सुविधा मिल सके।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष के भाई ने सेवानिवृत्त कर्मी को पीटा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** साण्डी के पूर्व पालिकाध्यक्ष के भाई ने सरेराह दबंगई दिखाते हुए सेवानिवृत्त पालिका कर्मी के ऊपर हाथ उठाते हुए उसकी पिटाई कर दी। पूर्व पालिकाध्यक्ष के भाई की सारी करतूत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने दी गई तहरीर पर 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है।

बताया गया है कि साण्डी कस्बे के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा निवासी विजयकांत बाजपेई नगर पालिका परिषद के कर्मचारी रह चुके है। उनका पुत्र आलोक बाजपेई कस्बे में ही बिलग्राम रोड पर जनसेवा केंद्र चलाता है। सोमवार को विजयकांत बाजपेई भी जनसेवा केंद्र पर मौजूद थे,उनकी स्कूटी सड़क के किनारे खड़ी थी,उसी बीच पूर्व पालिकाध्यक्ष का भाई अनिल गुप्ता अपनी कार ले कर उधर से निकले,स्कूटी खड़ी होने की बात पर अनिल गुप्ता भड़क गया और विजयकांत को बुरा-भला कहने लगा। उसी से बात इतनी बिगड़ गई कि पूर्व पालिकाध्यक्ष के भाई ने विजयकांत के ऊपर हाथ छोड़ दिया,उनके साथ मोहित कुमार,रेहान खां व आरिफ मारपीट करने लगे। उस बीच क्या-क्या हुआ ? वह सारा कुछ वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। एसएचओ साण्डी छोटेलाल ने बताया है कि विजयकांत की तहरीर पर अनिल गुप्ता समेत 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

## डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** लखनऊ-हरदोई हाईवे पर मंगलवार की शाम त्यौरी मोड़ पर एक बाइक सवार युवक डंपर की चपेट में आने से गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। एंबुलेंस 108 से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली कछौना के अंतर्गत लखनऊ-हरदोई मार्ग पर त्यौरी मोड पर ग्राम नारायण देव निवासी रिंकू (25) पुत्र स्व. रामचरन मोटरसाइकिल से बहन गंभीरपुर गांव से वापस आ रहा था। तभी कछौना की तरफ से आ रहे डंपर की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। डंपर चालक मौके से डंपर लेकर भाग गया। घायल युवक को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# अदालत ने सीओ पर लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच का दिया निर्देश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सीओ की गाड़ी को साइड न देने से नाराज पुलिस ने दो आरोपितों को नाजायज असलहा रखने के मामले में गिरफ्तार करके उन्हें रिमांड पर लिए जाने के लिए अदालत में पेश किया गया। इस मामले में अदालत ने पूरे प्रकरण को संज्ञान में लेकर रिमांड पर दिए जाने का आधार पर्याप्त नहीं माना और रिमांड निरस्त करते हुए दोनों लोगों को रिहा कर दिया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक को इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने का आदेश दिया गया है।

थाना संडीला क्षेत्र के निवासी समीम व मुलायम यादव को पुलिस ने गिरफ्तार करके अपर सीजेएम कोर्ट संख्या दो देवेंद्र प्रताप सिंह की अदालत मे 14 दिन की न्याय हिरासत में लिए जाने के लिए पेश किया। इस मामले में आरोपित की अधिवक्ता ने कहा कि मोहम्मद पुर रोड से मोहम्मदीपुर तक सीओ की गाड़ी को साइड न दिए जाने के कारण सीओ ने दरोगा को बुलाया और दरोगा व पुलिस वालों ने दोनों लोगों को पकड़ लिया और उन्हें मारा पीटा। यही नहीं कई वीडियो भी बनाएं। फर्जी तमंचा लगाकर उसका वीडियो बनाया और गिरफ्तार करके रिमांड के लिए पेश किया। इसी के साथ रिमाड को निरस्त किए जाने की प्रार्थना की। मजिस्टेट ने पूरे मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस मामले में पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का अनुपालन नहीं किया। कहा इस मामले में कई वीडियो पुलिस ने बनाए हैं जो देखने से प्रथम दृष्टया आरोपितों को फंसाने की नीयत से फर्जी प्रतीत हो रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने सरसरी कार्रवाई की है।

मजिस्ट्रेट ने रिमांड पर दिए जाने का आधार पर्याप्त नहीं माना और रिमांड को निरस्त करते हुए आरोपितों को रिहा करने का आदेश दिया। पुलिस अधीक्षक को आदेश की प्रति भेजते हुए कहा कि इस मामले में सीओ और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जिनकी निष्पक्ष जांच कराया जाना आवश्यक है।

**फैसला**

**नाजायज असलहा रखने के मामले में गिरफ्तार दो आरोपितों की पुलिस को नहीं मिली रिमांड**

## सार-संक्षेप



सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

### सफाई मित्रों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** शासन द्वारा दिए गए निर्देशा पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उसी के तहत मंगलवार को नगर पालिका परिषद सभागार में दूसरे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं आयुष्मान/आभा कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर ने किया। शिविर में नगर पालिका परिषद के 117 सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किया गया। कर्मचारियों को आवश्यकता अनुसार नि :शुल्क दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने से सफाई मित्रों का स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिलेगी एवं आवश्यकता अनुसार दवा दी जाएगी, जिससे उनका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक व सितारा संस्था, लखनऊ के सौजन्य से नगर पालिका परिषद के सफाई मित्रों हेतु पीपीई किट (सुरक्षा उपकरण) उपलब्ध कराए गए। जिनका वितरण अध्यक्ष श्री मिश्र एवं ईओ विनोद कुमार सोलंकी व सितारा संस्था की अध्यक्ष पूनम झा द्वारा किया गया। इस अवसर लेखा लिपिक विद्या भूषण सिंह, कर अधीक्षक डा .पुष्पराज गौतम आदि मौजूद रहे।




स्मृति चिन्ह प्रदान करते संस्था के सदस्य।

### कॉलेज में उपभोक्ता जागरूकता शिविर आयोजित

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ट्राई के कन्ज्यूमर एडवोकेसी ग्रुप के सदस्य संगठन रुरल कंज्यूमर्स फेडरेशन द्वारा एस डी जनता इण्टर कालेज शाहाबाद में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में फेडरेशन के अध्यक्ष नवीन कुमार दीक्षित ने दूरसंचार उपभोक्ताओं हेतु ट्राई द्वारा जारी किए गए नियम कानूनों, मूल्यवर्धित सेवाओं,टैरिफ योजनाओं, दूरसंचार सेवा की गुणवत्ता, मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी, दूरसंचार उपभोक्ता अधिकारो आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नवीन दीक्षित ने बताया कि दूरसंचार क्षेत्र देश के विकास के लिए अत्यावश्यक व सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है। वर्तमान में डिजिटल गतिविधियों में अचानक आई तेजी को देखते हुए दूरसंचार एवं प्रसारण क्षेत्रों के विनियामक के रूप में ट्राई ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही विभिन्न संचार माध्यमों से निर्बाध कनेक्टिविटी को और सुगम बनाया जा सके। कालेज के प्रबन्धक सत्यवीर शुक्ल ने साइबर क्राइम पर विस्तृत जानकारी दी। पातीराम दीक्षित ने छात्र छात्राओं से मोबाइल लिंक द्वारा किए जा रहे फ्राड से सतर्क रहने की अपील की। इस अवसर पर शिक्षक मनीष अवस्थी ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर तमाम छात्र छात्राएं व शिक्षक लोग मौजूद रहे।

### ज्ञानस्थली इंटर कालेज में मातृ सम्मेलन आयोजित

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** ज्ञान स्थली इंटर कालेज में वर्तमान परिवेश में माता की भूमिका एवं हमारी परम्पराएं एवं संस्कार विषयों पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। बताते चलें कि सोमवार को ज्ञान स्थली इंटर कालेज हरपालपुर में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें वर्तमान परिवेश में माता की भूमिका एवं हमारी परम्पराएं एवं संस्कार विषयों पर वक्ताओं ने विस्तृत प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रोफेसर रमापति मिश्र निदेशक अवध विश्वविद्यालय सहित लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आर के सिंह, प्रोफेसर विनिमा सिंह ने विचार व्यक्त किये। सम्मेलन की अध्यक्षता बाल विद्या भवन हरदोई की प्रबंधक कीर्ति सिंह ने की। विभाग प्रचारक कौशल , जिला प्रचारक रवी जी, अलका गुप्ता ने भी अपने अपने विचार व अनुभव साझा किए।

# पत्नी की हत्या कर शव नदी में फेंका, गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई



**मामा के साथ अवैध संबंधों के संदेह में दिया वारदात को अंजाम**

**अमृत विचार।** हरियाणा में नौकरी करने वाले युवक ने घर आकर अवैध संबंधों के शक में पत्नी की हत्या कर दी। शव को गंगा नदी के रघुवीर पुरवा घाट से नदी में फेंक दिया। पुलिस की पकड़ में आने के बाद पति ने अपराध स्वीकार कर लिया। शव को ढूंढने के लिए सर्च आपरेशन शुरू कर दिया गया।

रायसिंह पुरवा मजरा कटरी परसोला निवासी दिनेश को एसएचओ बिलग्राम उमाकांत दीपक और पुलिस टीम ने सोमवार को रामेश्वर मोड़ से गिरफ्तार किया। दिनेश के खिलाफ अपनी पत्नी सोनी की हत्या कर शव गायब करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में दिनेश ने बताया कि वह हरियाणा में रह कर वहीं मजदूरी करता था। उसकी पत्नी सोनी गांव में रहती थी। दिनेश के मामा दुर्गेश निवासी बाबटमऊ मल्लावां का उसके घर आना-जाना रहता था। बकौल दिनेश उसे पूरा यकीन था कि उसकी पत्नी सोनी और मामा दुर्गेश के बीच अवैध संबंध थे। वह कई बार सोनी को मामा से दूर रहने को कह चुका था। लेकिन पत्नी के अंदर कोई बदलाव नहीं आया। बताया कि 24 सितंबर की रात वह अचानक हरियाणा से घर पहुंचा तो वहां देखा कि पत्नी सोनी उसके मामा दुर्गेश के बगल में बैठी हंसी-ठिठोली कर रही थी। दिनेश को देखते ही दुर्गेश वहां से चला गया। उसके जाने के बाद झल्लाए दिनेश ने सोनी की डंडे से मारकर हत्या कर दी और शव को घसीट कर गंगा नदी के किनारे ले गया। फिर उसे एक नाव में बांध कर रघुवीर पुरवा घाट से नदी में फेंक दिया। शव पानी के तेज़ बहाव के साथ बह गया। पुलिस ने दिनेश की निशानदेही पर खून से सना हुआ डंडा और सोनी की साड़ी बरामद कर शव को ढूंढने के लिए सर्च आपरेशन शुरू कर दिया है।

# बुजुर्गों की सेहत की जांच को लगाया गया चिकित्सा शिविर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस पर मेडिकल कॉलेज स्थित जीरियाट्रिक यूनिट ने बुजुर्गों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

कार्यक्रम के नोडल डॉ अखिलेश बाजपेई ने फीताकाटकर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में बुजुर्गों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवाई दीं गयी। शिविर में मानसिक रोग मधुमेह गठिया व अन्य वीमारियों का परामर्श दिया गया। नोडल अधिकारी डॉ अखिलेश बाजपेई ने बताया कि वृद्धावस्था जीवन की एक कठिन अवस्था होती है। सामान्य रूप से 60 साल के बाद शारीरिक शक्ति कम होने के साथ रोगग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचाव के लिए बुजुर्गों को योग, प्राणायाम व उचित खानपान सहित नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य जांच जरूरी होता है।



सम्मानित बुजुर्गों के साथ अपर जिला जज भूपेन्द्र प्रताप। अमृत विचार

### वरिष्ठ नागरिक दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई भूपेन्द्र प्रताप ने मंगलवार को वृद्धाश्रम अल्लीपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर माता–पिता का भरण–पोषण एवं वरिष्ठ नागरिको के अधिकार अधिनियम 2007 विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वृद्धाश्रम अल्लीपुर में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कहा कि अपने जीवन में उत्साह बनाये रखिये और खुश रहिये और सारी चिंताए छोड़ दीजिए साथ रह रहे लोगो से मेलजोल बढ़ाइए। अपर जिला जज ने प्रतिदिन प्रात : योग कराने हेतु प्रबन्धक वृद्धाश्रम अल्लीपुर को निर्देशित किया। वृद्धाश्रम में आवासित वृद्धजनों को कपड़े वितरित किये।

**आयोजन** वृद्धजन दिवस एवं शाकाहारी दिवस पर हुई गोष्ठी

# शाकाहारी बनें, स्वस्थ व गरिमामय जीवन जिएं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शाकाहारी जीवनशैली अपनाने से जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है। फल, सब्जियां,साबुत अनाज, गिरियाँ और बीज एक स्वस्थ, सन्तुलित शाकाहारी आहार का मूल हैं।

शहीद उद्यान स्थित कायाकल्पकेन्द्रम् में मंगलवार को विश्व शाकाहारी दिवस एवं अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सीनियर नेचरोपैथ डा. राजेश मिश्र ने कहा कि पश्चिमी देशों के लोग मांसाहार छोड़कर शाकाहार अपना रहे हैं और स्वस्थ जीवन के लिए भारत की पुरातन संस्कृति को आदर्श मानकर शाकाहार के प्रचार-प्रसार के लिए समितियों का गठन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन का आधार शाकाहार है। इससे स्वास्थ्य की रक्षा होती है और सत्वगुण की वृद्धि होती है। डा.मिश्र ने कहा कि अक्टूबर माह शाकाहार को समर्पित है। एक नवंबर वीगन दिवस तक शाकाहार अभियान चलाया जाएगा।

डा.मिश्र ने कहा कि वृद्धजनों का जीवन गरिमामय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृद्धाश्रम नहीं है; इसलिए उन्हें यह शब्द अच्छा नहीं लगता। कहा वानप्रस्थ आश्रम अच्छा लगता है। उन्होंने कहा वरिष्ठ नागरिकों का सभी सम्मान करें। उनका अनुभव व आशीर्वाद बड़े काम का है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक कायाकल्पकेन्द्रम् में आकर निः शुल्क आहार-विहार की जानकारी ले सकते हैं। डा. पारुल जैन ने कहा कि जैन धर्म में अहिंसा पर जोर दिया जाता है। जैसा खाए अन्न वैसा बने मन। शाकाहार से अच्छी मानसिकता बनती है। कहा कि उन्होंने पूर्वजों से सीखा है कि सूर्यास्त के आसपास भोजन कर लेना चाहिए।




कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

## एक नजर

### नवरात्र पर चलेगा पुलिस का मिशन शक्ति अभियान

हरदोई, अमृत विचार। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति का विशेष अभियान (फेज 5) चलेगा। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। एसपी नीरज कुमार जादौन के निर्देश पर एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए है। गुरुवार से फेज 5 चलेगा। मिशन शक्ति के नोडल एडिशनल एसपी पश्चिमी ने सभी थानेदारों को निर्देशित करते हुए चिट्ठी जारी की है जिसमे कहा है कि मिशन शक्ति के इस अभियान में स्वावलंबन कैंप, शक्ति संवाद, मिशन कार्यशालाएं इत्यादि के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं से जुड़ी योजनाओं का प्रचार प्रसार व और अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार करके शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। अन्य विभागों को मिलीभगत से चित्रकला, वाद विवाद, चर्चा-परिचर्चा इत्यादि के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो, बाल विवाह व हेल्प लाइन के माध्यम से मिशन शक्ति के अन्तर्गत प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया।

### पितृ अमावस्या आज, पितरों का होगा तर्पण

हरदोई, अमृत विचार। श्राद्ध पक्ष की अमावस्या बुधवार को मनाई जाएगी। इसी दिन पितरों का तर्पण करके उन्हें विदा किया जाएगा। श्राद्ध पक्ष का अंतिम दिन बुधवार को होगा। इस दिन ऐसे लोग जिनके पूर्वज अमावस्या के दिन दिवंगत हुए हैं उनका श्राद्ध और तर्पण किया जाएगा। वहीं ऐसे लोगों जिनकी श्रद्धा किन्हीं कारणों वश निर्धारित तिथि पर नहीं हो सकी थी, उनका श्राद्ध भी अमावस्या को ही मनाया जाएगा। इसके पूर्व बीते 15 दिनों से श्राद्ध पक्ष चल रहा था। इसके बाद पितरों को विदा किया जाएगा। गुरुवार से शारदीय नवरात्र शुरू हो रहे हैं। जिसको लेकर तैयारियां भी शुरू हो गया है।

# वर्षों से एक ही जगह जमे हैं तकनीकी सहायक

**मनमानी**

- सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ हो रहा खिलवाड़
- ब्लॉक के बाबुओं की धमक के आगे बेबस नजर आ रहे साहब

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलने वाली प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए तमाम बदलाव किए हैं।

ब्लॉक मुख्यालयों से ग्राम पंचायतों में पनप रहे भ्रष्टाचार रोकने के लिए, पंचायत सचिवों के तबादले की नीति तय कर रखा है। विकास कार्यों को जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी निभाने वाले सचिवों का तीन साल बीतते ही तबादला कर दिया गया। लेकिन तकनीकी सहायक कई वर्षों से जहां थे, वहीं आज भी टिके हुए हैं। वजह साफ है कि मनरेगा में ग्रामवार परियोजना के वित्तीय स्वीकृति के नाम पर ब्लाकों में हर फाइल पर पांच प्रतिशत देने की मजबूरी से ग्राम पंचायतों के दर्द और भी बढ़ा रखा है। किसी भी परियोजना का वित्तीय लेखा-जोखा तैयार करना तकनीकी सहायक के जिम्मे होता है और वही बड़े बजट की फाइलें बनाकर भ्रष्टाचार के रंग को चोखा करने में आगे रहते है।

उदाहरण के तौर पर टड़ियावां ब्लाक मुख्यालय पर तकनीकी सहायकों की ग्राम पंचायतों से सांठ-गांठ से विकास योजनाओं को रसातल में ले जाती है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उनका तबादला तो दूर उस बारे में कुछ बोलने तक की जहमत नहीं उठा रहे हैं। वजह यह है कि ब्लाक मुख्यालय में तैनात बाबुओं की ठसक और धमक के आगे जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह से बेबस नजर आ रहे हैं। ऐसे में तकनीकी सहायकों और उनके दफ्तर में अरसे से जमे बाबुओं का तबादला न होना सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर सवाल खड़े कर रहा है। जिले के कमोबेश हर ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात तकनीकी सहायक वर्षों से टिके हैं। उसी वजह से ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों में भ्रष्टाचार जोरों पर है। किसी भी जिम्मेदार अधिकारी को इसकी परवाह नहीं है कि भ्रष्टाचार को आखिर हवा कहां से मिल रही है।



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में हरदोई ब्लड बैंक के लैब टेक्नीशियन अकील खां को प्रशस्ति पत्र देते अधिकारी।

### हरदोई ब्लड बैंक को किया गया सम्मानित

हरदोई, अमृत विचार। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर स्वैच्छिक संस्थाओं, रक्तदाताओं और रक्त केंद्रों का सम्मान करने के लिए आरएमएल आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में सम्मान समारोह और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में हरदोई ब्लड बैंक (रक्त केंद्रों) को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के प्रमुख सचिव चिकित्सा परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा ने हरदोई ब्लड बैंक के लैब टेक्नीशियन अकील खां को प्रशस्ति पत्र देते हुए सम्मानित किया।

# शिव बारात के साथ बाल रामलीला चौक की हुई शुरुआत

## गाजे-बाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से निकली शोभा यात्रा, जगह-जगह स्वागत कर लोगों ने की पुष्प वर्षा

संवाददाता, शाहाबाद हरदोई

अमृत विचार। श्री बाल रामलीला नाट्य कला मंदिर चौक द्वारा संचालित श्री बाल रामलीला की शिव बारात शोभायात्रा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार की रात नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। शोभायात्रा में देवी-देवताओं की मनोरम झांकियों के साथ अघोरियों का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।

शिव बारात शोभा यात्रा की शुरुआत नगर पालिका परिषद के सामने से हुई। यहां पर पार्टी के संरक्षकों और पदाधिकारियों ने पूजन अर्चन किया। इसके बाद शोभा यात्रा रवाना की गई। शिव बारात शोभायात्रा स्टेट बैंक, बड़ी बाजार, घास मंडी, गुलाब बैंड चौराहा, आरपीएम इंटर कॉलेज, सदर बाजार, घंटाघर, सराफा बाजार, चौक, सरदार गंज होते हुए कटरा पहुंची। शोभा यात्रा में शिव-पार्वती की झांकी के साथ यमराज, इंद्रदेव, विष्णु जी, खाटू श्याम दरबार, सूरज चंद्रमा आदि देवी देवताओं की मनोरम झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त राज आर्ट ग्रुप मुरादाबाद शाहजहांपुर के कलाकारों ने अघोरियों का नृत्य प्रस्तुत करके काफी वाहवाही लूटी। शिव बारात के आगे आगे चल रही नौका विहार की झांकी जिसमें राधा और कृष्ण चल रहे थे दर्शकों द्वारा काफी पसंद की गई। गुलाब बैंड चौराहा, बैंक ऑफ़ इंडिया चौराहा सहित कई स्थानों पर शिव और पार्वती का जयमाल कार्यक्रम संपन्न हुआ। शोभा यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। पुष्पों की बरसात की गई। मेला कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उमेश गुप्ता के परिजनों द्वारा भगवान शिव और पार्वती की झांकी पर पुष्पों वर्षा की गई। इस दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। कटरा मोहल्ले में शिव बारात शोभा यात्रा का समापन किया गया। इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उमेश गुप्ता, संजय मिश्रा, राजीव गुप्ता, रामचंद्र गुप्ता, आदित्य गौतम, धीरू अवस्थी, बासु वर्मा सहित बड़ी संख्या में कमेटी के लोग मौजूद रहे।


बाल रामलीला चौक की शिव बारात में भगवान शिव-पार्वती की झांकी।

### अघोरियों का नृत्य देखने के लिए उमड़ी भीड़

संवाददाता, शाहाबाद। श्री बाल रामलीला चौक द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा में अघोरियों का नृत्य देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी रही। लोगों का मानना है कि शिव बारात शोभा यात्रा के इतिहास में अब तक इतनी भीड़ कभी नहीं उमड़ी। शिव बारात शोभा यात्रा में मुरादाबाद और शाहजहांपुर के राज आर्ट ग्रुप की कलाकारों ने भगवान शंकर के समक्ष अघोरी नृत्य प्रस्तुत किया। विशालकाय आरती के माध्यम से जो भक्तिपूर्ण नृत्य हुआ, उस नृत्य को देखने के लिए सड़कों पर भारी भीड़ जुटी। नृत्य देखने के लिए आपाधापी का दौर मचा रहा। राज आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से भीड़ को अपनी ओर खींच लिया। अघोरी नृत्य ग्रुप के साथ-साथ भीड़ चल रही थी। भक्तिपूर्ण गीतों के ऊपर शंकर जी के समक्ष नृत्य करने का कलाकारों ने बेहतरीन कला प्रदर्शन किया। अघोरी नृत्य महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और बुजुर्गों के आकर्षण का केंद्र रहा। नगर पालिका परिषद से अघोरी नृत्य प्रारंभ हुआ और समापन स्थल कटरा तक नृत्य का यह कार्यक्रम चलता रहा। अघोरियों के नृत्य के पीछे युवाओं की भीड़ देर रात तक दौड़ती रही।

### सीएसएन कॉलेज में हुआ स्पंदन कार्यक्रम

हरदोई, अमृत विचार। सीएसएन पीजी कालेज में मंगलवार को हिंदी विभाग के एम ए प्रथम सेमेस्टर एवं एमए तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्पंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्राचार्य प्रोफेसर कौशलेंद्र कुमार सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसमें एमए प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का स्वागत किया गया तथा एमए उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस क्रम में एमए प्रथम सेमेस्टर के छात्र आदर्श सिंह को मिस्टर फ्रेशर व मुस्कान गुप्ता को मिस फ्रेशर चुना गया। एमए उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को विदाई देते हुए सीताराम मिश्र को मिस्टर फेयरवेल व रीना देवी को मिस फेयरवेल चुना गया। प्रोफेसर सिंह ने छात्रों को सफलता प्राप्त करने के लिए आत्मानुशासन, व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल विकास का संदेश दिया।

# वीर अभिमन्यु वध देख भर आईं दर्शकों की आंखें

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। नगर के मोहल्ला पठकाना रामलीला मंच पर स्थानीय कलाकारों द्वारा वीर अभिमन्यु नाटक का सफल मंचन किया गया। जिसमें कौरवों द्वारा वीर अभिमन्यु को घेरकर मारे जाने का सजीव मंचन देख दर्शकों के आंसू निकल पड़े। शहर के मोहल्ला पठकाना के रामलीला मंच पर स्थानीय कलाकारों द्वारा दर्शकों की भारी भीड़ के बीच वीर अभिमन्यु नामक नाटक का मंचन किया गया।

मंचन में दिखाया गया कि महाभारत के समय अर्जुन की अनुपस्थिति में कौरव पक्ष की ओर से व्यूह रचना (चक्रव्यूह) की गई। अभिमन्यु ने पांडवों की ओर से युद्ध का संचालन करते हुए व्यूह के सात द्वारों में से 6 भेद दिए। अभिमन्यु ने अपनी माता की कोख में रहते हुए अपने पिता अर्जुन के मुख से चक्रव्यूह भेदन करना सीखा था। सुभद्रा के बीच में ही सो जाने के कारण वह चक्रव्यूह में प्रवेश करना तो जान गए थे लेकिन उस व्यूह से बाहर आने की कला नहीं सुन पाए थे। अभिमन्यु की मृत्यु का कारण सिंधु नरेश जयद्रथ था, जिसने अभिमन्यु के साथ आए अन्य पांडवों को चक्रव्यूह में प्रवेश करने से रोक दिया और इसी का लाभ उठाकर कौरव पक्ष के सभी महारथी युद्ध के नियमों को तोड़कर अभिमन्यु पर टूट पड़े और इस तरह वीर बालक वीरगति को प्राप्त हुआ। स्थानीय कलाकारों के नाट्य मंचन में सबसे ज्यादा किरदार वीर अभिमन्यु को पसंद किया गया। जिसे कलश मिश्र द्वारा निभाया गया। स्थानीय कलाकारों में कृष्ण बने अनमोल पांडेय, युधिष्ठिर महेश चंद्र मिश्रा, भीम रामजी गुप्ता, सहदेव प्रखर मिश्रा, नकुल दीपांशु शुक्ला, अभिमन्यु कलश मिश्रा, परीक्षित देवांश शुक्ला, दुर्योधन पंकज मिश्रा मानू, दुशासन अरुण श्रीवास्तव, शकुनि अनूप मिश्रा, कर्ण दिनेश शर्मा, शल्य ध्रुव शुक्ला, अश्वस्थामा विशाल मिश्रा, द्रोणाचार्य ललित मोहन मिश्रा, दारुक पारस गुप्ता, राजाबहादुर अभय खत्री, खटपट सिंह लालू राम साहब, भगवान शंकर विवेक शुक्ला, सुभद्रा प्रियंका रंजन, उत्तरा श्रष्टि राठौर, योग माया प्रियंका रंजन जैसे कलाकारों द्वारा नाटक का सजीव मंचन दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया।

# बेटे की हत्या में पिता को हुआ आजीवन कारावास

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिला न्यायाधीश राजकुमार सिंह ने बेटे की हत्या में आरोपित पिता को जुर्म साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना लोनार क्षेत्र के निवासी भूरे ने 25 जुलाई 2019 को अपने ही बेटे ऋषि राम की हत्या कर दी। मामले की रिपोर्ट ऋषि राम की माता रानी ने दर्ज कराई। कहा कि घटना के पूर्व वह अपने घर गई थी। रात करीब 9:30 बजे जब लौटी तो देखा कि उसका बेटा मृत पड़ा है। कहा कि उसके बेटे की हत्या पति ने की है। कारण पिता-पुत्र के बीच आए दिन झगड़ा होता था। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों को सुनकर आरोपित पर हत्या का जुर्म साबित पाया और सजा सुनाई। जुर्माना की आधी धनराशि मृतक की माता को दी जाएगी।


## सार-संक्षेप


शाहाबाद में उद्घाटन अवसर पर बोलते पूर्व विधायक आसिफ खान बब्बू।

### पूर्व विधायक ने क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया

शाहाबाद, हरदोई। नगर के मोहल्ला गढ़ी के मैदान में शकील मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक आसिफ खान बब्बू ने किया। उन्होंने आयोजकों को टूर्नामेंट आयोजन के लिए बधाई दी। मोहल्ला गढ़ी में शकील मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा देखने को मिलती है और उसमें निखार आता है। हमारे बीच के युवा ही जिले में, प्रदेश में और देश के लिए खेलकर हम सबका सम्मान बढ़ाते हैं। मैच का उद्घाटन करते हुए शाहाबाद स्ट्राइकर और लिटिल फ्लावर दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। शाहाबाद स्ट्राइकर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 49 रन बनाए। जवाब में लिटिल फ्लावर टीम 23 रन ही बना सकी। सुमेंद्र मिश्रा द्वारा खिलाड़ियों का प्रजेंटेशन किया गया। इस अवसर पर आयोजक जोहेब, कोनैन, गुफरान, अतीक सहित बहुत से खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### 8 को सण्डीला में आएंगे कॉमेडी किंग एहसान कुरैशी



सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार। हजरत रब्बानी शाह उर्फ झाड़ी शाह बाबा के उर्स मेले का आयोजन 4 नवम्बर को धूमधाम से किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध कॉमेडी किंग एहसान कुरैशी ए हर्षि बरेलिया, रियाज इण्डियन अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी को हंसाने के लिए 8 नवम्बर को सण्डीला आ रहे हैं। मेला कमेटी अध्यक्ष व दरगाह के सज्जादा नशीन सूफ़ी शाह नवाज आलम ने बताया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उर्स व मेले का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा है। इस बार मेले में एहसान कुरैशी की कॉमेडी का विशेष आकर्षण होगा। उनकी अनोखी शैली और व्यंग्यात्मक किस्से दर्शकों को हंसाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मुम्बई आ रहे एहसान कुरैशी का कॉमेडी शो इस मेले की रौनक को बढ़ाने का काम करेगा। उनकी प्रस्तुति न केवल मनोरंजन प्रदान करेगी, बल्कि धार्मिक उत्सव के माहौल में भी खुशियों का संचार करेगी। उर्स मेले में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु झाड़ी शाह बाबा की दरगाह पर जाकर चादर चढ़ाएंगे। मेले में विभिन्न प्रकार के झूले, सर्कस, स्टॉल, खाने-पीने की वस्तुएं और नुमाईश भवन हस्तशिल्प की दुकानें भी सजाई जाएंगी।


रंगोली व कलश सज्जा कार्यक्रम में प्रतिभाग करते बच्चे। अमृत विचार

### रंगोली व कलश सज्जा में बच्चों ने दिखाया हुनर

हरदोई, अमृत विचार। महात्मा गांधी जन कल्याण समिति की ओर से मंगलवार से कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। सुबह साढ़े पांच बजे स्वच्छता अभियान चलाकर गांधी भवन परिसर को साफ किया गया। रंगोली व कलश सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन प्राइमरी जूनियर सीनियर सुपर सीनियर वर्ग में किया गया। जिसमें आराध्या गुप्ता, यशि पाल, काव्या, ऋतिक, जुबैदा, मणि सक्सेना, नैसी शर्मा, सिद्धार्थ दीक्षित व रुद्राक्ष सहित करीब 70 से अधिक बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। रंगोली और कलश प्रतियोगिता के निर्णायक अदिति गौर तथा अनिल श्रीवास्तव रहेद। कार्यक्रम का शुभारंभ सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष मिश्रा ने किया।

### कर करेत्तर की बैठक कल

हरदोई, अमृत विचार। अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) प्रियंका सिंह ने बताया कि 03 अक्टूबर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की बैठक विवेकानन्द सभागार कलेक्टेट में आयोजित की गयी है।


चिकित्सा शिविर में परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

### उप्र उद्योग व्यापार मंडल का चिकित्सा शिविर संपन्न

हरदोई, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के सौजन्य से मेदांता लखनऊ के चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर स्थानीय सदानंद पैलेस में आयोजित हुआ। जिसमें लोगों ने हड्डी व हृदय रोग तथा सामान्य बीमारी का परीक्षण कराया और परामर्श प्राप्त किया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ नगर मजिस्ट्रेट सुनील त्रिवेदी ने किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विमलेश दीक्षित की टीम के सहयोग से चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, हड्डियों की कमजोरी आदि रोगों की जांच के लिए स्थानीय सदानंद पैलेस बावन चुंगी में चिकित्सा शिविर लगा जिसमें लगभग 200 लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। मेदांता चिकित्सकों की टीम में सीनियर एग्जीक्यूटिव मार्केटिंग कुमार सौरभ, डॉक्टर जुनैद जहां, बबीता दीक्षित नर्सिंग स्टाफ, अंशिका पटेल नर्सिंग स्टाफ, ज्योति मौर्य रेडियोग्राफर, दया जीडी स्टाफ आदि रहे। सहयोग करने वालों में व्यापार मंडल के आईटी सेल जिला अध्यक्ष भरत पांडे, मनीष शुक्ला, विनोद शुक्ला, अपूर्व महेश्वरी, अनिल गुप्ता, अवनीश त्रिवेदी, आदर्श शुक्ला, रजनीश गुप्ता, राजेंद्र त्रिवेदी, शंकर सहाय गुप्ता, शिवेंद्र सिंह, गौरव सिंह, राजन द्विवेदी शुभम जैन और आशीष प्रजापति ने भरपूर सहयोग किया।

# नरेश अग्रवाल के जन्मदिन पर लगाए गए भंडारे

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पूर्व राज्यसभा सांसद युवा दिलों की धड़कन हरदोई के लाल नरेश अग्रवाल के जन्मदिन पर सोमवार को नगर में चौराहा पर भंडारे आयोजित कर उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई रेलवेगंज में श्री अग्रवाल के अति निकट प्रकाश गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान आरएन ज्वैलर्स पर विशाल और दिव्य भंडारा किया। जिसमें पूड़ी और सब्जी का लोगों ने लुफ्त उठाया। यहां पर प्रेम प्रकाश गुप्ता, आनंद कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता, अश्विनी कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, विजय गुप्ता, सुधीर बनिया, महेश गुप्ता दलेल नगर व राजेश गुप्ता पप्पू भी मौजूद रहे। इसी तरह बावन चुंगी पर पूर्व सभासद राजीव गुप्ता ने भंडारे का आयोजन किया यहां पर महेश गुप्ता डब्ल्यू व डॉ. खुनखुन अवस्थी शिवसेवक गुप्ता जय शिव पूर्व सभासद प्रकाश गुप्ता समेत राजीव गुप्ता की भारी भरकम टीम ने छोले चावल का वितरण किया। इसी तरह भंडारा का भंडारा डीएम चौराहा के निकट असेंबली आफ गॉड स्कूल के सामने आशीष पांडे व भगवान शरण गुप्ता ने किया, जहां पर दुष्यंत गुप्ता ने पूरी सब्जी का वितरण किया। इसी तरह के अन्य भंडारे भी नगर में किए गए। हरदोई के लाल नरेश अग्रवाल के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु होने और उत्तम स्वास्थ्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की गई।



पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल के जन्मदिन पर भंडारे में प्रसाद वितरित करते समर्थक। अमृत विचार

- रेलवेगंज, बावन चुंगी व डीएम चौराहा के निकट हुए आयोजन
- प्रकाश गुप्ता, राजीव गुप्ता, भगवान शरण और आशीष ने भी लोगों को बांटा प्रसाद



**कथा** — नुमाइश मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

# श्रीकृष्ण की रासलीलाओं का किया वर्णन

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। नुमाइश मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठें दिन वृंदावन से पधारे कथाव्यास कविंद्र दास ने बताया कि भगवान की सर्वोच्च लीला रासलीला है। यह सामान्य स्त्री पुरुष के बीच की लीला नहीं है। कृष्ण एकमात्र पुरुष हैं और गोपियां अपनी इंद्रियों से कृष्ण रस पीने वाली हैं। अपने शरीर की सुधबुध खोने वाले को ही रास का अधिकार मिलता है। भगवान अपने भक्त का सूक्ष्म से सूक्ष्म अहंकार भी रहने नहीं देते। गोपियों को अपने सौभाग्य का अहंकार हो गया तो भगवान उनके बीच से अंतर्धान हो गए। फिर उनके रोने गाने के बाद ही पुनः प्रकट हुए। उसी गीत को गोपी गीत कहते हैं। उसका नियमित पाठ करने से भगवान का प्रेम प्राप्त होता है। भगवान अपने प्रेमियों को विरह देकर अपनी याद को और प्रगाढ़ कर देते हैं। इस विरह रस का आस्वादन करने हेतु श्रीकृष्ण ने राधाजी का रूप-रंग और भाव धारण करके श्री चैतन्य महाप्रभु का अवतार लिया। श्री गोविंद राधे समिति के द्वारा इस कथा का आयोजन हो रहा है। विश्राम दिवस की कथा दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। कथा में अमित गुप्ता, प्रभाकर अग्निहोत्री, अनुराग दीक्षित, राजेश गुप्ता, अरविंद अवस्थी, राजू तिवारी, भरत पाण्डेय, अलोक गुप्ता, पियूष भारद्वाज, अरविन्द मिश्रा, रामसेवक शर्मा, मंजू गुप्ता, अजय मिश्रा, नीतू द्विवेदी, कुमुदनी तिवारी, राजनारायण पाण्डेय, कांति अवस्थी, वृज किशोर द्विवेदी, राम प्रकाश मिश्रा, विपिन कनौजिया आदि उपस्थित थे।


श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा सुनाते कथाव्यास कविंद्र।

# पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का हो त्वरित निस्तारण : डीएम

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सी बॉक्स पोर्टल का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये।

महिलाओं को विभिन्न माध्यमों से बताया जाये कि महिलाएं इस पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। पोर्टल पर प्राप्त महिला उत्पीड़न से सम्बंधित शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। उत्पीड़न की शिकार महिलाओं व बच्चियों को हर संभव सहायता उपलब्ध करायी जाये।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने मंगलवार को दिशा की तैयारी बैठक की। कहा कि विभागीय योजनाओं से सम्बंधित व्यवस्थित आंकड़ों का समस्य संकलन कर लिया जाये। समस्त विषयों पर बिंदुवार आख्या तैयार कर ली जाये। आख्या में सम्बंधित फोटोग्राफ भी संलग्न की जाये। नलकूप विभाग को निर्देश दिए बन्द नलकूपों व उनके बन्द होने के कारणों की सूची तैयार कर ली जाये।

## एक नजर

### मुख्य सचिव मनोज सिंह का दौरा आज

**सीतापुर :** शासन के मुख्य सचिव मनोज सिंह बुधवार को जिले के दौरे पर हैं। वे सिधौली तहसील क्षेत्र के सुरैचा गांव स्थित विद्याज्ञान स्कूल (शिव नादर फाउंडेशन) में आयोजित एक कार्यक्रम में दोपहर एक बजे शामिल होंगे। बता दें कि वरिष्ठ आईएएस अफसर मनोज सिंह का मुख्य सचिव बनने के बाद सीतापुर में पहला आगमन होगा।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की हुई शुरुआत

**लहरपुर सीतापुर :** तहसील क्षेत्र के ग्राम अकैचनपुर फरीदपुर में शासन द्वारा बनाये गये नये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लहरपुर अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉ. प्रज्ञा शरण आनंद को भेजा गया है। इस दौरान मरीजों का परीक्षण करते हुए उचित सलाह दी गई। अकैचनपुर फरीदपुर के ग्राम प्रधान कलीम, पैरामेडिकल धर्मेंद्र मौर्य आदि मौजूद थे।

### जिलाधिकारी ने कोषागार का किया निरीक्षण

**सीतापुर :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कोषागार में डबल लॉक में रखे स्टाम्पों एवं रोकड़ के अवशेषों का सत्यापन वरिष्ठ कोषाधिकारी और नगर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में किया। जिलाधिकारी ने कोषागार के अधिकारियों को निर्देश दिया कि साफ-सफाई, सीसीटीवी निगरानी आदि अनवरत सक्रिय रखा जाये। कोषागार की परिधि में सुरक्षा व्यवस्था के साथ पुलिस गश्ती पर्याप्त बनी रहे।

### चकबंदी चौपाल का होगा आयोजन

**सीतापुर :** जिलाधिकारी-जिला उपसंचालक चकबन्दी अभिषेक आनंद ने बताया है कि प्रत्येक ग्राम में जन चौपाल लगाई जाएगी। सेउता तहसील बिसवां ग्राम चौपाल 4 अक्टूबर को होगी। ग्राम बिलरिया तहसील लहरपुर ग्राम चौपाल 7 अक्टूबर को होगी। ग्राम बम्भौरा तहसील महोली में ग्राम चौपाल 8 को होगी। ग्राम मसेनामऊ तहसील बिसवां ग्राम चौपाल 9 अक्टूबर, ग्राम रण्डा तहसील बिसवां ग्राम चौपाल 10, ग्राम हेमपुर तहसील सीतापुर ग्राम चौपाल 11, ग्राम बेलहरी तहसील महमूदाबाद ग्राम चौपाल 14, ग्राम रंगवइया तहसील महोली में 18, खैरूल्लापुर तहसील लहरपुर में 19, ग्राम भवानीपुर तहसील सिधौली में 22, ग्राम कोरैया उदयपुर तहसील सीतापुर में 23 अक्टूबर ग्राम चौपाल आयोजित होगी।

# धान खरीद शुरू, कुछ केंद्रों पर छाया सन्नाटा

## जिले के कई धान क्रय केंद्रों पर बड़ी संख्या में पहुंचे किसान, 120 दिन चलेगा अभियान

अमृत विचार टीम, सीतापुर

**अमृत विचार:** जिले की सभी सात तहसील और मुख्यालयों पर धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद आरंभ हुई। बड़ी संख्या में किसानों ने पहुंचकर धान की बिक्री की। पहले दिन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कई क्रय केंद्रों पर भीड़ देखने को मिली। कुछ स्थानों पर सन्नाटा भी छाया रहा। वहीं अपर जिलाधिकारी का कहना है कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों की फसल का निश्चित समय के भीतर ही भुगतान कराया जाएगा।

शहर स्थित नवीन गल्ला मंडी में सात क्रय केंद्र बनाए गए हैं। सुबह से वाहनों की कतारें लगी देखी गईं। किसान अनिल, मंजीत, राकेश सहित कई अन्य अपना धान लेकर आए थे। सभी एक-एक कर अपने धान का वजन कराते देखे गए। ऑनलाइन व्यवस्था में बीच तहसीलकर्मी कागजातों को भी चेक करते हुए देखे गए।



लहरपुर मंडी स्थल स्थित क्रय केंद्रों पर पहले दिन नहीं पहुंचे किसान। अमृत विचार

वहीं लहरपुर में खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से तहसील क्षेत्र में 28 सेंटर बने हैं। वहीं मंडी में 6 सेंटर हैं। पहले दिन दोपहर तक गल्लामंडी क्रय केंद्र में सन्नाटा पसरा हुआ था। तहसील लहरपुर के सेंटर इंचार्ज रामस्वरूप ने बताया कि मंडी, लालपुर के अलावा तहसील के कुल 28 सेंटरों में सुबह से ही खरीद प्रक्रिया आरंभ हो गई है। ऑनलाइन हुए रजिस्ट्रेशन के माध्यम से गल्ला खरीदा जा रहा है।

उधर, महमूदाबाद के मंडी परिसर में किसानों की धान की तौलाई सुबह से शुरू हो गई। किसानों में अधिक संख्या सुदूर क्षेत्रों से आए किसानों की थी। सुरेश, कल्लू, रामेखिलावन और विकास ने बताया कि इस बार टीन शेड के साथ पानी और शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था हैं। ऑनलाइन कागजों के मिलान में दिक्कत नहीं आ रही।

वहीं इस संबंध में एडीएम नीतीश कुमार ने बताया कि जिले में 104 धान क्रय केंद्र स्थापित किये गए हैं।



महमूदाबाद गल्ला मंडी में जमा किया जाता धान। अमृत विचार

### 15 से लटकेगा केंद्रों पर ताला

उप्र सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार सिंह का कहना है कि पिछले तीन सालों से अधिक समय से धान क्रय केंद्रों पर तैनात कर्मियों को एक भी पैसा नहीं मिला है। अन्य संसाधनों सहित करीब 17 करोड़ रुपये का भुगतान होना लंबित है। ऐसी स्थितियों में वे लोग 15 अक्टूबर से क्रय केंद्रों पर तालाबंदी करेंगे।

सभी में सुबह से ही धान तौलाई की व्यवस्था शुरू हो गई है। पहले दिन सभी क्रय केंद्रों पर कार्य में किसी भी तरह की परेशानी सामने नहीं आई है। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप धान खरीद अभियान कुल 120 दिनों तक चलेगा। धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,300 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जबकि ग्रेड ए धान की कीमत 2,320 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है।

# कचरा बटोरा और दिया गया स्वच्छता का संदेश



झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश देते नेहरू युवा केंद्र के सदस्य। अमृत विचार

संवाददाता सीतापुर/ तालगांव, सीतापुर

**अमृत विचार:** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र द्वारा जनपद के विभिन्न विकास खण्डों में आयोजित किया गया।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, अहमदनगर में एनसीसी कैडेट तथा माई भारत युवाओं की सहभागिता सहित स्वच्छता का सघन अभियान आयोजित किया गया। इसमें सफाई अभियान के अन्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रीकरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता के संदेश के साथ समस्त युवाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी

### जगाई अलख

**स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत दिलाई गई शपथ**

रोषनी पटवा द्वारा बताया गया कि उक्त अभियान का आयोजन दिनांक 17 सितम्बर से जनपद के सभी विकास खण्डों में युवा मण्डलों के माध्यम से चलाया जा रहा है। इसमें जागरूकता रैली, दीवार लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता इत्यादि के माध्यम से जागरूकता भरा प्रचार किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान जन सम्पर्क अधिकारी अशोक प्रजापति, डॉ. अरूण कुमार त्रिपाठी, प्राचार्य तथा कॉलेज शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

# आरपीएफ ने जन जागरूकता अभियान चला किया आगाह

संवाददाता सीतापुर/ कमलापुर

**अमृत विचार:** रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) ने स्टेशन सहित आसपास रेलवे ट्रैक पर चेकिंग अभियान चलाया। इलाकों में पेट्रोलिंग की। गेट चेकिंग के साथ मिलकर ग्राम प्रधानों के साथ चौपाल लगाई और लोगों को आगाह भी किया।

चेकिंग अभियान का आरंभ आरपीएफ थाने के उपनिरीक्षक अशोक कुमार मिश्रा ने किया। इनके साथ आरक्षी विनय दुबे और हमराह फोर्स थी। लोगों को चौपाल लगाकर बताया गया कि गाड़ी में पत्थर बाजी, रेलवे ट्रैक पर पत्थर या अन्य सामान



ट्रैक पर पेट्रोलिंग करती आरपीएफ। अमृत विचार

रखकर अवरोध उत्पन्न करना अपराध की श्रेणी में आता है। क्रॉसिंग गेट पर देख कर पास करना, महिला दिव्यांग कोच में यात्रा न करना पायदान पर व गेट पर यात्रा न करना आदि के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम पंचायत महोली प्रधान धर्मेंद्र

**रेलवे ट्रैक पर चेकिंग के साथ की गई पेट्रोलिंग**

सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**फुट पेट्रोलिंग के सहारे हुई जांच पड़ताल:** आरपीएफ ने कमलापुर सहित अन्य स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग के माध्यम से लोगों की जांच-पड़ताल की। रेलवे ट्रैक के आसपास घूमने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर उन्हें कड़ी हिदायत दी गई। बताया कि ट्रैक के आसपास संदिग्ध लोगों की धरपकड़ भी की जाएगी। ट्रैक निगरानी के दौरान आरक्षी मोहित, रवि प्रकाश, नीतीश, संदीप, सूर्यबली आदि रहे।

## लखनऊ में दो प्रधानाध्यापकों का होगा सम्मान

**सीतापुर:** शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जिले के दो प्रधानाध्यापकों का नाम चयनित हुआ है। इनको मंडल आयुक्त रौशन जैकब द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्थित लखनऊ विकास प्राधिकरण के सभागार में समारोह में 11 बजे पुरुस्कृत किया जाएगा। पुरुस्कृत होने वालों में महमूदाबाद ब्लॉक क्षेत्र के बघाइन प्रा.विद्यालय की प्रधानाध्यापक अर्चना वर्मा और सिधौली ब्लॉक क्षेत्र के बहादुरपुर प्रा. विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमल किशोर शामिल हैं। यह जानकारी लखनऊ मंडल के अपर आयुक्त घनश्याम सिंह ने दी है।

## दुष्कर्म के दो आरोपियों को 20 साल का कारावास

**विधि संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** पॉक्सो एक्ट में निरुद्ध नैमिषारएण्य से जुड़े मामले में स्थानीय अदालत ने दुष्कर्म के दो आरोपियों को 20-20 साल के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने 30 हजार का अर्थदण्ड भी लगाया है। घटना नैमिषारण्य थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 से जुड़ी हुई है। इस मामले में धारा 452, 376, डी, 506 भादवि एवं 5 जी/ 6 पॉक्सो एक्ट व 67 आईटी एक्ट के तहत नैमिषारण्य थाने पर केस दर्ज किया गया था। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं 14 द्वारा दोष सिद्ध होने पर नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के दहेलरा निवासी वीरेन्द्र पुत्र लालता प्रसाद और हारून पुत्र अहमद रसूल को 20-20 वर्ष कारावास एवं 15-15 हजार अर्थदण्ड की सजा सुनायी है। उन पर आरोप था कि घर में घुसकर 15 वर्षीय किशोरी के साथ वीरेन्द्र और हारून द्वारा दुष्कर्म किया गया। वारदात के दौरान हारून द्वारा फोन में वीडियो भी बनाया गया था।

# रेलवे ट्रैक पर दो टुकड़ों में मिला युवती का शव

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार:** रेलवे ट्रैक पर एक युवती का शव दो टुकड़ों में मिला। कोतवाल देहात थाना क्षेत्र में फिरोजपुर-गंगापुर गांव के करीब मिले शव की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं सीओ सिटी का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

कोतवाली देहात क्षेत्र के फिरोजपुर- गंगापुर गांव वासियों का कहना है कि सुबह वे लोग खेत जाने के लिए निकले, तो देखा कि रेलवे ट्रैक पर करीब 18 वर्षीय युवती का शव पड़ा हुआ। शव दो टुकड़ों में बंटा हुआ था। खबर ग्रामीणों के माध्यम से कोतवाली देहात पुलिस को मिली। इसी के बाद इलाका पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर तक आसपास गांवों में पुलिस भेजकर पहचान का प्रयास कराया गया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। वहीं सीओ सिटी अमन कुमार का कहना है कि करीब 18 वर्षीय युवती के शव की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर आसपास इलाकों में वीडियो और फोटो के सहारे संदेश भेजे गए हैं। पहचान का प्रयास हो रहा है। घटना का कारण क्या रहा, ये पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। जानकारी के मुताबिक युवती के शरीर के दो टुकड़े होने के बाद कई अन्य हिस्सों में भी चोटों के निशान पाए गए हैं।

## पेशी पर आए आरोपी की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार:** घर से अपनी पत्नी के साथ पेशी पर आए आरोपी की कचहरी परिसर में अचानक हालत बिगड़ गई, उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। कारण स्पष्ट करने के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की है।

**लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के दारानगर गांव का निवासी**

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र का दारानगर निवासी नरेश पुत्र हेमराज अपनी पत्नी मायावती के साथ पेशी पर आया था। मायावती के मुताबिक, चोरी के मामले में दर्ज अभियोग की पेशी आज लगी हुई थी। ऐसे में वे दोनों कचहरी आए थे। अचानक पति नरेश (50) की हालत बिगड़ गई। बेहोश होता देख परिसर में अफरा तफरी मच गई। किसी तरह एंबुलेंस बुलाकर नरेश को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई मौत की सूचना मिलने पर कोतवाल अनूप शुक्ला मौके पर पहुंचे और नरेश की पत्नी मायावती से जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में ले लिया। शहर कोतवाल का कहना है कि मौत के कारणों को जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। नरेश लहरपुर से पेशी पर आया हुआ था, इसी दौरान तबियत बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र वीर कश्यप (VEER KASHYAP) के विद्यालय में मेरा नाम (JEETENDRA KASHYAP) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम (JEETENDRA KUMAR) है जो कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में भी अंकित है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय में मेरा नाम (JEETENDRA KASHYAP) के स्थान पर (JEETENDRA KUMAR) अंकित किया जाये। **जीतेन्द्र कुमार पुत्र श्री राम अवतार, निवासी- ई-4/33, सेक्टर-डी, बसन्तकुंज, हरदोई रोड योजना, लखनऊ।**

### सूचना

मैं, **मुन्नू लाल एवं मुन्नी देवी पता- म. नं. 4/107 विकास नगर, लखनऊ** ने अपने पुत्र संजीव कुमार व पुत्रवधू नीतिका के गलत आचरण के कारण इन्हें अपनी चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये किसी भी कृत्य की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### सूचना

सूचित हो कि मैं **रंजीत कुमार पुत्र श्री राम दुलारे, निवासी- ग्राम व पो0- रमिया बेहड लखीमपुर खीरी, उ0प्र0** मेरे इण्टरमीडियट जिसका रोल नं0 -0900753 वर्ष -2016 तथा प्रमाण पत्र 31000695 और हाईस्कूल अंक पत्र जिसका रोल नं0-2522424 वर्ष- 2024 प्रमाण पत्र- 6624451 की मूल प्रति वास्तव में खो गई है।

### सूचना

मैने अपना नाम परवेज खान से बदलकर मोहम्मद परवेज खान (MOHD PARVEZ KHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद परवेज खान के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद परवेज खान पुत्र श्री इकबाल खान निवासी सीमान्त नगर, गुरसहायगंज, जनपद कन्नौज।**

### सूचना

मेरे पुत्र मो. सफीक का चाल चलन सही नहीं है, नशा करके मेरे साथ मेरे परिवार के सदस्यों को मारपीट कर प्रताड़ित कर रहा है। जिससे तंग आकर मै अपने पुत्र मो. सफीक को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज से वह अपने द्वारा किये गये कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मो. शरीफ पुत्र छंगा ग्राम गौरवा खुर्द ककरहा वि. खं. हलधरमऊ थाना को. करनैलगंज जिला गोंडा।**

### सूचना


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालय अभिलेखों में मेरी पुत्री , माता एंव पिता का नाम त्रुटिवश सिर्फ गार्गी , माता का नाम नीतू एवं पिता का नाम विजयंत विक्रम सिंह अंकित है। जबकि सही नाम गार्गी सिंह (GARGI SINGH) , माता का नीतू सिंह (NEETU SINGH) एवं पिता का नाम कुंवर विजयंत विक्रम सिंह (KUNWAR VIJAYANT VIKRAM SINGH) है। कृपया विद्यालय अभिलेखों में नामो में सुधार कर अब इसे उक्त नाम से लिखा, पढ़ा व दर्ज किया जाए। **कुंवर विजयंत विक्रम सिंह,निवासी- के. एन.आई कस्बा, जिला सुल्तानपुर**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **संगीता पत्नी नन्हें लाल, निवासी- छिपिया पो0 लक्ष्मीगंज इटौरा-बुजुर्ग जिला रायबरेली** मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 218457530 में मेरा नाम संगीता अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक खाता आदि में सुनीता देवी दर्ज है । उक्त दोनों नाम एक ही महिला के है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

### सूचना

सूचित हो कि मैं **ऋचा पाण्डेय पुत्री अंजू पाण्डेय पत्नी सुनील शुक्ला, निवासिनी- म0नं0-647/21, के0एल0 सिटी नियर एम0डी0एम0 स्कूल, सेक्टर-एच, जानकीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226021** की हूँ। यह कि मेरा सही व दस्तावेजी नाम ऋचा पाण्डेय है। जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश ऋचा शुक्ला दर्ज हो गया है जो कि गलत है। आज के बाद मुझे ऋचा पाण्डेय के नाम से जाना जाये तथा पासपोर्ट में मेरा नाम ऋचा पाण्डेय दर्ज किया जाय।



# सुंदौली में आमजन के लिए बनेगा बारातघर

संवादददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सुंदौली वार्ड में बारात घर बनवाए जाने का प्रस्ताव पास हुआ।

नगर पालिका महमूदाबाद अध्यक्ष मो. अहमद की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक संपन्न हुई। बैठक में अगस्त माह का आय-व्यय प्रस्तुत करते हुए ईओ शैलेंद्र दुबे ने बताया कि सुंदौली वार्ड में नगर पालिका द्वारा हाल ही में अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर बारात घर का निर्माण होगा। ईओ शैलेंद्र दुबे ने कहा कि नगर पालिका के निर्देशन में ठेकेदारों को तय समय में ही गुणवत्तापूर्ण कार्य करने होंगे अन्यथा लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। बैठक में सभी मोहल्लों में अन्य व्यवस्थाएं कराए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक राम गोपाल, अखिलेश वर्मा, सभासद संघ अध्यक्ष चक्र सुदर्शन पांडेय, सईद अहमद, रामू वर्मा, उमेश वर्मा, विशंभर, मो. सैफ, राना राशिद, शीबा खान, शन्नों, मोहिनी श्रीवास्तव, बीना गुप्ता सहित कई अन्य सभासद रहे।

# बाढ़ और कटान के प्रभाव के चलते संजीवनी बनीं राहत चौकियां

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार:** बाढ़ और कटान के बाद बिगड़े मौसम का असर बाढ़ पीड़ितों पर है। ऐसे में बाढ़ राहत चौकियां संजीवनी बनीं हैं। रामपुर मथुरा विकास खण्ड क्षेत्र के बाढ़ और कटान प्रभावित लोगों ने चौकियों के सहारे खाद्य सामग्री प्राप्त की। पशुओं के लिए चारा भी मिला। फिलहाल ग्रामीणों को अनहोनी से बचाने के लिए प्रशासनिक कर्मी सजग हैं।

बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों के लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद खास सक्रिय हैं। इन्होंने कई दिनों के बिगड़े चल रहे मौसम और तेज हवाओं को लेकर बाढ़ राहत चौकियों पर सक्रियता बढ़ाने के तहसीलकर्मियों को निर्देश दिए। ऐसे में लहरपुर और महमूदाबाद तहसील क्षेत्र से संबंधित बाढ़ राहत चौकियों पर दो चक्रों में प्रशासनिक टीम कार्य कर रही है। रामपुर मथुरा विकास खंड क्षेत्र से जुड़ी बाढ़ राहत चौकी पर प्रशासनिक कर्मी दो शिफ्टों में कार्य कर रहे हैं। राजस्व निरीक्षक कमलेश ने बताया कि बाढ़ और कटान के बाद बिगड़े मौसम के कारण लोगों के बीच बढ़ती समस्याओं के चलते पिछले चार दिनों से दो शिफ्टों में बाढ़ राहत चौकियों पर कार्य किया जा रहा है। चौकियों पर उनके अलावा लेखपाल विमलेश कुमार, धर्मेंद्र, रविंद्र, दान बहादुर सहित अन्य भी शामिल हैं। उधर, तटबंध से बाढ़ राहत किट लेने आईं राजमती ने बताया कि तेज हवाओं और रुक-रुककर हो रही बारिश ने तिरपाल ही नहीं खाद्य सामग्री को भी खराब कर दिया है। ऐसे में राशन किट बड़ी समस्या हल करने वाली है। रामादेवी बताती हैं कि आसपास दो नदियों के कारण बड़ी मुश्किल में बाहर निकलना होता है। ऐसे में एक ही समस्या रहती है कि खाने के लिए राशन कहां से उपलब्ध हों। इसलिए बाढ़ चौकी हम सबके लिए बड़ी उपयोगी बन रही है। इनका मानना है कि मौसम सुधरने के बाद मुआवजा मिल जाए तो अच्छा रहेगा। रामू का कहना है कि बारिश के कारण सारी लकड़ियां भीग रही हैं। जानवरों के लिए रखा भूसा बह चुका है। बाढ़ चौकी से मवेशियों के लिए जो भूसा मिला है, उसी के सहारे गाय और भैंस का पेट भरेगा। क्योंकि घास तो पानी के कारण सड़ चुकी है।


राजमती।


रामादेवी।

▸▸ **रामपुर मथुरा विकास खंड क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों को मिल रही चौकियों से मदद**



ब्लॉक परिसर में बनी बाढ़ राहत चौकी।

**शुकुलपुरवा से लोगों का हो रहा पलायन:** शुकुलपुरवा ग्राम सभा में बाढ़ प्रभावित कुछ लोग रह गए हैं। तेज बारिश के कारण एक बार फिर पानी का जलस्तर बढ़ने लगा है। ऐसे में लोगों ने पलायन किए जाने की बात कही है।

> बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए लगातार राहत शिविर लगाए जा रहे हैं। बिगड़े मौसम के बीच बाढ़ चौकियों पर राहत किट दी जा रही है। प्रशासनिक टीम भ्रमणशील है।
>
> –शिखा शुक्ला, उपजिलाधिकारी महमूदाबाद।

## एक नजर

### वैराग्य भावना होने पर सुख साधन की महत्ता नहीं

**महमूदाबाद, सीतापुर :** वैराग्य प्राप्त करने के लिए मन की आवश्यकता होती है। एक बार मन में वैराग्य की भावना आ जाती है तो भौतिक सुख साधन की कोई महत्ता नहीं होती है। इस क्षेत्र की बेटी प्रतीक्षा ने महज जैन आचार्य के दर्शन मात्र से ही संसार का सारा मोह छोड़कर संयम का पथ अपनाने का निर्णय किया है। यह बात दिगम्बर जैन मंदिर में सांस्कृति कार्यक्रम और गोदभराई से पूर्व प्रवचन करते हुए ब.ब्र. विशु दीदी ने कही। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों की भगवती जिन दीक्षा देश की राजधानी दिल्ली में होने जा रही है। श्रमणाचार्य विमर्श सागर महाराज के सानिध्य में एक साथ 13 लोग दीक्षा लेकर साधु और साध्वी बनेंगे और जिन धर्म की प्रभावना करेंगे। मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा साध्वी प्रतीक्षा के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। 13 दीक्षार्थियों की प्रथम गोदभराई का सौभाग्य चन्द्रकुमार जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इसके बाद जैन धर्मावलम्बियों ने भक्तिमय भजनों के बीच सभी ब्रम्हचारियों की गोद भराई सम्पन्न की। जगह–जगह रंगोली बनाई गई और ब्रम्हचारियों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ब्रम्हचारी प्रतीक्षा दीदी के के पिता पुष्पेन्द्र जैन, माता निधि जैन सहित अशोक जैन, योगेश जैन, समकित, प्रणय जैन आदि उपस्थित रहे।

### बालिकाओं ने सीखीं बुनियादी बातें

**सीतापुर :** मिशन शक्ति अभियान के तहत खैराबाद पुलिस टीम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय रहीमाबाद में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। छात्राओं को कानून संबंधी जानकारी दी गई। आत्मरक्षा के उपाया भी बताए गए। हेल्पलाइन संबंधी नंबरों आदि के विषयों में विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या गांव की महिलाएं भी मौजूद रहीं।

# नहर पटरी कटने से बसेती गांव जलमग्न

## गांव के घरों में घुसा पानी, ग्रामीणों का घर से निकलकर बाहर तक जाना हुआ मुश्किल


लोगों के घरों तक पहुंचा नहर कटान का पानी। अमृत विचार


नहर की पटरी के कटान के चलते खेतों में भरा पानी।


नहर कटान के पानी में मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, इमलिया सुल्तानपुर सीतापुर

**अमृत विचार:** ऐलिया ब्लॉक के बसेती गांव में रजबहा (नहर) कट जाने से गांव का अधिकांश हिस्सा पानी में जलमग्न हो गया। इसके साथ ही किसानों की फसलें भी पानी में डूब गईं। ऐसे में गांव में अफरा-तफरी का माहौल है। लोगों के घरों में पानी भर जाने से उन्होंने अपनी गृहस्थी के सामान को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया है। वहीं परेशाना लोगों ने प्रशासन से मदद व समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है।

**मुसीबत**

▸▸ **गृहस्थी के सामान को ग्रामीणों ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया**

लखीमपुर जनपद स्थित कस्ता से शारदा सहायक नहर से निकली रजबहा (नहर) ऐलिया ब्लॉक क्षेत्र के बसेती गांव से होकर निकली है। अचानक नहर पटरी कट गई। बसेती गांव के अधिकांश हिस्से में पानी भर गया। निचले हिस्से में बने लोगों के घरों के भीतर भी पानी पहुंच गया है। ग्रामीणों के मुताबिक, नहर की पटरी कमजोर है, इससे पहले भी एक वर्ष पूर्व कट चुकी है। ऐसे में रात के अंधेरे में पानी का रिसना शुरू हुआ। दिन बढ़ने पर सैलाब सा आ गया।

गांव के भीतर और बाहर रास्तों पर पानी आ गया है। कई घरों में पानी भर गया है। ऐसे में गांव के कई लोगों ने अपनी गृहस्थी के सामान को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया है। लोगों के घरों के बाहर बने शौचालय भी पानी में डूब गए हैं, जिससे लोगों को शौंच तक जाना मुश्किल हो रहा है। इसके साथ ही कटान के पानी ने लोगों की कई बीघा धान व गन्ने की फसलों को भी अपने चपेट में ले लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि कटान होने के बाद से पानी गांव की तरफ चल रहा है। रजबहा (नहर) की सफाई न होने के चलते उसमें झाड़ी उगी खड़ी हुई हैं। पटरी कमजोर होने की वजह से वहीं से रजबहा में बार- बार कटान हो जाती है।

> नहर की पटरी के कटान की जानकारी मिली है, विभागीय टीम को भेजा गया है। नहर विभाग की टीम भी मौके पर जाकर कटी हुए रजबहे को दुरुस्त करा रही है। जिससे लोगों को जल्द–से–जल्द राहत दिलाई जा सके।
>
> –अभिनव यादव, उपजिलाधिकारी, सदर।

### पेड़ों की होगी छंटाई, कल बाधित रहेगी हरगांव की विद्युत आपूर्ति

**संवाददाता हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार :** हरगांव से लहरपुर 33 के बी की हाईटेंशन लाइन पर पेड़ों की शाखाएं आएदिन गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। जिससे उपभोक्ताओं को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इन शाखाओं की कटाई– छटाई होनी है, इसलिए विद्युत विभाग लहरपुर और हरगांव लाइन पर पड़ने वाले पेड़ों की कटाई व छटाई का कार्य 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक करवाने जा रहा है। वहीं एसडीओ विद्युत विभाग हरगांव विनय वर्मा ने बताया कि सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक हरगांव क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### 16 हरे–भरे पेड़ों पर चला आरा

**सीतापुर, अमृत विचार:** बिसवां वन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा मानपुर के अलग-अलग मजरों में लगे पाकड़, गूलर, नीम सहित 6 हरे- भरे प्रतिबंधित पेड़ों को कटवा लिया गया। ऐसे में वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े किये जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि इससे पूर्व भी हरियाली पर आरा चला था। इसके बावजूद विभाग की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

## सार-संक्षेप

### चुनाव चिन्हों का हुआ आवंटन, कल होगा चुनाव

**संवाददाता हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति हरगांव में प्रबंध समिति के हो रहे चुनाव में नाम वापसी के बाद 11 जगह डेलीगेट पद के लिए होने वाले चुनाव के प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। समिति के सचिव आनंद प्रकाश दुबे ने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र संख्या 1–कचनार के ग्राम बेलगंवा में तीन प्रत्याशी, निर्वाचन क्षेत्र संख्या –2 करस्ता के ग्राम खड़ेहरा में चार प्रत्याशी,निर्वाचन क्षेत्र संख्या –3 गुरधपा के ग्राम कुसमा में तीन प्रत्याशी, निर्वाचन क्षेत्र संख्या –5 ढखवा के ग्राम बनिका खास में चार प्रत्याशी, निर्वाचन क्षेत्र संख्या–6नवीनगर के ग्राम अमितिया में 5, ग्राम मूड़ीखेरा में 4, ग्राम रंवासी में 5 व ग्राम वजीरपुर में 4 प्रत्याशी, निर्वाचन क्षेत्र संख्या 8 महादेव अटरा के ग्राम जगमालपुर में 3, ग्राम नमुवापुर में 3 व महुआताल में 5 प्रत्याशी होने के कारण डेलीगेट का चुनाव 3 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 4बजे तक समिति कार्यालय परिसर में बने मतदान केन्द्रों पर वोट पड़ेंगे। जिसके बाद मतगणना कर चुनाव परिणाम घोषित किया जायेगा। सोमवार को चुनाव प्रक्रिया के तहत प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन कर दिया गया है।

### एथलेटिक्स में परसेण्डी की टीम रही अव्वल

**संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** शहर के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में जनपदीय बेसिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही द्वारा किया गया। इसके बाद विभाग का ध्वज फहराकर प्रतिभागियो ने मार्चपास्ट कर कारागार राज्य मंत्री को सलामी दी। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं भी दी। पिछले दिवसों से चल रही कबड्डी, योग, खो–खो एवं एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को जिलाधिकारी अभिषेक आन्नद द्वारा समापन अवसर पर पुरस्कृत किया गया। विकास खण्ड परसेण्डी ने प्रथम एवं बिसवां ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, इन्हें डीएम द्वारा शील्ड प्रदान की गयी। इस अवसर पर प्रमोद दीक्षित, मो. जुनेद, राजकुमार मौर्य, चन्द्रभूषन, शकील अहमद, जुल्फिकार, शैलेन्द्र राठौर, रजनीश, धीरेन्द्र, सन्तोष, देश दीपक, आशीष, पंकज, अजीत सहित अन्य मौजूद रहे।


प्रतियोगिता के आयोजन में पहुंचे कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही।

### जागरूकता के प्रसार के लिए वाहन को किया रवाना



जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते नगर विकास राज्यमंत्री।

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** श्रीअन्न के आच्छादन तथा उत्पादन को बढ़ाए जाने के लिये एक दिवसीय मिलेट्स गोष्ठी का आयोजन कृषि भवन में किया गया। जागरूकता के प्रसार के लिए मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने हरी झण्डी दिखाकर वाहन को रवाना किया। इस दौरान जिलाधिकारी भी मौजूद रहे। नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का आरंभ किया। कार्यक्रम में शामिल कृषि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के विषय में कृषकों को जानकारी प्रदान की गई। मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम के तहत व्यंजन विकास प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें जनपद से कुल 16 प्रतिभागियों द्वारा मिलेट्स के विभिन्न जैसे बाजरे की खिचड़ी, कोदो की खीर, रागी के लडडू, बाजरे की पकौड़ी आदि तैयार कर निर्णायक मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम पुरूस्कार ओजोन फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी, द्वितीय पुरूस्कार कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया तथा तृतीय पुरूस्कार राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं को प्रदान किया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद सहित अन्य मौजूद रहे।

### स्वच्छता पखवाड़ाः लोगों को दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों को दवाएं वितरित की गईं। साथ ही चिकित्सकों ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां भी साझा कीं। महमूदाबाद संवाददाता के अनुसार टीबी मुक्त भारत संकल्प के तहत सीएचसी महमूदाबाद में 25 टीबी के मरीजों को चिकित्सकों व स्टाफ द्वारा पोषण पोटली का वितरण किया गया। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष वर्मा ने स्वास्थ्य संबंधी समस्या पर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर सुझाए और कस्बे सम्मानित लोगों से क्षय रोगियों को गोद लेना की अपील की। बिसवां संवाददाता के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां के चिकित्सकों ने 50 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पूरी तरह स्वस्थ करने की पहल की है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित कपूर ने अन्य जानकारियां भी साझा कीं। सांडा संवाददाता के अनुसार, सीएचसी सांडा में 70 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। पोटली में प्रोटीन पाउडर, सोयावीन, चना, मूंगफली, लाई, इलाइची दाना सामग्री दी गई। अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर भी आयोजन किया गया।

### संदना में मिली कोलकाता की युवती, ग्रामीणों ने आश्रम घेरा

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** लखनऊ जनपद के मलिहाबाद थानाक्षेत्र की सीमा के करीब कोलकाता की युवती मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का आरोप एक आश्रम में युवती को बंधक बनाए जाने का है। इसी अफवाह के बाद आधा दर्जन से अधिक गांव के लोगों ने आश्रम घेर लिया। जिस पर छह थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और बलपूर्वक ग्रामीणों को खदेड़ा, ऐसे में कुछ लोग चोटिल हुए हैं। संदना थाना क्षेत्र के हिंडौरा गांव में पुलिस बल तैनात है। सीतापुर जनपद के संदना थाना क्षेत्र का हिंडौरा गांव पड़ोसी जनपद लखनऊ के मलिहाबाद थाना क्षेत्र की सीमा के करीब है। ग्रामीण दीपेंद्र, नारायण, मुल्लू, मनोज मौर्य, हिमांशु शुक्ला, सोनू अवस्थी, मोनू अवस्थी, सूरज मौर्य, पकंज मौर्य आदि के मुताबिक, एक आश्रम से कोलकाता की युवती भागकर दूसरे गांव लक्ष्मणपुर पहुंची थी। जब गांव वालों को पता चला तो बड़ी संख्या में लोग पड़ोसी गांव पहुंच गए, जहां युवती ने बताया कि वो कोलकाता से आई है। वहीं ग्रामीणों का दावा है कि युवती का कहना था कि उसे बंधक बनाया गया है। युवती को लेकर हन्नी खेड़ा निवासी कमलेश व कुछ अन्य लोग आश्रम पहुंच गए। आरोप है कि वहां पर कमलेश की पिटाई हो गई। इसी के बाद विवाद ने तूल पकड़ लिया। फिर भगवानपुर, रिक्खीपुर, रंगोइया, पटोवा–पटोइया, राजपुर और हन्नीखेड़ा गांव के कई सैकड़ा ग्रामीण इकट्ठा हो गए। भीड़ बढ़ती देख मिश्रिख, संदना, कमलापुर, सिधौली, अटरिया और मछरेहटा थानों की पुलिस फोर्स हिंडौरा गांव पहुंचीं। ग्रामीणों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। ग्रामीणों का दावा है कि कुछ लोग चोटिल भी हुए हैं। ग्रामीणों का ये भी कहना है कि इधर, कुछ माह से गैर सूबों से भी महिलाओं की आवाजाही गांव के बाहर बढ़ गई है। चार दिन पूर्व एक युवती की सड़ी–गली लाश मिली थी। उस मामले को भी दबा दिया गया। उधर, सीओ मिश्रिख दीपक कुमार का कहना है कि चार दिन पूर्व एक कंकाल मिला था, ग्रामीण उस घटना को आश्रम से जोड़ रहे हैं। फिलहाल मामला अफवाहों के चलते गंभीर हो गया था, इसलिए भीड़ को हटाकर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, जबकि स्थितियां सामान्य हैं।

# पितृ विसर्जनी अमावस्या आज, श्रद्धालु करेंगे विसर्जन

संवाददाता नैमिषारण्य, सीतापुर

**अमृत विचार:** वैसे तो हर अमावस्या प्रत्येक पितृ संबंधी कार्यों के लिए अक्षय फल देने वाली बताई गई है, लेकिन पितृपक्ष अंतर्गत आश्विन मास की अमावस्या पितरों के लिए परम फलदायी कही जाती है। इस अमावस्या को सर्व पितृ विसर्जनी अमावस्या अथवा महालया के नाम से भी जाना जाता है। बुधवार को पितृ विसर्जनी अमावस्या है।

मान्यता है कि सर्वपितृ अमावस्या के दिन पितर अपने वंशजों के घर हवा के रूप में श्राद्ध लेने आते हैं। इस कारण सर्वपितृ अमावस्या पर जल, तिल, जौ, कुशा और फूल से उनका श्राद्ध करें। फिर गाय, कुत्ते, कौवे और चीटियों के लिए खाना निकालकर ब्राह्मण भोजन करवाएं। इससे पितृ ऋण से मुक्ति मिलती है।

**सर्वपितृ अमावस्या पर करें इन चीजों का दान :** सर्वपितृ अमावस्या के दिन श्राद्ध करने पर तिल दान करना बहुत जरूरी होता है। काले तिलों का दान करने से पितृ शांत होते हैं। श्राद्ध का संपूर्ण कार्य पितरों को मिलता है। संतुष्ट हुए पितर हमारे जीवन को खुशहाल बनाते हैं। श्राद्ध के कामों में घी और दूध का दान भी बहुत उत्तम माना गया है। श्राद्ध के दिन पर अनाज का दान करना भी शुभ होता है। श्राद्ध के समय फलों को 16 दिनों तक मौसम के अनुरूप पितरों के लिए दान करना चाहिए।


नैमिषारण्य स्थित चक्रतीर्थ में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

▸▸ **काले तिलों का दान करने से शांत होते हैं पितृ**

### अमावस्या पर श्रद्धालु करें ये कार्य

इस अमावस्या प्रात :काल समय गोमती नदी, चक्रतीर्थ में स्नान करना चाहिए, यदि संभव न हो तो सामान्य रुप से घर पर ही स्नान करना चाहिए। इसके बाद पितरों को अर्घ्य देना चाहिए। आश्विन अमावस्या के दिन पितरों का पूजन करना चाहिए। आश्विन अमावस्या के दिन उन पितृों का भी श्राद्ध किया जा सकता है जिनकी तिथि याद न हो, इसलिए इसे सर्वपितृ श्राद्ध कहा जाता है।

# जाम के झाम से जूझ रहे महमूदाबाद कस्बावासी

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** कस्बे के मुख्य मार्गो पर भीषण जाम लगता है। ऐसे में आमजन को रोजाना समस्याओं से दो चार होना पड़ा रहा है। बड़ी दिक्कत छात्र-छात्राओं और प्रतिदिन यात्रा करने वाले लोगों को है।

मंगलवार को कस्बा और आसपास मुख्य सड़कों पर जाम देखने को मिला। करीब सवा लाख की आबादी वाले नगर पालिका परिषद क्षेत्र में बड़ी संख्या में इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज, पालीटेक्निक, बालिका इंटर कॉलेज सहित प्राइमरी पाठशाला भी हैं। रोजाना घर से निकलकर पढ़ाई करने वालों की संख्या हजार से कहीं अधिक है। बड़ी संख्या में बैंकों के बावजूद पार्किंग स्थल नहीं हैं। बस स्टाप से सिधौली मार्ग डग्गामार वाहनों की भरमार है। हालांकि नगर पालिका ने सड़क के दोनों ओर इंटरलॉकिंग लगवाई है। लेकिन सड़क के इर्द-गिर्द अतिक्रमण हावी है। सीएचसी अधीक्षक आशीष वर्मा ने बताया कि अतिक्रमण की सीओ महमूदाबाद दिनेश शुक्ल से शिकायत की थी। लेकिन अतिक्रमण हट नहीं सका है।

वहीं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मो. अहमद ने कहा कि नगर पालिका परिषद पहले भी कई बार अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला चुकी है। स्टैंड के प्वाइंट चिह्नित कर लिए गए हैं। जल्द ही जाम न लगने के लिए जो भी बन पड़ेगा किया जाएगा।


जाम में फंसीं ई–रिक्शा सवार छात्राएं।

**आयोजन** एबीवीपी की नगर इकाई द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल पूर्व उप मुख्यमंत्री ने छात्रों को किया प्रोत्साहित

# बिना लक्ष्य तय किए छात्र किसी मुकाम पर नहीं पहुंच सकते : डॉ. दिनेश

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** छात्रों को सदैव अपना लक्ष्य तय करके उसको पूरा करने के लिये उसके पीछे लग जाना चाहिए। बिना लक्ष्य तय किए छात्र किसी मुकाम पर नहीं पहुंच सकते हैं। यह बातें राज्यसभा सांसद और पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने मां संकटा देवी धाम में एबीवीपी की बिसवां जिले की महमूदाबाद नगर इकाई द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जब छोटे थे, तब उन्होंने वैज्ञानिक बनकर देश सेवा करने का सपना देखा, जिसे उन्होंने पूरा किया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करता रहा है। प्रतिभा सम्मान समारोह में हाईस्कूल की यूपी टॉपर प्राची निगम, इंटरमीडिएट के यूपी टॉपर शुभम वर्मा सहित 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यालयों से आए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक आशा मौर्या, कार्यक्रमाध्यक्ष आरके वाजपेयी, प्रांत अध्यक्ष नीतू सिंह ने मां सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द, अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। यहां संगठन मंत्री अजय शुक्ल, प्रांत प्रमुख रुपेश अवस्थी, सदस्य प्रांशु शुक्ल, विभाग संयोजक अमन अवस्थी, संगठन मंत्री कुलदीप गुप्त, संयोजक वैष्णवी परमार रहीं।


मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देतीं विधायक महमूदाबाद। अमृत विचार

### देश में विकास की संभावनाएं अधिकः अभिषेक

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सेक्रेड हार्ट इंटर कॉलेज के पुरा छात्रों के संगठन ओशा (ओल्ड सेक्रेड हार्टियंस एसोसिएशन) द्वारा सेक्रेड हार्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल के सभागार में सत्र 2023–24 के कक्षा 10 एवं 12 के मेधावी छात्र–छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यहां जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि भारत एक विकासशील देश है और यहां प्रत्येक क्षेत्र में विकास की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। वहीं प्रधानाचार्य फादर क्लौडीयस डी अलमेदा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान हाईस्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्रा सर्वज्ञ कुमार यादव, अतिशय श्रीवास्तव, नविका श्रीवास्तव, श्रती पाण्डेय, सोहम शुक्ला, अद्या बाजपेयी, मोहन प्रताप सिंह, रिद्धी द्विवेदी, अद्या पाण्डेय को सम्मानित किया गया। इसी तरह इण्टरमीडिएट के छात्र/छात्राओं में देव केजरीवाल, एश्वर्य किशोर, श्रेया बाजपेयी, अक्षत सिन्हा, सौम्या गुप्ता, अक्षय श्रीवास्तव, व्यापक महावर, अराध्या भार्गव एवं उनके अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह दिया गया। यहां उपप्रधानाचार्य फादर लारेंस जोईल, ओशा के अध्यक्ष पियूष श्रीवास्तव, संजीव मेहरोत्रा, हरीश रस्तोगी, निशीत रस्तोगी, यशवंत सिंह, यतीश गुप्ता, प्रियदर्शन मेहरोत्रा, सीमा जोहरी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण और अभिभावकगण उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित डीएम व अतिथि।

# 200 से अधिक स्थानों पर स्थापित होंगी देवी प्रतिमाएं

**नवरात्र कल से**

- श्रद्धालु आज पितरों के निमित्त दान देकर उन्हें करेंगे विदा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** पितृपक्ष बुधवार को समाप्त हो जाएगा। श्रद्धालु पितरों को विदाई देंगे। अगले दिन यानी गुरुवार से शारदीय नवरात्र की धूम पूरे जिले में मचेगी। जिलेभर में 200 से अधिक देवी प्रतिमाओं की पंडालों में स्थापना की जाएगी। वहीं जिले भर में रामलीला का नाट्य मंचन भी शुरू हो जाएगा।

पितृ पक्ष के 15 दिनों में लोगों ने अपने पूर्वजों की याद में तर्पण और श्राद्ध कर उनसे परिवार की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। गुरुवार से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी। पिछले कई दिनों से जिले भर के सभी देवी मंदिरों में आकर्षक सजावट की जा रही है। वहीं नवरात्रि को लेकर बाजारों में भी पूजन सामग्री की दुकानें सज गयी हैं। वहीं कलाकार दुर्गा प्रतिमाओं की साज-सज्जा में तेजी से जुट गए हैं। नवरात्र को लेकर कल से जिले भर में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-विधि-विधान से होगी। इससे पहले मुहूर्त समय पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं 200 से अधिक पूजा पंडालों में स्थापित होंगी।



शहर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की सजावट करता कलाकार। अमृत विचार

### 50 से अधिक स्थानों पर रामलीला कल से

गुरुवार से जिले भर में रामलीला की धूम मचेगी। 50 से अधिक स्थानों पर रामलीला का मंचन होगा। शहर के दशहराबाग स्थित रामलीला मैदान में भी रामलीला का मंचन शुरू होगा। इसके अलावा दंगल आदि का भी आयोजन होगा। फतेहपुर के पचघरा स्थित बाबा संगत के परिसर में भी कल से रामलीला का मंचन शुरू होगा। नवमी व दशमी को मैदानी रामलीला होगी। इसी तरह रामनगर, रामसनेहीघाट, हैदरगढ़ और सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्रों में भी रामलीला का मंचन कल से शुरू होने की तैयारी की गई है।



मंच पर प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

### कोठी में नारद मोह के मंचन के साथ रामलीला शुरू

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोठी में रामलीला मंचन के पहले दिन हनुमान जन्म एवं नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। अयोध्या से आए बजरंग विजय आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों ने अपने अभिनय से रामलीला परिसर में मौजूद हजारों दर्शकों का मन मोह लिया। लीला मंचन से पूर्व रामलीला कमेटी के सभी सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा रामलीला कोठी के सामने स्थित श्री राम भक्त हनुमान मंदिर पर आरती व उसके बाद सरस्वती वंदना की गई। रामलीला कमेटी के प्रबंधक पुरुषोत्तम नारायण अग्रवाल, व्यवस्थापक राजेश अग्रवाल, सूर्यकांत अग्रवाल, गणेश अग्रवाल, गोपाल कृष्ण, महेश, उदय नारायण, रामू, विनय, आशीष, श्याम, माधव, उमेश, अनिल एवं कमेटी के सभी सदस्य मंचन की व्यवस्थाओं में लगे रहे।

## एक नजर

### घर में छिपे सर्प के डसने से महिला की मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र में एक महिला की मंगलवार को सर्पदंश से मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सकौली की रहने वाली दयावती पत्नी दयाराम घर में कोई चीज तलाश रही थी। इसी बीच उसे सांप ने डस लिया। परिजन उपचार के लिए उसे लेकर सीएचसी गए। जहां से महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### धोखाधड़ी मामले का एक आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने एक वांछित को गिरफ्तार किया। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा धोखाधड़ी में वांछित इश्तियाक अहमद उर्फ राजमियां को गिरफ्तार किया गया।

### 19 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना बड्डूपुर पुलिस ने 19 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रामचन्दर उर्फ चन्द्र कुमार निवासी ग्राम कबरा थाना रामपुर कला सीतापुर, कमलेश पुत्र शिवबर निवासी ग्राम बल्दापुर थाना वेनीगंज हरदोई को गिरफ्तार कर इनके पास से 19 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

### हाईटेंशन लाइन के करंट से युवक झुलसा

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के शिवनाम गांव में छत के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने निजी अस्पताल में उसे भर्ती कराया है। लोनीकटरा थाना क्षेत्र के शिवनाम गांव निवासी सत्यम (25) पुत्र देवेन्द्र विश्वकर्मा मंगलवार की शाम भोलागंज मजरे शिवनाम में वीरेंद्र गुप्ता की छत पर टिन शेड लगा रहा था, तभी ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### दो पिस्टल, तमंचा समेत तीन शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना अलग-अलग थानों की पुलिस ने तीन शातिरों को पिस्टल व तमंचा के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाली नगर पुलिस टीम ने मोहम्मद अमान को 32 बोर की पिस्टल, दो जिन्दा कारतूस के साथ, ऋषि वर्मा निवासी चन्दौली थाना जहांगीराबाद को एक पिस्टल, दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने अनिल चौहान निवासी ग्राम करीमाबाद थाना फतेहपुर को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

# एसआई समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

## नो एंट्री के बावजूद नगर में घुसे ट्रक की टक्कर से हुई थी किशोरी की मौत

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

**कार्रवाई**

- सोमवार की रात झंडा जुलूस देखकर लौट रही थी किशोरी
- घटना से आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन कर की थी कार्रवाई की मांग



फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** नो एंट्री के बावजूद सोमवार की रात जुलूस वाले मार्ग से गुजर रहे एक ट्रक की टक्कर से किशोरी की मौत हो गयी थी। घटना से आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन कर थाने का घेराव किया था। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को शांत कराया था। हादसे का जिम्मेदार मानते हुए मंगलवार को एसपी ने एसआई के अलावा तीन अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

जनपद सीतापुर के थाना रामपुर मथुरा ग्राम नटनीय निवासी मोहम्मद इश्तियाक करीब 3 माह से कस्बा रामनगर निवासी रहीम ठेकेदार के घर में परिवार सहित किराये पर रहता है। सोमवार की रात बारह रबी उल अव्वल के चलते झंडा जुलूस निकाला गया था। इस दौरान कस्बे में जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसकी वजह से बदोसरांय की ओर से व रामनगर तिराहा से नगर के अंदर आने वाले वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसी बीच, इश्तियाक की पुत्री शमा झंडा जुलूस देखकर अपने घर जा रही थी। उपाध्याय मोड़ के पास बदोसरांय की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी।

दुर्घटना में किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर ट्रक कब्जे में ले लिया। वहीं पीड़ित की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर जांच की जा रही।

उधर घटना की जानकारी होते ही रात में धीरे-धीरे काफी संख्या में कोतवाली के सामने लोग पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा, सीओ फतेहपुर जगतराम कनौजिया, एसडीएम पवन कुमार ने घटनास्थल पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर वापस भेजा। उधर मंगलवार को इस घटना में लापरवाही सामने आने के बाद सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह राठौर, सिपाही जयचंद, ओमप्रकाश व दिनेश पाल को निलंबित कर दिया गया। हादसे के मद्देनजर मंगलवार को होने वाला मुशायरा टाल दिया गया है।

### ट्रैक पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में रेल पटरी पार करने के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आरपीएफ ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। नगर कोतवाली क्षेत्र में मालगोदाम साइडिंग के पास मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे रेल पटरी पार करने के दौरान एक महिला मालगाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल महिला की पहचान रश्मि यादव (22) पत्नी प्रेम प्रकाश निवासी रामनगर के रूप में की गई है।

### मारपीट के दोषी सगे भाइयों को तीन वर्ष की सश्रम कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने गंभीर मारपीट की घटना में 2 सगे भाइयों को 3-3 वर्ष सश्रम कारावास व 13-13 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

थाना घुंघटेर पर गंभीर मारपीट की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत प्रकरण से सम्बन्धित अभियुक्त रामकिशोर उर्फ कल्लू व छोटा पुत्र बोधे निवासी गड़िया को न्यायालय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-2 ने दोषसिद्ध करते हुए 3-3 वर्ष सश्रम कारावास व 13-13 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। वादी सोहन लाल ने दोनों आरोपियों पर गंभीर मारपीट का आरोप लगाया था।

# सद्भाव से मनायें पर्व : डीएम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार।

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सभागार में शारदीय नवरात्र व दशहरा पर्व के दृष्टिगत मंगलवार को बैठक हुई।

बैठक में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने धर्मगुरुओं व सम्भ्रान्त व्यक्तियों से आगामी त्योहारों को सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व हमारे जीवन में खुशियां लाते हैं। पर्वों को सामाजिक एवं धार्मिक एकता के साथ शान्तिपूर्वक सभी लोगों को मनाना चाहिए। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक तथा साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने वाली पोस्ट न करने की भी अपील की गई।

कलेक्ट्रेट सभागर में आयोजित बैठक में डीएम-एसपी ने नवरात्र व दशहरा मेले के दृष्टिगत पुलिस बल की सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों का संचालन सुनिश्चित करने व यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश दिए। इस दौरान जनपद के समस्त प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# पर्वों के कारण इस माह 8 दिन बंद रहेंगे बैंक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आज से खत्म हो रहे पितृ पक्ष के साथ ही कल से त्योहार का समय शुरू हो रहा है। अक्टूबर में गांधी जयंती से लेकर दीपावली तक आठ छुट्टियां होने से बैंकों में अवकाश रहेगा।

इस महीने में शारदीय नवरात्र, दशहरा और दीपावली की छुट्टियां रहेंगी। दरअसल अक्टूबर में बैंकों में आठ दिन अवकाश रहेगा। ऐसे में आपका बैंक से जुड़ा कोई काम है, तो इसको पहले ही निपटा लें या फिर बैंकों की छुट्टियों की सूची देखकर ही जाएं। एलडीएम विवेक कुमार ने बताया कि आरबीआई द्वारा जारी सारिणी के अनुसार इस माह आठ दिन बैंकों में अवकाश रहेगा।

**इन तिथियों में बैंकों में रहेगा अवकाश**

| | |
|---|---|
| 2 अक्टूबर | गांधी जयंती |
| 6 अक्टूबर | रविवार |
| 12 अक्टूबर | विजयदशमी |
| 13 अक्टूबर | रविवार |
| 20 अक्टूबर | रविवार |
| 26 अक्टूबर | चौथा शनिवार |
| 27 अक्टूबर | रविवार |
| 31 अक्टूबर | सरदार पटेल जयंती व दीपावली |

## सार-संक्षेप

### अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा मांगों का ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं द्वारा एसडीएम राम आसरे वर्मा को ज्ञापन देते हुए मांग की गई कि तहसील बार का चुनाव उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ में लंबित रहने के कारण विगत छह साल से नहीं हुआ है। किंतु कुछ अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा मात्र इनिशियल हस्ताक्षर से न्यायालयों को कार्य बहिष्कार प्रस्ताव भेजा जाता है। जिसे न्यायालयों द्वारा स्वीकार भी कर लिया जाता है। इससे वादकारियों का अहित हो रहा है। अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा भेजे गए कार्य बहिष्कार प्रस्ताव पर रोक लगाने के लिए उच्च न्यायालय के आदेश का पालन किया जाए। इस मौके पर अजय सिंह, दीपक कुमार, वीपी सिंह, राजेश कुमार शुक्ला, श्रीकृष्ण वर्मा, सुनील कुमार, संजय कुमार मिश्रा, उमा पति तिवारी, दुर्गा प्रसाद तिवारी, प्रमोद कुमार सिंह, अनुराग वर्मा और राकेश सोनकर सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### उप निरीक्षक को हिंदी टाइपिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान



प्रशस्ति-पत्र देकर उप निरीक्षक को सम्मानित करते अधिकारी। अमृत विचार

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** सीआरपीएफ लखनऊ में सहायक उप निरीक्षक के पद पर तैनात सतरिख कस्बे के कायस्थाना मोहल्ला निवासी आशीष श्रीवास्तव ने हिंदी टंकण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए उपमहानिरीक्षक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल लखनऊ चितरंजन ने आशीष को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया है। इस प्रतियोगिता में कई लोगों ने हिस्सा लिया था। इसमें आशीष को प्रथम स्थान मिला। आशीष के पिता राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव डीएम कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत हुए हैं।

### अधिवक्ता सुमन बने बिजली कर्मचारी संघ के संरक्षक



**बाराबंकी, अमृत विचार :** बिजली कर्मचारी संघ ने अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन को अपना संरक्षक मनोनीत किया है और विधिक सलाह देने के लिए नियुक्त किया है। रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि बिजली कर्मचारी संघ संविदा कर्मियों व अन्य विद्युत कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर शासन व शक्ति भवन स्तर पर बातचीत कर रहा है। यदि वेतन भुगतान का समाधान नहीं होता है, तो आठ अक्तूबर से संघ आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेगा।

### सियासत में धर्म से ज्यादा खतरनाक है जातिवाद : राईन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सियासत में धर्म से भी ज्यादा खतरनाक और असरकारक फार्मूला है जातिवाद या वर्गवाद। ये बातें ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने एक बयान में कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा का पसमांदा मुसलमानों से हमदर्दी वाला शिगूफा इसलिये क्योंकि भाजपा जहां अन्य पिछड़े दलितों को अपने राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला संगठन, केन्द्र और राज्य सरकारों में हिस्सेदारी दे रही है। वहीं पसमांदा को उनकी आबादी के अनुपात में अल्पसंख्यक मोर्चा छोड़ अन्य संगठनों में नजरअंदाज कर रही है।

### 31वें दिन भी जारी रहा जमाकर्ताओं का धरना

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ठगी पीड़ित जमाकर्ताओं का गन्ना कार्यालय परिसर में धरना मंगलवार को 31वें दिन भी जा रहा। धरना स्थल पर संगठन के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर ने कहा कि संगठन की मांग है कि प्रत्येक निवेशक की जमा राशि का दो से तीन गुना 180 कार्यदिवस में भुगतान किया जाए, निर्दोष एजेन्ट को सुरक्षा, सम्मान, रोजगार और पुर्नवास का अधिकार दिया जाए। इस आंदोलन में जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष कमाल अहमद, नवाबगंज तहसील अध्यक्ष रामचंद्र, विवेक कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उपेक्षा




बुधवार को पूरे जिले में उत्साह के साथ गांधी जयंती मनायी जाएगी। जयंती के एक दिन पूर्व गन्ना कार्यालय पर स्थित राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर चढ़ी बासी फूल की माला उपेक्षा बयां कर रही है। यह तब है जब अपनी मांगों को लेकर आंदोलनकारी इसी परिसर में धरना-प्रदर्शन व सत्याग्रह करते हैं पर अफसोस यह है कि उनकी नजर भी इस बासी माला पर नहीं पड़ी। • सुभाष मिश्रा

### मंदिर में गंदा पानी देखकर भड़के विहिप प्रचार प्रमुख

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ से बाराबंकी में सैलानी माता मंदिर के दर्शन के लिए जाते समय सतरिख रोड मंदिर मोड़ पर हनुमानजी के मंदिर परिसर में नाले का गंदा पानी देखकर विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख नृपेंद्र विक्रम सिंह भड़क गए। स्थानीय लोगों से पूछने पर जानकारी मिली कि गंदा पानी पिछले काफी समय से ब्लॉक एवं पंचायत के अधिकारियों की लापरवाही के कारण भरा हुआ है। प्रांत प्रचार प्रमुख ने डीएम से फोन पर बात की। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। विहिप बाराबंकी जिला सह प्रचार प्रसार प्रमुख जसवंत सिंह यादव की मौजूदगी में अधिकारियों ने समस्या का निराकरण करवाया।

# हादसों में अधेड़ समेत दो की मौत




कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मंगलवार को हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक अधेड़ समेत दो लोगों की मौत हो गई। संबंधित थानों की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम अमौली कला के रहने वाले दीनानाथ (50) पितृ पक्ष के चलते श्राद्ध भोज करने अपनी ननिहाल ग्राम बहलोलपुर गए हुए थे। वहां से बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। शाम करीब 5 बजे वह रामनगर-बदोसरांय मार्ग पर भरसवां मोड़ के पास पहुंचे थे कि तेज गति से जा रहे एक ट्रक ने उन्हे रौंद दिया। गंभीर दशा में उन्हें सीएचसी ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना नगर कोतवाली क्षेत्र में पल्हरी चौराहे के पास हुई। सोमवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक 40 वर्षीय युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। लोगों की सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से शिनाख्त के प्रयास में जुटी है।

### दुर्घटना में किशोर की मौत, युवक गंभीर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार की रात सड़क पार कर रहे जानवर से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे किशोर की मौत हो गई, जबकि उसके बहनोई की हालत गंभीर बनी हुई है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम बख्शीपुरवा निवासी बृजेश कुमार गौतम (18) पुत्र पुतान निवासी ग्राम नौबस्ता मजरे बैरानामऊ बहनोई पवन के साथ बाइक से सूरतगंज से घर जा रहा था। तभी कुरैलवा बैरानामऊ मार्ग पर पुल के पास अचानक जानवर सड़क पार करने लगा। बाइक जानवर से जा टकराई। घायलों को सीएचसी पहुंचाया जा सका। जहां पर बृजेश को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**गांधी जयंती सप्ताह** — समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रामगोविंद चौधरी ने की कार्यक्रम की शुरुआत

# गांधीवादी राह अपनाने से रुक सकता है संघर्ष

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गांधी जयंती सप्ताह की शुरुआत मंगलवार से हुई। समाजवादियों व गांधीवादियों ने कहा कि वर्तमान वैश्विक संघर्ष के दौर में गांधीवादी राह अपनाने से संघर्ष रुक सकता है। वक्ताओं ने गांधीजी के विचारों को समाज में फैलाने का प्रण लिया।

मंगलवार को गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा आयोजित गांधी जयंती सप्ताह की शुरुआत विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रामगोविंद चौधरी ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की। अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने की। चौधरी ने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों का गांधीजी के विचारों से कोई वास्ता नहीं है। पूर्व कैबिनेट मंत्री गोप ने कहा कि युवा पीढ़ी को महात्मा गांधी के बारे में जानने के लिए गांधी को पढ़ना पड़ेगा। राजनाथ शर्मा ने कहा कि गांधीवादी विचार की प्रासंगिकता आज भी बरकरार है। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष उमैर किदवई, पूर्व विधायक सरवर अली समेत तमाम लोग मौजूद रहे।




गांधी जयंती सप्ताह की शुरुआत करते सपा के राष्ट्रीय सचिव रामगोविंद चौधरी।

### कवि सम्मेलन और मुशायरा आज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गांधी जयंती समारोह ट्रस्ट द्वारा कवि सम्मेलन एवं मुशायरा 2 अक्तूबर को शाम 5 बजे गांधी भवन में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली 25 विभूतियों को सामाजिक सहभागिता सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम अध्यक्ष मो. उमैर किदवई ने दी। श्री किदवई ने बताया कि 2 अक्टूबर की सुबह 8 बजे गांधी भवन से पटेल प्रतिमा तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। उसके बाद बच्चों द्वारा गांधी भजन का आयोजन होगा।

# बच्चों की पैदल तेज चाल प्रतियोगिता आज

**गांधी जयंती**

- बैठक में तय की गयी कार्यक्रमों की रूपरेखा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गांधी जंयती पर 2 अक्टूबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। एडीएम अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में गांधी जयन्ती समारोह को लेकर बैठक हुई। और कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी। इसमें बताया गया कि प्रातः 7:00 बजे स्टेडियम में 5 किमी बच्चों की पैदल तेज चाल प्रतियोगिता होगी। सभी सरकारी भवनों पर प्रातः 9:00 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रातः 9:30 बजे गोष्ठी लोक सभागार में होगी। प्रातः 10:00 बजे गांधी उद्यान मोहल्ला रसूलपुर तथा गन्ना संस्थान में महात्मा गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एसडीएम सदर द्वारा होगा। गांधी उद्यान की साज-सज्जा सड़क पर चूना आदि का छिड़काव तथा शहर के सभी पार्कों की सफाई एवं चूने का छिड़काव की व्यवस्था ईओ द्वारा कराई जाएगी। सुबह 10:30 बजे गांधी भवन गांधी जयन्ती ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## एक नजर

### सिपाही की बाइक चोरी एसओ का इनकार

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : लोनीकटरा थाना में तैनात एक सिपाही की बाइक चोरी हो गई। थाने में तैनात एक सिपाही की बाइक मंगलवार की सुबह चोरी हो गई। घटना से पहले सिपाही भोर चार बजे अलादादपुर चौराहे से ड्यूटी कर घर वापस लौटा था। इसके कुछ ही देर बाद घटना घटी। पीड़ित सिपाही ने बताया कि वह रात की ड्यूटी करके वापस आया था। अलादादपुर चौराहे पर गाड़ी खड़ी करके वह किराए के कमरे में चला गया। वापस आकर देखा तो बाइक गायब हो गई थी। थानाध्यक्ष लोनीकटरा दौमित्र सेन रावत ने बताया कि बाइक कोई दोस्त लेकर चला गया होगा, चोरी होने की जानकारी नहीं है।

### सफाई कर्मचारियों को वितरित की गयी किट

निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :ब्लॉक प्रांगण स्थित जनलोक सभागार में मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत ब्लॉक क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों को साफ सफाई किट का वितरण ग्राम पंचायत की ओर से किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सफाई कर्मचारियों और उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं वितरित की गईं। इस मौके पर बीडीओ राकेश श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह एडीओ राजेंद्र प्रसाद, एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी, डॉ. अर्जुन चौधरी भी उपस्थित रहे।

### सड़क से वाहन हटाने को लेकर विवाद

अयोध्या, अमृत विचार। कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज मोहल्ले में ओला इलेक्ट्रिक कम्पनी शोरूम के बगल सड़क किनारे खड़े वाहन को हटवाने को लेकर विवाद हो गया। पीड़ित अभिषेक प्रताप सिंह ने बाप-बेटे समेत तीन को नामजद करते हुए कुल सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# निरीक्षण में सीडीओ को अस्पताल में मिलीं कमियां

## एक्सपायरी डेट की दवाएं मिलने पर फार्मासिस्ट से जतायी नाराजगी, सीएमएस मिलीं अनुपस्थित

संवाददाता, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी



दवाओं का निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अ.सुदन ने मंगलवार को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तमाम कमियां मिलीं। अस्पताल के अंदर अंधेरा मिला। वहीं दवा वितरण केंद्र पर एक्सपायरी डेट की दवा मिली। यहां तक सीएमएस भी नदारद थीं। अवकाश पर होने से संबंधित कोई अभिलेख भी नहीं मिला।

मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अ.सुदन परियोजना निदेशक मनीष कुमार के साथ सौ शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय पहुंचे और अस्पताल द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर एक-एक बिंदु की गहन जांच पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने एंटीनेटर रजिस्टर, पैथोलॉजी रजिस्टर, ओपीडी, एचआरपी आदि आवश्यक रजिस्टरों की जांच पड़ताल की। इसमें तमाम कमियां पाई गई। इसे लेकर उन्होंने फटकार लगाई और सभी अभिलेख अपने साथ ले गए।

पैथोलॉजी के निरीक्षण के दौरान गेट पर सुबह आठ से 12 बजे तक पर्चा जमा करने का समय लिखे होने पर फटकार लगाते हुए कहा कि लगता है 12 बजे तक ही जांच की जाती है। अस्पताल के ऊपरी हिस्से पर जांच के लिए पहुंचे सीडीओ ने अधिकांश जगह अंधेरा देखकर नाराजगी जताते हुए कहा कि अस्पताल को अंधेरे का गढ़ क्यों बना रखा है। दवा वितरण केंद्र पर एक डिब्बे में एक्सपायरी दवा मिलने पर फार्मासिस्ट को कड़ी फटकार लगाई। सीएमएस के अस्पताल में मौजूद न होने पर उनके छुट्टी से संबंधित अभिलेख मांगे जो अस्पताल में मौजूद अधिकारी नहीं दिखा सके। अस्पताल में भर्ती तारापुर निवासी वंदना भारती के तीमारदार द्वारा शिकायत की गई की महिला के पैर का ऑपरेशन बाहर के अस्पताल में कर हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा यहां भर्ती कर इलाज किया गया। इस शिकायत पर सीडीओ ने मरीज से काफी देर तक पूछताछ की और बयान दर्ज किया। इस मौके खण्ड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव, अधीक्षक डॉ. नीरज वर्मा, सीएचसी अधीक्षक डॉ. सन्तोष सिंह सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

# स्वच्छता अपनाने से दूर होंगे रोग : एमएलसी

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी



कार्यक्रम के दौरान मौजूद एमएलसी, डीपीआरओ, बीडीओ व प्रधान समेत सम्मानित लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरोलीकला में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सम्मान एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आगा खान फाउंडेशन एवं पंचायतराज विभाग के संयुक्त प्रयास से किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता ही सेवा पखवारे में गांव, मोहल्ले पंचायत से लेकर ब्लॉक और ब्लॉक से लेकर जिले तक सभी ब्लॉक के पदाधिकारियों ने जो सफाई के प्रति अलख जलाई है, उन्हें सम्मानित करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद सिंह ने मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। कहा कि स्वच्छता अपनान से बीमारियां कम होंगी। इस मौके पर संस्था के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी जयराम पाठक, ज़िला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडेले, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राम आसरे, बीडीओ, एडीओ पंचायत, जिला समन्वयक उद्धव राय सहित खंड प्रेरक तथा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### जहरखुरानी के शिकार युवक ने तोड़ा दम

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : दिल्ली से घर लौटते समय जहरखुरानी का शिकार हुए रोडवेज बस सवार युवक की सोमवार रात लखनऊ के निजी हॉस्पिटल में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया। हैदरगढ़ कोतवाली अंतर्गत लाही गांव निवासी ताराचंद दिल्ली से बस से लौट रहा था। रविवार रात बस में वह जहरखुरानी का शिकार हो गया। चालक ने आलमबाग बस स्टेशन पर सोमवार को उसे उतार दिया। होश आने पर उसने परिजनों को सूचना दी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर में बेड न मिलने पर निजी चिकित्सालय ले जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया।

## सार-संक्षेप

### 10 किमी दौड़ प्रतियोगिता में बबली ने जीता स्वर्ण पदक



विजेता छात्रा को सम्मानित करते प्रबंधक व कर्मचारी। अमृत विचार

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा आरआर पीजी कॉलेज अमेठी में सोमवार को आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता (10किमी) में गोल्ड मेडल हासिल करने वाली बैजनाथ शिव कला पीजी कॉलेज मंगलपुर की छात्रा को मंगलवार को कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गोल्ड मेडल प्राप्त एमएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा बबली वर्मा पुत्री दिनेश कुमार वर्मा रौनी को महाविद्यालय के प्रबंधक इं. रमेश कुमार वर्मा ने नकद धनराशि देकर सम्मानित किया। बधाई देने वालों में पूर्व एमएलसी रामपाल वर्मा, डॉ. अमरेश सिंह, आशुतोष, डॉ. श्याम नारायण मिश्रा, डॉ. कृपांशू शुक्ला सहित महाविद्यालय मे अध्यनरत सभी संकायों के छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारी शामिल थे।उल्लेखनीय है कि अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बैजनाथ शिव कला पीजी कॉलेज मंगलपुर की तरफ से खेल प्रशिक्षक विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय की टीम ने प्रतिभाग किया था।

### बच्चों ने उत्साह के साथ दी मिशन पहचान परीक्षा

बाराबंकी, अमृत विचार : नवाचार मिशन पहचान परीक्षा के दूसरे दिन 20509 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। इस तरह यह दो दिवसीय परीक्षा मंगलवार को सम्पन्न हो गई। परीक्षा के अंतिम दिन भी बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों के अधिगम स्तर के मूल्यांकन के लिए राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में दो दिवसीय मिशन पहचान परीक्षा का आयोजन हुआ। मंगलवार को भी 73 कॉलेजों में हुई मिशन पहचान परीक्षा के दूसरे दिन कक्षा 10 से लेकर 12 तक के पंजीकृत 24174 छात्र, छात्राओं में से 20509 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर हुई इस परीक्षा में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। इस आयोजन को लेकर छात्र, छात्राओं में उत्साह दिखाई दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने जीजीआईसी सतरिख समेत जिले के कई कालेजों का निरीक्षण किया।

### पट्टाधारक के तालाब को बना दिया अमृत सरोवर



तालाब में की जा रही सिंघाड़े की खेती।

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : विकासखंड की ग्राम पंचायत करौंदी कला में पट्टा वाले तालाब को अमृत सरोवर बना दिया गया। इसके लिए पट्टा धारक से अनुमति भी नहीं ली गई। सरोवर में सिंघाड़े की खेती की जा रही है। विकास खंड हरख के करौंदी कलां ग्राम पंचायत में वर्ष 2022-23 में तालाब में शहीद अशफाक उल्ला नाम से अमृतसर सरोवर बनवाया गया है। जबकि सरोवर बनाने के दो वर्ष पहले से 2019 से वर्ष 2029 तक दस वर्ष के लिए इस तालाब का सर्वेश के नाम तहसील नवाबगंज प्रशासन ने पट्टा कर रखा है। इसके बाद भी ब्लॉक के अधिकारियों ने मनरेगा से इसको अमृत सरोवर तालाब बनवा दिया गया है। सिंघड़ा की फसल होने से ग्राम पंचायत के मावेशियो को नहाने के साथ ही पानी पीने को भी नहीं मिल पा रहा है। सरोवर बनाने से पहले सर्वेश से इसकी अनुमति नहीं ली गई। सर्वेश ने बताया की सरोवर का कार्य शुरू कराया गया तो मौके पर पहुंचकर उसने अपने नाम तालाब का पट्टा होने की जानकारी दी थी। इसका राजस्व जमा कर रहे हैं। उसके पास आमदनी का कोई दूसरा जरिया नहीं है। इसलिए सिंघाड़े की खेती कर रहे हैं। बीडीओ प्रीति वर्मा का कहना है तालाब को अमृत सरोवर की कार्य योजना में शामिल करने के लिए राजस्व विभाग से अनुमति ली गई है उसके बाद ही अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया है।

# निकाली गयी जागरूकता रैली

**संचारी रोग नियंत्रण अभियान**

▸▸ जिला पंचायत अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



रैली को हरी झंडी दिखातीं जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर से जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने की। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में आशा बहुएं, सफाई कर्मचारियों सहित जन जागरूकता से सम्बन्धित वाहनों पर बैनर, पोस्टर व फांगिग मशीन, नेपसेक पम्प से सुसज्जित वाहनों के माध्यम से जागरूक किया गया।

रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए नगर पालिका परिसर में एक गोष्ठी के रूप में समाप्त हुई। 1 से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण एवं 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर सीएमओ डॉ.अवधेश यादव, समस्त अपर व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीपीआरओ, ईओ, डीआईओएस, बीएसए, सीवीओ समेत कई जिलास्तरीय अधिकारी और वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधि, पाथ संस्था के जिला समन्वयक तथा यूनिसेफ के जिला प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### अवैध मस्जिद निर्माण रुकवाने की मांग

सूरतागंज, बाराबंकी, अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला की ग्राम पंचायत बंजरिया में अवैध मस्जिद निर्माण रुकवाने की मांग बजरंग दल ने डीएम से की है। शिकायत में बताया गया है कि गांव निवासी सिराज अपनी जमीन पर एक कमरा बनाकर मदरसा चला रहा था। कुछ माह बाद नमाज पढ़ी जाने लगी। बीती 25 सितंबर को उसी स्थान पर गिट्टी, मौरंग सरिया गिराई गयी। पता चला कि उसी मकान में रह रहे मौलाना मस्जिद निर्माण कराना चाहता है। सोमवार को बजरंग दल जिला संयोजक राहुल सिंह,जिला सह संयोजक विनय वर्मा, विहिप जिला मंत्री राहुल कुमार,विहिप जिला सह मंत्री वीरेंद्र, बजरंग दल खंड संयोजक शिवम वर्मा आदि ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# तालाब में मिले शव की हुई शिनाख्त

बाराबंकी, अमृत विचार : मसौली थाना क्षेत्र में सोमवार को तालाब में मिले अज्ञात शव की पहचान हो गई है। वह मानसिक रूप से बीमार था, जो दो दिन पूर्व बिना बताए घर से निकल गया। शव मिलने की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसकी पहचान की।

थाना मसौली के त्रिलोकपुर में सोमवार को दोपहर 2 बजे ग्रामीणों ने तालाब में शव देखा। पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी। उधर व्हाट्सएप ग्रुप पर चली तालाब में शव मिलने की खबर से मिली जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव की शिनाख्त अजीत यादव (35) पुत्र रामखेलावन निवासी ग्राम हाजीहार थाना जहांगीराबाद के रूप में की।

### फाइलों में उलझा कोटेदार का चुनाव

सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार : देवराकोट में कोटेदार का चुनाव फाइलों में उलझा है। एसडीएम के यहां शिकायत लेकर मंगलवार को पहुंचे शैलेंद्र सिंह, रवि तिवारी का कहना है कि पहले बैठक के लिए 10 सितंबर तय थी। इसे बैठक के दिन 19 सितंबर तक बढ़ा दिया गया। इस दिन यह कह कर पंचायत के अधिकारियों ने टाल दिया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में व्यस्तता है।

**कार्यालय अपर जिलाधिकारी / सचिव, देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी**

संख्या: 1839 दे0स0-नीलामी विज्ञापन दिनांक: 30/912024

**नीलामी विज्ञप्ति / सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, देवा मेला-2024 दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 से प्रारम्भ होकर दिनांक 27 अक्टूबर, 2024 तक चलेगा। मेला अवधि में निम्न ठेकों की नीलामी हेतु खुली बोली आमन्त्रित की जाती है, जिसके लिये इच्छुक व्यक्ति नीलामी के समय से पूर्व, कार्यालय देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति (कलेक्ट्रेट परिसर बाराबंकी) में जमानत धनराशि, आधार कार्ड की स्वहस्ताक्षरित प्रति पर नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो चस्पा कर, जमा करने के पश्चात् नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। नीलामी प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | नाम ठेका | तिथि | समय | स्थान | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गधा बाजार | 5.10.2024 | अपरान्ह 3:00 बजे | कार्यालय देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, कलेक्ट्रेट परिसर, बाराबंकी। | 2,00,000/- |
| 2 | घोड़ा बाजार | 5.10.2024 | सायं 3:30 बजे | कार्यालय देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, कलेक्ट्रेट परिसर, बाराबंकी। | 2,00,000/- |
| 3 | पशुओं की लोडिंग व अनलोडिंग | 5.10.2024 | सायं 4:00 बजे | कार्यालय देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, कलेक्ट्रेट परिसर, बाराबंकी। | 2,00,000/- |

नियम व शर्ते
1. प्रत्येक बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व निधर्धारित जमानत धनराशि कार्यालय देवा मेला में जमा करना होगा।
2. अधिकतम बोलीदाता को, बोली की 1/4 धनराशि तत्काल नकद (चालान जमा) / एकाउण्ट पेयी चेक जमा करना होगा। शेष 3/4 धनराशि 03 दिवस के अन्दर नकद (चालान जमा) / एकाउण्ट पेयी चेक के माध्यम से अनिवार्य रुप से जमा करना होगा। निर्धारित अवधि में बोली की पूर्ण धनराशि जमा होने के पश्चात् कार्यादेश निर्गत किया जायेगा। यदि निर्धारित अवधि में बोली की पूर्ण धनराशि जमा नहीं की जाती है तो जमा की गयी जमानत राशि जब्त करते हुए पुनः नीलामी करायी जायेगी।
3. अधिकतम बोलीदाता को बोली की पूर्ण धनराशि निर्धारित अवधि में जमा करने, निविदा स्वीकृति एवं कार्यादेश प्राप्ति के पश्चात सफल निविदादाता को रु0. 100/- के नान ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा।
4. प्रत्येक बाजार में व्यापारियों से वसूल किया जाने वाला शुल्क देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही वसूल किया जायेगा। ठेकेदार द्वारा निर्धारित दर से अधिक वसूली से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त होने तथा जांच में पुष्टि होने पर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। जमा धनराशि जब्त करते हुये भविष्य के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया जायेगा।
5. रसीद का प्रारूप, सचिव देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी द्वारा अनुमोदित होगा, तथा रसीद पर समिति के कार्यालय की मोहर लगाना आवश्यक होगा। ठेकेदार को स्पष्ट अक्षर/अंक में रेट बोर्ड एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं व मोबाइल नम्बर प्रदर्शित करना होगा।
6. कार्यालय देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी के पूर्व वर्षो की नीलामी के बकायेदार को उपरोक्त नीलामियों में भाग/बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा।
7. पशुओं की लोडिंग व अनलोडिंग हेतु रैम्प का निर्माण ठेकेदार को स्वयं करना होगा। 8. ठेकेदार द्वारा शर्तो की अवहेलना किये जाने पर बिना पूर्व सूचना के ठेका निरस्त किया जा सकता है।
9. विस्तृत शर्तो एवं नियमों की जानकारी कार्य दिवसों में कार्यालय देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी से प्राप्त की जा सकती है।
10. विशेष परिस्थितियों में शर्तो एवं नियमों में संशोधन जिलाधिकारी / अध्यक्ष देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी के अनुमोदन से किया जा सकेगा।
11. नीलामी स्वीकृति का अधिकार जिलाधिकारी / अध्यक्ष, देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति, बाराबंकी में निहित है।
12. किसी विवाद में जिलाधिकारी / अध्यक्ष महोदय, का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

(अरुण कुमार सिंह)
अपर जिलाधिकारी/सचिव,
देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति,
बाराबंकी।

# गमजदा माहौल में की गयी श्रमिकों के शवों की अंत्येष्टि

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कुटी गांव में मंगलवार को मातमी सन्नाटा पसरा था। दो श्रमिकों की मौत के गम में कई घरों में चूल्हे नहीं जले। दुखदायी माहौल में अंतिम संस्कार किया गया

बीते सोमवार को जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के कुटी गांव निवासी चचेरे भाई नीतेश, सुनील के अलावा अंबेडकरनगर निवासी धर्मेन्द्र की एक के बाद एक डीजल टैंक में दम घुटने से मौत हो गई थी। घटना के बाद तीनों शव पोस्टमार्टम पहुंचे तो धर्मेन्द्र को छोड़कर नीतेश व सुनील के पिता बेसुध हो गए थे। उधर रात में ही पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाये गये तो घरवालों के साथ पूरा गांव रो पड़ा। घटना की जानकारी होते ही दूरदराज से रिश्तेदार भी आ गए थे। ग्रामीण भी खुद के आंसू रोक नहीं सके। रोते बिलखते रात बीती, तो सुबह अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू हो गई। पता चला कि मृतक सुनील की ससुराल अंबेडकरनगर जिले के रहने वाले मृतक धर्मेन्द्र के गांव में ही है।

# जिहादी विचारधारा देश के लिए बड़ा खतरा

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी



बैठक को संबोधित करते बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक नगर केन्द्र में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र बाजपेई, मुख्य वक्ता गौरव द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

बाजपेई ने कहा कि इस्लामी और जिहादी विचारधारा देश और राष्ट्र के लिए बहुत बड़ा खतरा बन गई है। बजरंग दल पूरे प्रदेश में एक लाख हनुमान चालीसा केंद्र बनाएगी। गौरव द्विवेदी ने कहा कि हिंदू संगठित नहीं है। संगठन मंत्री वेद सचान ने बताया की अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल बहुत तेजी से अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर रहा है। अवध प्रांत के विभाग अध्यक्ष ललित रस्तोगी, जिलाध्यक्ष विवेक वर्मा, जिला महामंत्री शुभम सोनी, जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, जिला मंत्री उत्कृष्ट त्रिवेदी, जिला मंत्री सुनील, नगर सोशल मीडिया प्रभारी प्रियांशु सिंह राठौड़, सक्रिय कार्यकर्ता चंद्र शेखर, सूरज सिंह, उज्ज्वल त्रिवेदी, शुभम राजपूत, हिन्दू सेना के जिला मंत्री सूरज पटेल, सत्यम जोशी नगर अध्यक्ष, शिवम जोशी नगर महामंत्री, सत्यम मिश्रा उपाध्यक्ष, अंकित मंत्री, मनोज सैनी उपाध्यक्ष, हेमल मंत्री, अजय सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आस्था** | भगवती जिनदीक्षा महोत्सव एवं भव्य बिनौली यात्रा का हुआ आयोजन

# गाजे-बाजे व पुष्प वर्षा के साथ दीक्षार्थियों का किया गया स्वागत

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी



दीक्षार्थियों पर पुष्पवर्षा करते जैन समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर के भगौली मार्ग पर उमाशंकर जैन के प्रतिष्ठान पर दीक्षार्थी बहनों का फतेहपुर जैन समाज की ओर से भव्य स्वागत किया गया। यहां से बहनों को गाजे-बाजे के साथ नगर के महावीर चौत्यालय ले जाया गया। ततपश्चात सम्यक भवन में बहनों की हल्दी, मेहंदी का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मंगलवार को संकल्प दिगम्बर जैन समाज द्वारा भगवती जिनदीक्षा महोत्सव एवं भव्य बिनौली यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें दीक्षार्थी बहनों का भव्य स्वागत पटेल चौराहे पर किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ बहनों का स्वागत भक्तों द्वारा किया गया। शाम को एक शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारम्भ होकर, सट्टी बाजार, हसीन तिराहा, मुख्य बाजार, महावीर मार्ग होते हुए जैन धर्मशाला पहुची। जहां पर दीदियों की गोदभराई की गई। जैन समाज अध्यक्ष सचिन जैन ने बताया कि जैन धर्म में जब कोई भी व्यक्ति साधु जीवन में जाता है तो समाज द्वारा आखिरी बार उसको सांसारिक रागों के बीच से सम्मान दिया जाता है। इसी यात्रा व सम्मान को बिनौली यात्रा कहते हैं। आचार्य विमर्श सागर जी महाराज की शिष्या विशु दीदी सहित 12 दीक्षार्थी बहने सांसारिक बन्धन से मुक्त होकर संयम के मार्ग पर चलने के लिये अग्रसर हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांशु जैन, लल्ला जैन, पंकज जैन, टीनू जैन, के के जैन, उमाशंकर जैन, आशीष जैन, संदीप जैन, यशवंत जैन, आलोक जैन, नीलेश जैन समेत कभी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद थे।

### सीतापुर की इंजीनियर बेटी बन गई जैन साध्वी



बाराबंकी में विमर्श सागर महाराज के चातुर्मास के दौरान प्रतीक्षा ने साध्वी बनने का प्रण लिया था। यात्रा के दौरान रथ पर विराजमान साध्वी प्रतीक्षा जैन कस्बा रामपुर मथुरा, सीतापुर की निवासी हैं। प्रतीक्षा जैन के पिता दवा विक्रेता हैं। प्रतीक्षा जैन का जन्म सन् 1998 में हुआ था। प्रारम्भिक शिक्षा रामपुर मथुरा से, इण्टर की शिक्षा रामस्वरूप पब्लिक स्कूल लखनऊ व इंजीनियरिंग का कोर्स आन्ध्रप्रदेश के विजयवाड़ा से किया था। गुरुदेव विमर्श सागर के प्रवचन सुनने का अवसर मिला। वहीं से मेरे मन में वैराग्य का विचार आया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्राप्नोति वै वित्तमसद्बलेन नित्योत्थानात् प्रज्ञया पौरुषेण।
न त्वेव सम्यग् लभते प्रशंसां न वृत्तमाप्नोति महाकुलानाम्॥

बेईमानी से, बराबर कोशिश से, चतुराई से कोई व्यक्ति धन तो प्राप्त कर सकता है, लेकिन सदाचार और उत्तम पुरुष को प्राप्त होने वाले आदर-सम्मान को प्राप्त नहीं कर सकता।

## संपादकीय

# सावधान रहने की जरूरत

चीन बार-बार भारत की ओर अतिक्रमण करके क्षेत्र में यथास्थिति को बदलने का प्रयास करता रहा है। दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहे हैं और सैन्यीकरण कर रहे हैं। चीन के पास आर्थिक, सैन्य और तकनीकी ताकत है। भारत अपनी कूटनीति से इसका मुकाबला करने की कोशिश कर रहा है। मंगलवार को थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच जारी सैन्य गतिरोध पर चाणक्य रक्षा संवाद में कहा कि इस क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति संवेदनशील है और सामान्य नहीं है। भारत किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत चीन के साथ 3,488 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, जिसमें एक सीमा शामिल है जो लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के साथ चलती है। सीमा का पूरी तरह से सीमांकन नहीं किया गया है और वास्तविक नियंत्रण रेखा की पुष्टि और स्पष्ट करने की प्रक्रिया अभी भी जारी है। इसने दोनों पक्षों के बीच कई झड़पों को जन्म दिया है। मई 2020 में भारत चीन सीमा पर सैन्य गतिरोध शुरू हुआ था। भारत का लक्ष्य मई 2020 में शुरू हुए सैन्य गतिरोध से पहले की स्थिति को बहाल करना है। हालांकि पिछले कुछ माह के दौरान भारत और चीन के बीच अनेक राजनयिक वार्ताएं हुई हैं, जिनसे संभावना बढ़ी है कि पूर्वी लद्दाख में जो सैन्य टकराव की स्थिति बनी हुई है, उसे कम करने का कोई रास्ता निकल सकता है।

गौरतलब है कि चीन इस क्षेत्र में किसी भी भारतीय निर्माण का विरोध करता है जबकि वह खुद रणनीतिक निर्माण जारी रखता है। 15 जून, 2020 को गलवान में मुख्य संघर्ष से पहले दोनों पक्ष पैंगोंग त्सो, डेमचोक और दौलत बेग ओल्डी क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में झड़पों में लगे हुए थे। भारत लगातार कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। गतिरोध का समाधान निकालने के लिए दोनों पक्षों के बीच अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता हो चुकी है। इसके बावजूद जिस तरह से चीन अपनी अग्रिम सैन्य पोजीशन को मजबूत करता जा रहा है और एलएसी पर स्थायी रक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर बनाता जा रहा है, उससे स्पष्ट है कि पीएलए शांति के समय की स्थिति पर नहीं लौटेगी। चीन की गतिविधियां किसी से छिपी नहीं है। इसलिए भारत को चीन से सावधान रहने की जरूरत है।

# वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 का मकसद


नुसरत जहां
एडवोकेट हाईकोर्ट,लखनऊ

देश में सबसे पहले 1954 में वक्फ एक्ट बना। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का भी जन्म हुआ। इस कानून का मकसद वक्फ से जुड़े कामकाज के सरल बनाना था। एक्ट में वक्फ की संपति के दावे और रखरखाव का प्रावधान है। इस एक्ट में 1955 में पहला संशोधन किया गया।

वक्फ संशोधन अधिनियम, 2024 लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। संयुक्त संसदीय समिति ने 19, 20 सितंबर 2024 को मुस्लिम समुदाय से जुड़े संगठनों एवं बुद्धिजीवियों के सुझाव लिए हैं। अब तक जेपीसी को 84 लाख से अधिक सुझाव मिल चुके हैं। कई मुस्लिम संगठनों ने वक्फ बिल पर आपत्तियां भी जताई हैं। भारत में वक्फ की अवधारणा दिल्ली सल्तनत के समय से चली आ रही है, जिसके उदाहरण में मोहम्मद गौरी की ओर से मुल्तान की जामा मस्जिद को एक गांव समर्पित कर दिया गया था। साल 1923 में अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान मुसलमान वक्फ अधिनियम इसे विनियोजित करने का पहला प्रयास था।

देश में सबसे पहले 1954 में वक्फ एक्ट बना। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का भी जन्म हुआ। इस कानून का मकसद वक्फ से जुड़े कामकाज को सरल बनाना था। एक्ट में वक्फ की संपत्ति के दावे और रखरखाव का प्रावधान है। इस एक्ट में 1955 में पहला संशोधन किया गया। 1955 में एक नया वक्फ बोर्ड अधिनियम बना। इसके तहत हर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश में वक्फ बोर्ड बनाने की अनुमति दी गई थी। 2013 में वक्फ की संपत्ति की बिक्री, उपहार, विनिमय, बंधक या हस्तांतरण को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था। वक्फ कानून एक सर्वेक्षण आयुक्त की नियुक्ति का प्रावधान करता है, जो स्थानीय जांच करके,गवाहों को बुलाकर सार्वजनिक दस्तावेजों की मांग करके सभी वक्फ संपत्तियों की सूची तैयार करता है। इस संशोधन ने वक्फ संपत्तियों की बिक्री को असंभव बना दिया।

वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्ति के प्रबंधन का कार्य करता है। यह एक कानूनी निकाय है। वक्फ बोर्ड में संपत्तियों का पंजीयन अनिवार्य है। बोर्ड संपत्तियों का पंजीकरण, प्रबंधन और संरक्षण करता है। राज्यों में वक्फ बोर्ड का नेतृत्व अध्यक्ष करता है। देश में शिया-सुन्नी दो तरह के वक्फ बोर्ड हैं। वक्फ बोर्ड के सदस्य में अध्यक्ष के अलावा बोर्ड में राज्य सरकार के सदस्य, मुस्लिम विधायक, सांसद, राज्य बार काउंसिल के सदस्य,इस्लामी विद्वान और वक्फ के मुतवल्ली को शामिल किया जाता है। वक्फ बोर्ड का

न्याय को सुलभ एवं निश्चित बनाना- वक्फ से संबंधित विवादित मामलों की सुनवाई के लिए अभी वक्फ अधिकरण का फैसला अंतिम होता है,लेकिन वक्फ बिल में अधिकरण के फैसले को न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी।

कार्य वक्फ की संपत्तियों का प्रबंधन, संरक्षण वक्फ में मिले दान से शिक्षण संस्थान,मस्जिद, कब्रिस्तान बनाना रैन बसेरों का निर्माण एवं रखरखाव करना, गरीब बेटियों की शादी करवाना।

वक्फ बोर्ड की संपत्ति-रेलवे और रक्षा विभाग के बाद वक्फ बोर्ड कथित तौर पर भारत में तीसरा सबसे बड़ा भूमि धारक है। वक्फ बोर्ड भारत भर में 9.4 लाख एकड़ में फैली 8.7 लाख संपत्तियों को नियंत्रित करता है, जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये है। उत्तर प्रदेश एवं बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड सहित 32 वक्फ बोर्ड हैं। नए बिल के द्वारा इन बदलावों पर विचार हो रहा है- सर्वप्रथम वक्फ अधिनियम 1955 का नाम बदलकर 'संयुक्त वक्फ प्रबंधन सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम 1995 कर दिया गया है। यह बिल मौजूदा वक्फ कानून में लगभग 40 बदलावों का प्रस्ताव रखता है। इसके तहत वक्फ बोर्ड की सभी संपत्तियों के दावों के लिए अनिवार्य सत्यापन से गुजरना होगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। मुस्लिम महिलाओं का अनिवार्य प्रतिनिधित्व/लैंगिक समानता- इस बिल का उद्देश्य वक्फ बोर्ड की संरचना एवं कामकाज को बदलना है। इसके लिए धारा 9 एवं 14 में संशोधन करना है, जिसमें मुस्लिम महिलाओं के लिए अनिवार्य प्रतिनिधित्व किया जा सके। अनिवार्य वक्फनामा- अभी तक संपत्ति का दान मौखिक किया जा सकता था, लेकिन नए वक्फ बिल में लिखित वक्फनामा के द्वारा ही संपत्ति का अंतरण किया जा सकेगा, जिससे अंतरण के साक्ष्य मिल सकेंगे।सामाजित न्याय/निचले मुस्लिम तबकों की भागीदारी- वक्फ बिल में शिया-सुन्नी के अलावा बोहरा, अहमदिया समुदायों के अलग वक्फ बोर्ड बनाने का भी प्रावधान है, जिससे मुस्लिम तबकों को विभिन्न वर्गों को मदद मिलेगी, जो हाशिये पर हैं। वक्फ बिल में बोर्ड की पूरी संपत्तियों का डिजिटलीकरण किया जाएगा, जिसमें किसी दूसरे द्वारा वक्फ की सपंत्तियों पर कब्जा नहीं किया जा सकेगा, जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और लेनदेन में पारदर्शिता आएगी।

न्याय को सुलभ एवं निश्चित बनाना- वक्फ से संबंधित विवादित मामलों की सुनवाई के लिए अभी वक्फ अधिकरण का फैसला अंतिम होता है लेकिन वक्फ बिल में अधिकरण के फैसले को न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी। वक्फ से संबंधित विवादों का निर्णय छह माह में और अपील का निपटारा तीन माह में किए जाने का प्रावधान है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग)- वक्फ की संपत्तियों का पंजीकरण, सत्यापन लेनदेन में ऑडिट कर सकेगी, जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।

विधेयक इस बात को भी फिर से परिभाषित करता है कि कैसे संपत्ति को वक्फ के कब्जे में माना जाता है। विधेयक में उपयोग के आधार पर वक्फ की अवधारणा को खत्म करने का प्रस्ताव है। 1995 के कानून के तहत वैसी हर संपत्ति वक्फ है, जिसका उपयोग मुसलमान धार्मिक उद्देश्यों के लिए निरंतर और अबाधित रूप से करते रहे हैं। इसका मतलब है कि एक संपत्ति को उपयोग के माध्यम से वक्फ माना जा सकता है, भले ही उसका मालिकाना हक किसी के पास हो। कई मस्जिदें और कब्रिस्तान इसी आधार पर वक्फ प्रॉपर्टी घोषित कर दिए गए हैं। विधेयक में कहा गया है कि वैध वक्फनामे के बिना कोई भी वक्फ संपत्ति संदिग्ध है। इसमें 'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' घोषित संपत्तियों को अलग रखा गया है। विवाद की स्थिति में बिल की धारा 3 सी (2), जो सरकार को यह तय करने का अधिकार देता है कि वक्फ के रूप में दी गई संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। विधेयक में कहा गया है, यदि किसी संपत्ति को लेकर सवाल उठता है कि यह सरकारी संपत्ति है या नहीं तो उसे क्षेत्राधिकार वाले कलेक्टर के पास भेजा जाएगा। कलेक्टर उचित जांच करके संपत्ति की पहचान करेगा और अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजेगा। जब तक सरकार इस मुद्दे का फैसला नहीं कर लेती तब तक विवादित जमीन पर वफ्फ का नियंत्रण नहीं हो सकता।

12 वर्ष का एडवर्स कब्जा- यदि 12 वर्ष तक वक्फ की संपत्ति कोई अवैध कब्जा,बिना रोक टोक के करता है तो वह संपत्ति का मालिक हो जाएगा। दान कौन कर सकता है- दान एक मुस्लिम द्वारा वर्तमान समय में मौखिक रूप से भी किया जा सकता है। यदि एक बार संपत्ति दान कर दी गई तो वह अल्लाह को अंतरित मानी जाती है वह वापस नहीं ली जा सकती है। नए बिल में यह प्रावधान है कि संपत्ति अंतरण करते समय दानकर्ता को उस संपत्ति का मालिक होना चाहिए। दानकर्ता की स्वीकृति स्वतंत्र होनी चाहिए। दान करते समय दानकर्ता सक्षम अर्थात 18 वर्ष से अधिक आयु एवं स्वस्थ चित्त होना चाहिए। यदि यह शर्तें पूरी नहीं की गई तो दान द्वारा अंतरण अवैध होगा और वह संपत्ति वफ्फ को वापस करनी होगी। दान गैर मुस्लिम द्वारा भी किया जा सकता है शर्त यह है कि इस्लाम धर्म में उसका विश्वास एवं मान्यता होनी चाहिए। लिखित रूप से वफ्फनामा द्वारा ही संपत्ति का अंतरण किया जा सकता है। वफ्फ से होने वाली आमदनी को इस्लाम धर्म की खिदमत में ही खर्च किया जा सकता है। खिदमत का अर्थ है मस्जिद की तामीर, कब्रिस्तान एवं अनाथालय बनवाना, गरीबों को भोजन की व्यवस्था करना, गरीब बच्चों की शादी करवाना इत्यादि।


सरकार का कहना है कि वक्फ की संपत्तियों पर माफियाओं का कब्जा है जबकि विपक्ष का तर्क है कि सरकार वक्फ की संपत्ति को हथियाना चाहती है। धर्म में हस्तक्षेप है और संविधान में दिए गए अधिकारों का उल्लंघन है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नए बिल से संविधान के किसी अधिकार का उल्लंघन नहीं हो रहा जबकि यह तो समानता के अधिकार अनुच्छेद 14 के अंतर्गत सामाजिक न्याय के रूप में निचले तबकों के उत्थान एवं लैंगिक न्याय के रूप में मुस्लिम महिलाओं की अनिवार्य सहभागिता का प्रावधान करता है। जिससे महिलाओं एवं बच्चों का कल्याण होगा डिजिटलीकरण से भ्रष्टाचार रूकेगा। कोई माफिया अवैध कब्जा वक्फ संपत्ति पर नहीं कर सकेगा। वक्फ से होने वाली आमदनी समाज कल्याण एवं उत्थान में खर्च की जा सकेगी।

email: nusratfahad8@gmail.com

## प्रसंगवश

# विद्रोही चंद्रसिंह गढ़वाली

पेशावर कांड (1930) के विद्रोही चंद्रसिंह गढ़वाली 1 अक्तूबर 1979 को नहीं रहे। कैसा अनोखा सैनिक था,जिसने देश की निहत्थी आंदोलनकारी जनता पर गोली चलाने से इंकार की सजा में लंबे कारावास के साथ अनगिनत कष्ट भुगते।


सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

यह तकलीफें उसकी अकेले की नहीं अपितु पूरे परिवार को इसका दंड झेलना पड़ा। संपत्ति जब्त हुई और घर के लोग दरबदर हो गए,लेकिन खास बात रही कि आजादी के बाद भी उनकी संतति के साथ यह क्रूर सिलसिला थमा नहीं। 1983 में सहकारी बैंक की देनदारी के लिए चंद्रसिंह गढ़वाली की संपत्ति की नीलामी का फरमान जारी हुआ,जिसे हम उस समय थोड़ी कोशिशों से बचा पाए,लेकिन आगे चलकर यह अत्यंत दुःखद रहा कि बिजनौर के निकट कौड़िया रेंज में 90 वर्षों के लिए उनके परिवार को आवंटित की गई जमीन को उत्तर प्रदेश सरकार ने यह कहकर वापस ले लिया कि चंद्रसिंह गढ़वाली यूपी के नहीं,उत्तराखंड के निवासी थे। पहाड़ पर दूधातोली में एक छोटे से भूखंड पर उनकी उपेक्षित सी समाधि है, जिस पर कोई चार फूल क्यों चढ़ाए? 1972 में स्वतंत्रता के रजत जयंती वर्ष पर अपने शहर शाहजहांपुर में गढ़वाली जी को 'शहीद मेला' का उद्घाटन करने आमंत्रित किया तो वे उत्साह से आए। उन दिनों उनकी कमर झुक चुकी थी, लेकिन क्रांतिकारी तेवर और हौसला उनमें बरकरार था। पतलून, कमीज, सिर पर हैट और पैरों में बूट। यही बाना था उनका। बोली का पहाड़ी लहजा था और कहन में खरापन अंत तक विद्यमान रहा। उनके जिंदगीनामे को राहुल सांकृत्यायन ने जिस तरह एक बड़ी किताब में दर्ज किया, वह अद्भुत है।

कह सकता हूं कि जेल गढ़वाली जी के लिए राजनीतिक पाठशाला बनी। उनकी स्मृति में कई साल पहले मैं एक डाक टिकट भी जारी कराने में भी कामयाब हो सका जब उनका बेटा आनंद गढ़वाली जीवित था। कुछ वर्ष पहले मैंने अपनी पत्रिका 'संदर्श' के लिए विद्यासागर नौटियाल जी से गढ़वाली की कुछ स्मृतियों को लिपिबद्ध कराया और प्रकाशित किया था,लेकिन वह कार्य पूर्णता की ओर नहीं पहुंच सका।

# जनजातीय लोगों का औरत के प्रति दोयम नजरिया

बीती 15 सितंबर को बस्तर के घनघोर नक्सली इलाके सुकमा के कोन्टा थाने के इटकल गांव में राज्य पुलिस के हेड कांस्टेबल सहित उसके परिवार के पांच लोगों को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला। मरने वालों में तीन महिलाए हैं। पिछले कुछ दिनों में गांव में तीन बच्चे मरे और यह अफवाह हो गई कि हेड कांस्टेबल बच्चा मुआ के पिता के जादू-टोने के कारण बच्चे मारे गए। देश के अधिकांश राज्यों में डायन प्रथा उन्मूलन या अंधविश्वास निरोधक कानून हैं, लेकिन इस तरह की सामाजिक कुरीति को अपराध घटित हो जाने के बाद मुकदमें दर्ज कर रोका नहीं जा सकता।


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य में बेगा, गुनियाओं और ओझाओं के झांसे में आकर पिछले तीन वर्षों में तीन दर्जन से अधिक औरतों को मार डाला गया है।

डायन कुरीति अकेले आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ या झारखंड तक सीमित नहीं है। यह असम, बिहार, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित कोई आधा दर्जन राज्यों में हर साल सैंकड़ों औरतों को इस अंधविश्वास की आड़ में बर्बर तरीके से मारा जा रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों में मुख्य रूप से जादू-टोना से जुड़े लगभग 85 हत्या के मामले दर्ज किए गए।

देश के आदिवासी अंचलों में जमीन हदबंदी कानूनों के लचरपन और पंचायती राजनीति के नाम पर शुरू हुईं जातीय दुश्मनियों की परिणति महिलाओं की हत्या के रूप में हो रही है। कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राज्य शासन ने एक जांच रिपोर्ट तैयार की है,जिसमें बताया गया है कि अंधविश्वास,अज्ञान और अशिक्षा के कारण टोनही या डायन करार देकर किस तरह निरीह महिलाओं की आदिकालीन लोमहर्षक ढंग से हत्या कर दी जाती है। औरतों को न केवल जिंदा जलाया जाता है,बल्कि उन्हें गांव में नंगा घुमाना, बाल काट देना, गांव से बाहर निकाल देना जैसे निर्मम कृत्य भी डायन या टोनही के नाम पर होते रहते हैं। इन शर्मनाक घटनाओं का सर्वाधिक अफसोसजनक पहलू यह है कि इन महिला प्रताड़नाओं के पीछे न सिर्फ महिला की प्रेरणा होती है, बल्कि वे इन कुकर्मों में बढ़-चढ़ कर पुरुषों का साथ भी देती हैं।

आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य में बेगा, गुनियाओं और ओझाओं के झांसे में आकर पिछले तीन वर्षों में तीन दर्जन से अधिक औरतों को मार डाला गया है। कोई एक दर्जन मामलों में आदमियों को भी ऐसी मौत झेलनी पड़ी है। मप्र के झाबुआ-निमाड़ अंचल में भी महिलाओं को इसी तरह मारा जाता है। हां,नाम जरूर बदल जाता है-डाकन। गांव की किसी औरत के शरीर में 'माता' प्रविष्ट हो जाती है। यही 'माता' किसी दूसरी 'माता' को डायन घोषित कर देती है और फिर वही अमानवीय यंत्रणाएं शुरू हो जाती हैं। यह समझना जरूरी है कि अधिकांश आदिवासी गांवों तक सरकारी स्वास्थ्य महकमा पहुंच नहीं पाया है। जहां कहीं अस्पताल खुले भी हैं तो कर्मचारी इन पुरातनपंथी वन पुत्रों में अपने प्रति विश्वास नहीं उपजा पाए हैं। तभी मवेशी मरे या कोई नुकसान हो,गुनिया हर मर्ज की दवा होता है। उधर गुनिया के दांव-पेंच जब नहीं चलते हैं तो वह अपनी साख बचाने कि लिए किसी महिला को टोनही घोषित कर देता है। गुनिया को शराब, मुर्गे, बकरी की भेंट मिलती है। बदले में किसी औरत को पैशाचिक कुकृत्य सहने पड़ते हैं।

ठेठ आदिम परंपराओं में जी रहे आदिवासियों के इस दृढ़ अंधविश्वास का फायदा इलाके के असरदार लोग बड़ी चालाकी से उठाते है। अपने विरोधी अथवा विधवा बूढ़ी औरतों की जमीन हड़पने के लिए ये प्रपंच किए जाते हैं। थोड़े से पैसे या शराब के बदौलत गुनिया बिक जाता है और किसी भी महिला को टोनही घोषित कर देता है।

डायन प्रथा से निपटने के लिए बिहार में सन 1999 में व झारखंड में 2001 में अलग से कानून भी बना। छत्तीसगढ़ में भी सन 2005 में टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम लागू हुआ। राजस्थान और असम में 2015 में इस पर कड़े कानून आए। कानून अपराध होने के बाद काम करता है,लेकिन आज जरूरत तो लोगों की मिथ्या धारणाओं से ओतप्रोत जनजातीय लोगों में औरत के प्रति दोयम नजरिए को बदलना है। एक तो गांवों में स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं हों,दूसरा समाज के बीच से ही ऐसे लोगों को तैयार किया जाए,जो पर्व-त्योहर पर आदिवासियों को सहज तरीके से इसकी जानकारी दे सकें।

## सोशल फोरम

# समय के साथ चलें बुजुर्ग

वैसे तो बुढ़ापा खुद समस्याओं और शिकायतों का घर ही होता है,लेकिन आमतौर पर बुजुर्गों की बड़ी समस्या और शिकायत यह होती है कि बच्चे बड़े या शादीशुदा हो जाने के बाद उनका सम्मान नहीं करते। उनकी बात कुछ हद तक वाजिब है।

देश की सड़कों, वृद्धाश्रमों, तीर्थस्थलों में बेसहारा वृद्धों की भारी भीड़ देखकर आज परिवार में उनकी हैसियत और स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है, लेकिन इस समस्या का एक और पहलू भी है। एक बात बुजुर्गों को अपने आपसे भी पूछना चाहिए कि बूढ़े होने के बाद वे खुद अपने बेटों और बहुओं, उनकी निजी जिंदगी, उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और उनके नए विचारों का कितना सम्मान करते हैं? हर पीढ़ी के साथ जीवन की परिस्थितियां और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अवधारणाएं बदलती हैं। पढ़े-लिखे, संवेदनशील, समझदार बुजुर्ग बदलते वक्त के साथ तालमेल बिठाकर अपनी संतानों के साथ सहज और दोस्ताना रिश्ता बना लेते हैं। कठिनाई उन अशिक्षित अथवा अर्द्धशिक्षित, रूढ़िवादी लोगों के साथ होती है,जो अपने पुराने विचारों और रूढ़ियों के प्रति कट्टर ही नहीं होते, बल्कि अपनी संतानों पर अपने दौर के अप्रासंगिक हो चले जीवन मूल्य थोपने की कोशिश भी करते हैं। उन्हें लगता है कि उनका वक्त सही था और आज जो हो रहा है, वह सब गलत है।


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

ऐसे बुजुर्ग अपनी संतानों के लिए आर्थिक नहीं, मानसिक और भावनात्मक बोझ बन जाते हैं। परिवारों के विघटन की यह सबसे बड़ी वजह है। परिवार में बुजुर्गों का सम्मान बना रहे, यह सिर्फ युवाओं की जिम्मेदारी नहीं है। जरूरी है कि बुजुर्ग भी समय के साथ चलना सीखें। वे अपने हिस्से का जीवन जी चुके, अब अपनी संतानों को उनके हिस्से का जीवन जीने दें। उनकी चुनौतियां, सोच, संघर्ष आपसे अलग हैं।

मां-बाप देवी-देवता हैं और उनकी हर बात बच्चों को शिरोधार्य होनी चाहिए, ये किताबी, अव्यावहारिक बातें हैं। वास्तविक जीवन में आपके व्यवहार ही परिवार में आपकी हैसियत और आपका सम्मान तय होगा। **-फेसबुक वॉल से**


# समाज में व्यक्ति की भूमिका

आज दुनिया एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी है, जहां यह स्पष्ट हो गया है कि यदि पृथ्वी पर जीवन का अंत होगा, तो इसके लिए किसी बाहरी दुश्मन की जरूरत नहीं है। यह काम इंसान खुद ही कर सकता है। पिछले डेढ़ साल से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है,जिसने लाखों लोगों को प्रभावित किया है। इसी तरह मध्य-पूर्व में इजराइल भी आक्रमण के माध्यम से अपना वर्चस्व स्थापित करने में जुटा हुआ है। इन दोनों घटनाओं के बीच सवाल उठता है कि ऐसा क्यों हो रहा है?


साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

आज जब दुनिया संघर्षों और हिंसा की ओर बढ़ रही है, गांधीजी के विचार हमें याद दिलाते हैं कि व्यक्ति की भूमिका समाज की बेहतरी में सबसे महत्वपूर्ण है।

इसके मूल में कारण हैं, इंसान का अपने ऊपर और अपनी क्षमताओं पर ध्यान न देना। इतिहास में भी ऐसे उदाहरण मिलते हैं। हिटलर और गांधी,दोनों एक ही समय में इसी धरती पर मौजूद थे,लेकिन दोनों की सोच और कार्य एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत थे। हिटलर हिंसा का समर्थन करता था, जबकि गांधी अहिंसा के पुजारी थे। आज भी गांधी को प्रेम और करुणा के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है, जबकि हिटलर को क्रोध और अहंकार के लिए। महात्मा गांधी ने हमेशा इंसान के व्यक्तित्व और समाज के बीच गहरे संबंध को समझा। उनका मानना था कि समाज व्यक्ति से बनता है और व्यक्ति की नैतिकता व चेतना ही समाज की नींव होती है। उनके अनुसार समाज तभी सशक्त हो सकता है जब उसमें शामिल हर व्यक्ति नैतिकता, सत्य,



अहिंसा और करुणा जैसे मूल्यों को अपनाए। गांधीजी ने यह भी कहा कि अहिंसा का रास्ता सीखने और उस पर चलने के लिए अधिक कठिन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, जितनी कि हिंसा के लिए। यह प्रशिक्षण जीवन में सत्य, विनम्रता, सहनशीलता और प्रेम को अपनाने से शुरू होता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है,जो केवल बाहरी रूप से नहीं, बल्कि भीतर से भी आत्मानुशासन और संयम की मांग करती है।

गांधीजी का कहना था कि जब दो लोग या समुदाय आपस में झगड़ते हैं तो यदि उनमें से कोई एक व्यक्ति अपनी गलती को समझकर प्रेम और शांति की ओर बढ़ता है तो उनके बीच शांति स्थापित हो जाती है। हालांकि मीडिया में अक्सर ऐसे उदाहरणों पर ध्यान नहीं दिया जाता,क्योंकि हिंसक झगड़े और संघर्ष ज्यादा चर्चा में आते हैं,जबकि सच्चे समाधान और समाज में शांति का आधार केवल अहिंसा, संयम और करुणा से ही संभव है। गांधीजी ने अपने लेखों में यह भी स्पष्ट किया कि यदि व्यक्ति स्वयं पर नियंत्रण रखे और आत्मनिर्भर बने, तो वह समाज के लिए एक आदर्श भूमिका निभा सकता है। उनके अनुसार समाज को बदलने के लिए हमें पहले अपने भीतर परिवर्तन लाना होगा। व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए, तभी वह समाज के प्रति सही योगदान दे सकेगा।

आज जब दुनिया संघर्षों और हिंसा की ओर बढ़ रही है, गांधीजी के विचार हमें याद दिलाते हैं कि व्यक्ति की भूमिका समाज की बेहतरी में सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हर इंसान अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाए और सत्य, अहिंसा और करुणा को अपनाए, तो न केवल समाज,बल्कि पूरी दुनिया में शांति और समृद्धि का माहौल बनेगा।

# वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देता गांधी मार्ग

आज के वैचारिक,राजनैतिक और सांस्कृतिक हिंसा को समझने और उसका विकल्प बताने के लिए गांधी सबसे बेहतर और कारगर 'औजार' हैं। बीसवीं शताब्दी में जनमानस को आंदोलित एवं प्रभावित करने वाले एक महान व्यक्तित्व के रूप में भारतवर्ष में महात्मा गांधी का अविर्भाव हुआ था। गांधी भूतकाल के नहीं,भविष्य के मसीहा थे। वे उन्नीसवीं सदी की नहीं,इक्कीसवीं सदी की बातें कर रहे थे।


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

आज संपूर्ण विश्व अपनी समस्याओं का हल हिंसा के माध्यम से ढूंढना चाहता है। वैश्वीकरण के इस दौर में 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है।

फ्रांसीसी दार्शनिक रोम्यां रोला ने कहा था-"कुछ अर्थों में तो गांधीजी आज के विज्ञान से भी आगे बढ़ गए थे,भविष्य की समस्याओं को उन्होंने भांप लिया था।" गांधीजी के विचार कभी पुराने नहीं पड़ेंगे,वे सदैव हमें भविष्य का रास्ता खोजने में सहायक सिद्ध होंगे। प्रयोगों ने उनके इस विश्वास को पक्का कर दिया था कि सत्य की सदा विजय होती है और सही रास्ता सत्य का रास्ता ही है। आज मानवता की मुक्ति सत्य का रास्ता अपनाने से ही है। गांधीजी सत्य को ईश्वर का पर्याय मानते थे। गांधीजी का मत था कि सत्य सदैव विजयी होता है।

गांधीजी के अनुसार मन, वचन और शरीर से किसी को भी दुःख न पहुंचाना ही अहिंसा है। गांधीजी के विचारों का मूल लक्ष्य सत्य एवं अहिंसा के माध्यम से विरोधियों का हृदय परिवर्तन करना है। अहिंसा का अर्थ ही होता है प्रेम और उदारता की पराकाष्ठा। गांधीजी व्यक्तिगत जीवन से लेकर वैश्विक स्तर पर 'मनसा वाचा कर्मणा' अहिंसा के सिद्धांत का पालन करने पर बल देते थे। आज के संघर्षरत विश्व में अहिंसा जैसा आदर्श अति आवश्यक है। गांधीजी बुद्ध के सिद्धांतों का अनुगमन कर इच्छाओं की न्यूनता पर भी बल देते थे। यदि इस सिद्धांत का पालन किया जाए तो आज क्षुद्र राजनीतिक व आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए व्याकुल समाज व विश्व अपनी कई समस्याओं का निदान खोज सकता है।

आज संपूर्ण विश्व अपनी समस्याओं का हल हिंसा के माध्यम से ढूंढना चाहता है। वैश्वीकरण के इस दौर में 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है। अमेरिका, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान जैसे देश हिंसा के माध्यम से प्रमुख शक्ति बनने की होड़ एवं दूसरों पर वर्चस्व के इरादे से हिंसा का सहारा लेते हैं। इस हेतु वैश्विक रूप से शस्त्रों की होड़ लग गई है। यह अंधी दौड़ दुनिया को अंततः विनाश की ओर ले जाती है। आज अहिंसा जैसे सिद्धांतों का पालन करते हुए विश्व में शांति की स्थापना की जा सकती है,जिसकी आज पूरे विश्व को आवश्यकता है।

आज के दौर में पूरा विश्व एक ऐसे ही समाज की खोज में है, जहां शोषण, वर्ग, जाति आदि की कोई जगह न हो। उन्होंने सामाजिक,नैतिक और आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। गांधी ने ग्राम स्वराज्य के माध्यम से पूर्ण प्रजातंत्र और समाज के अंतिम से अंतिम, पिछड़े व्यक्ति की उन्नति का स्वप्न दिया था।

वर्तमान में सारे विश्व पर हिंसा द्वारा विनाश का खतरा छाया हुआ है। गांधीजी इस पर कहते हैं कि अहिंसक बनने की कोशिश करो। विश्व आज जिस रोग से ग्रस्त है,उसका निदान भले ही बड़ा कठोर हो,पर गांधी का बताया उपचार अचूक है। हमारा कार्य अब यही है कि सत्य और अहिंसा को ऐसा व्यावहारिक रूप दें,जिसका पालन किया जा सके। भौतिकवादी प्रगतियों के बावजूद इस दुनिया में कहीं न कहीं कोई कमी महसूस हो रही है। निर्धनता, भूख, रोग और हिंसा का विश्व में प्रकोप बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन ने मानव जाति की राय पर ही संकट ला दिया है। 2019 में महात्मा गांधी की 150 वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव ने कहा था कि महात्मा गांधी का सिखाया गया पाठ ही संयुक्त राष्ट्र का मूल सिद्धांत है,जैसे विकास, शांति और सहयोग। सर्वोदय गांधीजी का विचार संयुक्त राष्ट्र संघ के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम "एजेंडा 2030" का प्रकाशन है। गांधीजी का सबसे प्रबल संदेश है कि हमारा प्रत्येक आचरण नैतिक रूप से शुद्ध होना चाहिए।

# खेलते हैं खिलाड़ी तो सम्मान, पद और पुरस्कार देती है सरकार

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सम्मानित दिग्गज खिलाड़ियों ने प्रदेश में आए सकारात्मक बदलाव को सराहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी के हाथों सम्मानित होकर खिलाड़ी अभिभूत नजर आए। उनका कहना था कि जी-जान लगाकर खेलते हैं तो सरकार सम्मान, पद और पुरस्कार देती है।

पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने वाले गजेंद्र सिंह (पैरा एथलीट), गौरव खन्ना (पैरा बैटमिंटन), राकेश कुमार यादव (पैरा एथलीट) और डॉ. सत्यपाल सिंह (पैरा एथलीट) का भी सीएम योगी ने सम्मान किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, एमएलसी अवनीश सिंह मौजूद रहे।


प्रवीन कुमार

### अब मिल रहा सम्मान

2016 पैरा ओलंपिक में आए मेडल में से एक पदक यूपी से भी था, लेकिन उस समय इतना सम्मान नहीं मिला। 2020 पैरालंपिक में दो पदक आए तो भव्य सम्मान मिला और यह सिलसिला जारी है। तब और अब में यही अंतर आया। राज्य सरकार ने न सिर्फ खेल नीति बनाई, बल्कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित भी कर रही है।

**प्रवीन कुमार**, स्वर्ण पदक विजेता, पैरालंपिक गेम्स-2024


ललित कुमार

### नौकरी भी दे रही सरकार

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को बुलाकर मंच पर सम्मानित किया। इतनी बड़ी पुरस्कार राशि दी और नैकरी भी देंगे। अब पिछली बार से और बेहतर करने का हौसला और मजबूत हुआ है। योगी आदित्यनाथ खेल प्रेमी होने के साथ खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में भी मदद कर रहे हैं, जो हमारे लिए वरदान साबित हो रहा है।

**ललित कुमार उपाध्याय**, कांस्य पदक विजेता, हॉकी

### मिल रहा अच्छा प्लेटफॉर्म

प्रदेश की खेल नीति काफी अच्छी है। मेडल पाने वाले खिलाड़ियों के लिए पहले इतना प्रोत्साहन नहीं था, लेकिन सीएम योगी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के लिए काफी कुछ कर रही है। इससे खेलने वाले युवाओं को अच्छा प्लेटफॉर्म मिलता है। शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम बनने से प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।

**राजकुमार पाल**, कांस्य पदक विजेता, हॉकी


राजकुमार पाल

### दिव्यांगों का किया सम्मान

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए स्टेडियम, सिंथेटिक ग्राउंड आदि का निर्माण हो रहा है। एकलव्य क्रीड़ा कोष से भी बहुत लाभ मिल रहा है। लक्ष्मण व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार भी खिलाड़ियों को दिया जा रहा है। सरकार ने दिव्यांग खिलाड़ियों का सम्मान करके बड़ा काम किया है।

**दीपेश कुमार**, प्रतिभागी, पैरालंपिक गेम्स-2024


दीपेश कुमार


### डबल इंजन सरकार ने बदला माहौल: ब्रजेश


ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मौजूद नवोदित खिलाडियों का खूब हौसला बढाया। कहा कि खेलो-कूदोगो तो अब खराब नहीं नवाब बन जाओगे। उन्होंने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की चुटकी ली कि वे अब अफसोस जताते हैं कि काश, राजनीति की बजाय खेल में कैरियर बनाते तो सरकार से करोड़ों मिलते। कहा कि डबल इंजन सरकार ने खेल का माहौल बदल दिया है।

### मोदी के नेतृत्व में दिया जा रहा बढ़ावा: भूपेंद्र सिंह

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए जो प्रयास हुए हैं, उसका परिणाम आज सबके सामने है। मुख्यमंत्री योगी ने विश्वविद्यालय स्तर पर लीग और गांव स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं शुरू कराकर खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म दिया है।


भूपेंद्र सिंह

## हौसला बुलंद

### अगले पैरालंपिक में भी पदक लाने का सपना : सुहास

पैरा शटलर आईएएस सुहास एलवाई अब अगले पैरालंपिक में पद जीतने का सपना देख रहे हैं और इसके लिए उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है। खेल विभाग में सचिव पद पर तैनात सुहास कहते हैं कि खिलाड़ी होने के कारण मुझ पर दोहरी जिम्मेदारी होती है और मैं उसे निभा रहा हूं। ओलंपिक हो या पैरालंपिक , सभी पदक विजेताओं को राजपत्रित अधिकारी बनाया जा रहा है। पदक विजेता 21 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

### दुर्घटना में हाथ खोए, हिम्मत नहीं हारी अजीत ने

बीपीएड और एमपीएड कर चुके अजीत सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 में एक रेल हादसे में मेरा बायां हाथ कट गया। पैरा गेम्स के बारे में सुना था और वर्ष 2019 में पंचकुला में आयोजित पैरा गेम्स के दौरान दिव्यांग खिलाड़ियों को खेलते देखा। बस, ठान लिया कि मैं भी पैरा खेलों का हिस्सा बनूंगा। पेरिस में भाला फेंक में रजत पदक जीतने में कामयाब रहा। अगले पैरालंपिक में लक्ष्य पदक का रंग बदलने का है।

### घरवालों को नहीं लगी खेल के अभ्यास की खबर

हॉकी खिलाड़ी प्रीति पाल ने बताया कि बहुत दिनों तक घर में अभ्यास के बारे में पता ही नहीं चला। जब एक प्रतियोगिता में मेरठ जाने की बात हुई तो घर वालों को खबर हुई। हांगझोऊं एशियन गेम्स में चौथा स्थान मिलने के बाद लगा कि ओलंपिक में पदक की राह आसान नहीं होगी। पेरिस में एक नहीं दो स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीता। आगे भी पदक जीतने का लक्ष्य है।

## एक नजर

### पी गुरुप्रसाद को आवास विभाग का अतिरिक्त प्रभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण के सोमवार को सेवानिवृत्त होने के कारण यह पद रिक्त हो गया था। इसके अलावा साधना श्रीवास्तव को निदेशक कोषागार का प्रभार सौंपा गया है। सोमवार को ही इस पद पर तैनात रहे नीलमणि के कोषागार निदेशक के पद से सेवानिवृत होने के कारण यह पद रिक्त हुआ था।

### सपा आज से शुरू करेगी न्याय साइकिल यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी में गांधी जयन्ती 02 अक्टूबर 2024 से मुलायम सिंह की पुण्यतिथि तक संविधान बचाओ, पीडीए सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा चलेगी। यात्रा आजमगढ़ में जिला सपा कार्यालय से शुरू होकर 10 अक्टूबर को अयोध्या में संपन्न होगी। यात्रा को सांसद धर्मेन्द्र यादव व विधायक दुर्गा प्रसाद यादव हरी झंडी दिखाएंगे। यात्रा का समापन अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद द्वारा किया जाएगा।

### नीट यूजी : सीट लॉक नहीं की, 554 अभ्यर्थी हुए बाहर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट यूजी की दूसरी काउंसिलिंग में सीट लॉक न होने की वजह से 554 अभ्यर्थियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा मंगलवार को रैंक समेत अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। मालूम हो कि काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों से ऑन लाइन प्राथमिकताएं लेने के दौरान सीट लॉक नहीं होने पर, सीट सुरक्षित नहीं मानी जाती है।

### सहकारी समिति के नामांकन रद्द कराने के लिए लिखा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** कासगंज के न्यौली में गन्ना विकास समिति के चुनाव में कराए गए नामांकन रद्द कराने की मांग सपा ने की है। सहकारी समिति के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बताया कि बीते दिनों 27 सितंबर को गन्ना विकास समिति के चुनाव में भाजपा ने नियमों के विपरीत गलत ढंग से नामांकन कराया है । शिकायत का तत्काल प्रभाव निस्तारित करते हुए नामांकन निरस्त किया जाए।

### चार सहायक निदेशक बने उप निदेशक

**अमृत विचार, लखनऊ :** कौशल विकास विभाग में मंगलवार को चार सहायक निदेशक आलोक कुमार, अमित कुमार मद्धेशिया, रत्नाकर सिंह व किशन स्वरूप पदोन्नति पाकर उप निदेशक बन गए हैं।

## उत्तर प्रदेश कैबिनेट के फैसले

# फिर से शुरू होंगे बंद सिनेमाघर कई जिलों में खुलेंगे मल्टीप्लेक्स

## एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण एवं उच्चीकरण के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए उप्र. में बंद पड़े सिनेमाघर को पुनः संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही मल्टीप्लेक्स विहीन जिलों में जल्द से जल्द मल्टीप्लेक्स निर्माण को प्रोत्साहित करने, एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने एवं संचालित सिनेमाघरों के उच्चीकरण के लिए समेकित प्रोत्साहन योजना को मंजूरी प्रदान की है।

यह योजना 5 साल तक प्रभावी रहेगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इस बारे में बताया कि सिनेमाघर, मल्टीप्लेक्स द्वारा राजकोष में जमा की गयी एसजीएसटी से प्रस्तावित अनुदान दिया जायेगा, जिससे राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय भार नहीं आयेगा। इसके अलावा उप्र. महाधिवक्ता और विधि अधिकारी अधिष्ठान सेवा नियमावली 2009 में पंचम संशोधन और आबकारी नीति 2024-25 में संशोधन के साथ उप्र. श्रम कल्याण परिषद कर्मचारी सेवा नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई।

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति को मिली मंजूरी

योगी सरकार ने राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र को सुदृढ़ करने और युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति, 2024' को लागू किया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यह नीति प्रदेश में बढ़ती उच्च शिक्षा की मांग को पूरा करने के लिए निजी निवेश को प्रोत्साहित करेगी। निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश के युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इस नीति के अंतर्गत, प्रायोजक निकायों को स्टाम्प शुल्क में छूट, कैपिटल सब्सिडी, और विशेष लाभ प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 50 में स्थान प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों को भी अतिरिक्त लाभ दिए जाएंगे। कैबिनेट बैठक में मथुरा और मेरठ में दो नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। मथुरा में केडी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 'राजीव मेमोरियल एकेडमिक वेलफेयर सोसाइटी' को आशय-पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार, मेरठ में विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 'विद्या बाल मण्डली' द्वारा 42 .755 एकड़ भूमि पर प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

### सूचना प्रौद्योगिकी सेवा को उद्योग का दर्जा

राजय सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवाओं को उद्योग का दर्जा दिए जाने का फैसला लिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आवासीय विकास प्राधिकरणों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में औद्योगिक श्रेणी के अन्तर्गत वर्गीकृत भूमि को आईटी, आईटीईएस क्षेत्र की इकाइयों को औद्योगिक दर पर भूमि आवंटन की सुविधा प्रदान करने से आईटी, आईटीईएस इकाइयों को भूमि उपलब्धता में सुगमता होगी। प्रचलित दरों के अनुसार इस क्षेत्र के लिए विद्युत की लागत में लगभग 18 प्रतिशत की बचत होगी।

### मक्का, बाजरा व ज्वार की एमएसपी तय

राज्य सरकार ने मक्का, बाजरा और ज्वार का समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि मक्का की एमएसपी 2285 रूपये, बाजरा की एमएसपी 3431 और ज्वार की एमएसपी 2625 रूपये प्रति क्विंटल होगी। मक्के की 21 जिलों में ,बाजरा की खरीद 32 जिलों में और ज्वार की 11 जिलों में खरीद की जाएगी।

### किसानों की आय बढ़ाने को एग्रीस योजना को मंजूरी

किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव यूपी एग्रीस को भी मंजूरी प्रदान की। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि उप्र. में बुंदेलखंड और पूर्वोत्तर की प्रोडक्टिविटी पश्चिम की अपेक्षा कम रहती है। इसे बढ़ाने और नवाचार, आर्थिक बढ़ोत्तरी समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को लाभ देना है। यह 28 जिलों में लागू होगी। झांसी, चित्रकूट, गोरखपुर, वाराणसी, विंध्य, आजमगढ़, बस्ती और देवीपाटन मंडल के जिलों में परियोजना लागू की जाएगी। यह परियोजना 4000 करोड़ की होगी और छह वर्षों के भीतर लागू होगी। इस वर्ष के बजट में 200 करोड़ का प्रावधान किया गया था। परियोजना में कुल मिलाकर 1166 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। परियोजना में विश्व बैंक द्वारा 2737 करोड़ रुपये लगाए जाएंगे। ऋण वापसी की अवधि पैंतीव वर्षों की होगी और ब्याजदर 1.23 प्रतिशत रहेगी।

### अन्य कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ सोलर पार्क विकसित होंगे ।
- आगरा में नक्षत्रशाला साइंस सिटी व विज्ञान पाठ की स्थापना होगी।
- यूपी 112 में 380 नए वाहनों की खरीद को दी गई मंजूरी।
- 75 जिलों में 75 फॉरेंसिक मोबाइल वैन खरीदने को मंजूरी।
- लखीमपुर खीरी के गोला में शिव मंदिर कॉरिडोर के लिए 19324 .67 वर्ग मीटर भूमि पर्यटन विभाग को फ्री उपलब्ध करवाए जाने का प्रस्ताव।

## बिजली कनेक्शन की दरे बढ़ाने के मामले में मांगा जवाब

**अमृत विचार , लखनऊ :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की याचिका पर राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नए बिजली कनेक्शन की दरों के निर्धारण मामले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है।

उपभोक्ता परिषद ने 20 सितंबर को आयोग में शिकायत की थी कि पावर कॉरपोरेशन के प्रस्ताव में घरेलू, वाणिज्यिक व अन्य उपभोक्ताओं के लिए कनेक्शन की दरें बढ़ाने की बात कही गई है। हालांकि, पावर कॉरपोरेशन की ओर से प्रस्ताव में उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन में छूट देने का दावा किया गया था। उपभोक्ता परिषद की शिकायत पर आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से बिंदुवार विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने 50 किलोवाट के ऊपर हाईटेंशन लाइन पर कनेक्शन लेने के दौरान 'क्यूबिक इंफ्रास्ट्रक्चर' व ट्रांसफार्मर की व्यवस्था उपभोक्ता के स्तर पर किए जाने के प्रस्ताव पर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

# प्रदेश में 37 परियोजनाओं के निर्माण को रेरा ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद और निजी परियोजनाएं शामिल**

**अमृत विचार :** लखनऊ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गोरखपुर समेत अन्य बड़े शहरों में विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद समेत निजी बिल्डर 37 परियोजनाएं विकसित करेंगे। इनके निर्माण की उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) ने स्वीकृति देकर पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया है।

अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि सितंबर माह में सबसे अधिक 37 नवीन परियोजनाओं के पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी हुए हैं। इनमें विभिन्न विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद व निजी बिल्डरों की 27 आवासीय, सात व्यवसायिक व तीन मिश्रित वर्ग की परियोजनाएं हैं। गाजियाबाद में सात, लखनऊ में सात, गौतमबुद्ध नगर छह, मथुरा चार, झांसी तीन, प्रयागराज तीन, मेरठ दो, आगरा दो, बिजनौर, गोरखपुर व मुरादाबाद में एक-एक परियोजना बनेगी। लगभग 5,93,041 वर्ग मीटर भूमि पर 7,198 करोड़ रुपये का निवेश करके 11,281 आवासीय तथा व्यावसायिक इकाई का निर्माण और विकास कराया जाएगा।

संबंधित को निर्देश दिए हैं कि परियोजना की पंजीयन संख्या, विशिष्ट क्यूआर कोड, रेरा वेबसाइट व प्रोजेक्ट कलेक्शन खाता का विवरण सभी प्रकार के विज्ञापन, प्रचार-प्रसार सामग्री में प्रमुखता से उल्लेख करेंगे। साथ ही कार्यालय में प्रतिलिपि, साइट ऑफिस और निर्माण स्थल पर लगाने लगाए जाएंगे। इससे घर खरीदार और आमजन आसानी से परियोजना की जानकारी कर सकेंगे।

# शिक्षामित्र-संविदा कर्मियों की हो सकती है वेतन वृद्धि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकार शिक्षामित्र, रसोइये, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और संविदा एवं आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे शिक्षा कर्मियों के मानदेय अथवा वेतन में बढोत्तरी करने पर विचार कर रही है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग के दफ्तरों एवं स्कूलों से मानदेय, संविदा, आउटसोर्सिंग एवं दैनिक वेतन पर काम करने वाले शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों का ब्योरा तलब किया गया है।

दरअसल, केन्द्र सरकार ने पिछले माह अलग-अलग श्रेणी के श्रमिकों के दैनिक वेतन में वृद्धि करने की घोषणा की है। चूंकि कोर्ट के आदेश पर राज्य सरकार का भी प्रदेश के शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के साथ समझौता है कि केन्द्र के समान ही राज्य सरकार के सरकारी शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ-साथ सरकारी उपक्रमों में कार्य करने वाले को भी वेतन भत्ता आदि दिया जाएगा। ऐसे में सेन्ट्रल पैरिटी की नीति अपनाते हुए शासन ने प्रदेश में नियमित के साथ मानदेय एवं संविदा पर कार्य कर रहे शिक्षक एवं अन्य कर्मियों के अलावा आउटसोर्सिंग एवं दैनिक वेतन पर कार्य करने वाले शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों जिनमें आंगनवाड़ी कात्री तथा रसोइये भी शामिल हैं, के मानदेय/पारिश्रमिक या दैनिक वेतन में वृद्धि किए जाने पर विचार करना शुरू कर दिया है।

# संपत्ति का ब्योरा न देने वाले 39 हजार कर्मियों का रुका वेतन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ मानव संपदा पोर्टल पर 30 सितंबर तक अपलोड करना था संपत्ति का पूरा ब्योरा**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक न करने वाले कर्मचारियों को नोटिस देने के साथ उनका सितम्बर माह का वेतन रोक लेगी। उप्र. के 39 हजार कर्मचारी ऐसे रहे जिन्होंने अपनी संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अंतिम दिन 30 सितंबर को भी अपलोड नहीं किया। इस बार आगे के लिए मोहलत भी नहीं दी गई है। सरकार ने उनकी वेतन रोकने का निर्णय लिया है।

फिलहाल, 827583 में से 7 लाख 88 हजार 506 कर्मचारियों ने ही जानकारी अपडेट की है। यानी 39077 कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया। दरअसल, उप्र. के 131748 यानी 15 फीसदी कर्मचारी 17 अगस्त को आदेश जारी होने से पहले ही संपत्ति की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर चुके थे। 31 अगस्त तक यह आंकड़ा बढ़कर 71 फीसदी हो गया।

अगस्त में जिन 29 फीसदी कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया था, उनका वेतन रोकने का आदेश जारी हुआ था। लेकिन गृह विभाग की मांग पर एक माह की मोहलत और दी गई थी। इसके बाद भी 39 हजार कर्मचारियों ने इस बाबत जानकारियां पोर्टल पर नहीं अपडेट कीं।


## वर्ग पहेली-209

**बाएं से दाएं**

2. जंगली भैंसा, वन्य पशु।
4. 1. हित या भलाई के विचार से किया गया कथन, हितवचन 2. वह विचारधारा जो हित
6. 1. यक्ष की स्त्री 2. यक्षिणी 3. दुर्गा की एक अनुचरी।
7. पान बेचने वाला व्यक्ति, पनवाड़ी, बरई, तंबोली।

**ऊपर से नीचे**

1. किसी विषय पर एक राय रखने वाले, समान विचार वाले, सहमत।
2. सूर्योदय के पहले का समय जब आसमान में लाली छा जाती है, उषाकाल, भोर, तड़का।
3. हस्तिनापुर का एक नाम।
4. 1. हिफ़ाज़त संबंधी 2. हिफ़ाज़त या रक्षा करने वाला।
5. 1. गहरा, बेहद करीबी, अंतरंग (मित्र) 2. जिगर संबंधी, जिगर का 3. हार्दिक, दिली 4. अभिन्न, घनिष्ठ।



### वर्ग पहेली -208 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बो | ■ | ■ | 2 अ | ■ | 3 ना |
| ड़ा | ■ | 4 अ | भि | रा | म |
| ■ | ■ | ■ | वं | ■ | ची |
| 5 ऐ | ■ | ■ | चि | ■ | न |
| 6 त | बी | य | त | ■ | ■ |
| बा | ■ | ■ | ■ | ■ | 7 छौं |
| 8 र | हा | ई | ■ | ■ | टा |

## सुडोकू-122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 1 | | 5 | 6 | | | 8 |
| 3 | | | | | 2 | | 4 | |
| | | 8 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 9 | | 1 | | 2 |
| | 6 | 3 | | | | 7 | 8 | |
| 1 | | 2 | | 3 | | | | 5 |
| | | 4 | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | | | | 6 |
| 6 | | | 7 | 4 | | 8 | 2 | |

### सुडोकू - 121 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 3 अक्टूबर 00 .18 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 12 .23 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** – आज आप उत्सव के मूड में रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का तनाव कम होगा। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। नए लक्ष्यों को निर्धारित करेंगे और उसमें काम भी करेंगे।

**वृष** – आज परिजनों का व्यवहार आपको खराब लग सकता है। इसके बावजूद भी आप लोगों का मनोबल बढ़ाने में काफी मदद कर सकते हैं। करियर को लेकर बड़े निर्णय लेने से बचें। फिर नकारात्मक विचारों में मन में न आने दें।

**मिथुन** – आज व्यवसाय में धीमेपन को लेकर थोड़ा चिंतित हो सकते हैं। माता-पिता से सलाह लेकर काम करना उत्तम होगा। बोलचाल के दौरान भाषा की मर्यादा का ध्यान रखें। अनावश्यक बोलने के कारण मजाक का पात्र बन सकते हैं।

**कर्क** – आज कई दिनों से जिस मामले को लेकर अनिर्णय की स्थिति में थे, उसको लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं। कारोबार में आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। मानसिक तनाव में कमी आएगी।

**सिंह** – आज किसी आवश्यक कार्य के पूर्ण न होने से आप क्रोधित हो सकते हैं। धन उधार लेना आपको महंगा पड़ सकता है। अधिकारी वर्ग को आपके काफी अपेक्षा होगी। कारोबार को लेकर आपका अनुमान पूरी तरह से गलत सिद्ध हो सकता है।

**कन्या** – आज दैनिक दिनचर्या काफी उलझी हुई सी प्रतीत होगी। स्वास्थ्य को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित भाव रखेगा। कोई उलझा हुआ मामला सुलझ सकता है। मित्रों से शुभ सूचना मिल सकती है।

**तुला** – आज लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे। मित्रों के प्रति अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। किसी पर भी ज्यादा भरोसा करना घातक हो सकता है। यदि किसी प्रोग्राम का आयोजन कर रहे हैं तो बहुत ज्यादा सावधानी रखें।

**वृश्चिक** – आज रुके कार्यों में गति आएगी। भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों अपनी कूटनीति से विरोधियों को पस्त कर देंगे। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नए अनुभव मिलेंगे।

**धनु** – आज जॉब में काम का दबाव अधिक रहेगा। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। आपके ऊपर सामाजिक उत्तरदायित्व बढ़ने वाला है। व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। आपको जो काम सोच रहे थे वो समय से पूरा हो जाएगा।

**मकर** – आज अपनी दिनचर्या में योग और व्यायाम को शामिल करें। आय के नए साधन तलाशने का प्रयास करेंगे। नए व्यापार की योजना बना सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस लौटाने का दबाव बन सकता है। अपने अंतर्मन की आवाज को अनसुना न करें।

**कुंभ** – आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में आप योगदान दे सकते हैं। व्यवसाय में फाइनेंस को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। ऑफिस में जूनियर्स की बातों से मन व्यथित होगा।

**मीन** – आज व्यापार में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। पार्टनर्स के व्यवहार को लेकर जो समस्या थी उसे चर्चा द्वारा दूर कर लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से शानदार सहयोग मिलेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- संसार – सुबह : 09 .08
- सोच न था – रात : 07 .19

**&pictures**
- केदारनाथ – सुबह : 11 .19
- गदर – रात : 07 .30

**Sony Pix**
- वेनम – सुबह : 10 .17
- द डार्क नाइट – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
- हम साथ साथ हैं – दोपहर : 01 .09
- हीरो हिन्दुस्तानी – रात : 10 .30

**Colors Cineplex**
- स्पाइडर मैन 2 – सुबह : 11 .03
- टाइगर नागेश्वर राव – रात : 07 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी -पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com



सत्य नगर स्थित काली मंदिर परिसर में मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप देते कलाकार।



शारदीय नवरात्र पर सजी दुकानों में खरीदारी करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# सजे पूजा पंडाल, मंदिरों में हुई साफ-सफाई

## शारदीय नवरात्र की तैयारी शुरू, शहर से लेकर गांव तक सजने लगे पंडाल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। 3 अक्टूबर से नवरात्र का पहला दिन है। ऐसे में शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में साफ-सफाई के साथ ही रंगरोगन अंतिम चरण में है। शहर के मां मंसा देवी, मां दुर्गा के अलावा, रालपुर स्थित मिनी वैष्णो, मां संकटा देवी, शंकरपुर स्थित मां दुर्गा मंदिर आदि मंदिरों में सजावट का कार्य तेजी से चल रहा है। नगर पालिका की ओर से प्रमुख मंदिरों के आसपास साफ-सफाई कराई गई। इसके साथ ही लाइटिंग किया जा रहा है, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। इन मंदिरों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। ऐसे में पुलिस प्रशासन भी सतर्क है।

### अंग्रेजों के जमाने का है मां शीतला देवी मंदिर

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र के प्रथम पावन दिवस पर सराफा मंडी लालगंज स्थित मां शीतला देवी मंदिर में विशाल भव्य जागरण होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी पुष्कर गुप्ता ने बताया कि विगत 4 वर्षों से मां की आराधना और जागरण का कार्यक्रम हो रहा है। बुधवार तीन अक्टूबर को पिंटू शर्मा एण्ड जागरण पार्टीके द्वारा कार्यक्रम होगा। वही शीतला मंदिर के अनुयाई और सर्राफा व्यापारी सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि मां शीतला देवी का मंदिर अंग्रेजों के जमाने का मंदिर है। सैकड़ो वर्ष पुराना मंदिर है।



प्रसिद्ध मां शीतला देवी मंदिर।

विवाह के कार्यक्रमों में मां शीतला देवी मंदिर में ही पूजन के कार्यक्रम होते है। मनौती यह भी है कि अगर किसी के भी देवी जी निकलती है तो मां शीतला देवी मंदिर में जल चढ़ाने से देवी जी का प्रकोप हट जाता है। स्थानीय लोगों में मां शीतला मंदिर के प्रति अटूट श्रद्धा और विश्वास है। नवरात्र में प्रतिदिन आरती पूजन का कार्यक्रम होता है। जागरण कार्यक्रम के आयोजन में दीपक गुप्ता, शुभम गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, राहुल गुप्ता, बउवा गुप्ता, रितिक गुप्ता, समर्थ गुप्ता आदि कार्यकर्ता लगे हुए हैं।



पुष्कर गुप्ता।



दीपक गुप्ता।



शुभम गुप्ता।



सुरेंद्र गुप्ता।

## बीडीओ ने गांवों की कराई साफ-सफाई

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़े के अंतर्गत खण्ड विकास अधिकारी ने गांवों का निरीक्षण कर साफ-सफाई के निर्देश दिए। मंगलवार को खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने क्षेत्र के कोटवामदनिया व हलोर ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। कोटवामदनिया गांव में गंदगी देख खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने वहां के सफाई कर्मचारी को तत्काल साफ-सफाई के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों से चर्चा करते हुए खण्ड विकास अधिकारी ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए संक्रामक बीमारियों से बचाव के सुझाव भी दिए।

# नवंबर में होंगे सामूहिक विवाह, ऑनलाइन आवेदन शुरू

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया है कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग व सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का ऑनलाइन पोर्टल संचालित है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह कराने के लिए आवश्यक है कि कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों, आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा अधिकतम दो लाख तक हो, विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। वर के लिए 21 वर्ष की आयु पूर्ण हो गयी हो। आयु की पुष्टि के लिए स्कूल शैक्षिक रिकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड मान्य होंगे। कन्या अविवाहित हो अथवा विधवा, परित्यक्तता/तलाकशुदा जिसका कानूनी रूप से तलाक हो गया हो, का पुनर्विवाह किया जाना हो, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। विधवा की दशा में सक्षम स्तर से निर्गत पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र एवं परित्यक्तता/तलाकशुदा महिलाओं हेतु न्यायालयी आदेश की छायाप्रति ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा।

# व्यापारियों ने की अतिक्रमण अभियान पर रोक लगाने की मांग

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में बछरावां इकाई के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को एक पत्र सौंपा है। व्यापारियों ने डीएम से नगर पंचायत बछरावां के अधिशासी अधिकारी द्वारा नवरात्र पर तीन अक्टूबर से अतिक्रमण अभियान चलाए जाने पर रोक लगाने की मांग की है।

व्यापारियों ने डीएम से कहा है कि हाई कोर्ट ने जिन जगह के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं सिर्फ उस पर ही कार्रवाई कराई जाए, अन्य स्थानों में जो थोड़ा-बहुत अतिक्रमण है, उसको व्यापारी स्वेच्छा से त्योहार हो जाने के पश्चात स्वयं से हटा लेंगे। व्यापारियों ने डीएम को यह भी बताया कि तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि व अन्य त्योहारों की शुरुआत हो रही है इसके बावजूद और नगर पंचायत बछरावां द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाए जाने का मन बनाया गया है। व्यापारियों ने डीएम से अभियान को स्थगित करते हुए 15 दिसंबर के बाद अतिक्रमण अभियान चलाए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश युवा उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता, बछरावां अध्यक्ष ओमिक सोनी, महामंत्री अमित वर्मा, अंजनी गुप्ता, सतीश सोनकर, विधानसभा प्रभारी गौरव बाबा, संदीप वर्मा, अखिलेश चौधरी, रोहित वैश्य, राजू कुशवाहा, दुर्गा द्विवेदी, पंकज सिंह, भूपेश कुशवाहा उपस्थित रहे।

# अध्यक्ष व ईओ ने किया निरीक्षण



नसीराबाद में निरीक्षण करते नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अली व ईओ दिनेश कुमार सिंह।

नसीराबाद, रायबरेली

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व को लेकर नगर पंचायत नसीराबाद में जोरशोर से तैयारी चल रही है। कस्बे में जगह-जगह पूजा पंडाल लगाए जाएंगे। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अली (फाखिर) ने दुर्गा पूजा स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए नगर में स्थापित होने वाली दुर्गा प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई बिजली व पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। ईओ ने नवरात्र पर स्थापित दुर्गा प्रतिमा स्थल पर साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति भी की है, जिससे साफ सफाई की चाक चौबंद रहे। इस मौके पर मो. नासिर, मोहम्मद मुर्तजा, मो. नसीम, सगीर अहमद, पवन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### विश्व हृदय दिवस पर स्वास्थ शिविर का आयोजन

**रायबरेली, अमृत विचार।** मंगलवार को राही ब्लॉक के खागीपुर सड़वा पीएचसी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मुंशीगंज की ओर से विश्व हृदय दिवस पर हृदय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निदेशक प्रोफेसर डॉ. अरविंद राजवंशी के निर्देशन व रजिस्ट्रार डा भोलानाथ के नेतृत्व व देखरेख मे शिविर लगाया गया। शिविर मे आए लोगो के हृदय की जांच की गई।

**आवश्यकता है**

**वीरेंद्र सिंह रामवती मेमोरियल महाविद्यालय कुरसठ हरदोई (2063) में बीएससी में**

**सहायक आचार्य–** विषय रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान में सहायक आचार्य की आवश्यकता है।

नोट– इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के अंदर महाविद्यालय में कागजात जमा करें।

**प्राचार्य/प्रबंधक**

**मो0 : 9936633390, 6388336593**

# चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली

> मेरे कार्यकाल में जितनी भी घटनाएं हुई हैं, उनका खुलासा कर दिया है। क्षेत्र में लगातार चौकसी की जा रही है।
> –शिवशंकर सिंह, कोतवाल

**अमृत विचार:** क्षेत्र में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही है। इससे पुलिस गश्त की पोल खुलती जा रही है। वहीं ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वारदात पर अंकुश इसके लिए ग्रामीण खुद ही पहरेदारी करने लगे हैं। उनका पुलिस से भरोसा तक उठने लगा है। हाल यह है कि पुलिस की उदासीनता के चलते सारी रात जागकर काटने को मजबूर हैं।

चोर रोजाना किसी न किसी गांव में दस्तक दे रहे हैं। इसके बावजूद सरेनी पुलिस ग्रामीणों की शिकायत का मजाक उड़ाने में लगी है। एक माह में हुई एक दर्जन चोरियों का पर्दाफाश तक नही कर पाई। बड़ी घटनाओं के आगे लाचार पुलिस अपने को बचाने के लिए मवेशी, बैटरी आदि चोरी की वारदातों को रफादफा करने में लगी है। चोरों ने नीबी गांव मे दो घरों में चोरी की, जिसमें जिला पंचायत सदस्य का भी घर शामिल था, लेकिन पुलिस आज तक इनमें से किसी भी चोरी का वर्क आउट करने में नाकाम रही। पलटीखेड़ा गांव में सद्दीक पुत्र अली शेर के घर से चोर लाखों रुपये के जेवर व नकदी चुरा ले गए। पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठे रही। समोधा व सिहोलेश्वर के दंगल से दो बाइके चोरी की गई। पुलिस ने इन घटनाओं को भी कोई तवज्जों नहीं दिया।

झामपुर व भावा खेड़ा से भैसे चोरी हो गई। एक मामले में ग्रामीणों ने चोरों को पकड़कर पुलिस के हवाले भी किया, जिसे पुलिस ने ले देकर छोड़ दिया। इसी तरह से विशायकपुर व आसपास के गांव से कई बैटरी चोरी हुई। जिसमें पुलिस ने माल भी बरामद किया था, लेकिन इस मामले में भी पुलिस ने लीपापोती कर दी। लखनापुर में चोर रात में एक घर में घुसे व विपिन त्रिवेदी की पत्नी गुड़िया के साथ मारपीट की।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **22.10.2024 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नही किये जायेगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 09702024 दिनांक 01.10.2024 | | |
| निविदा संख्या | 1. 28-Sr.DEN-VI-LKO-2024-25 (2) 29-Sr.DEN-VI-LKO-2024-25 | | |
| कार्य का नाम | 1. महाकुम्भ–2025 के दौरान सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अन्तर्गत पीआरजी, पीवाईजीएस, पीएफएम और आसपास के स्टेशनों की सभी रेलवे परिसंपत्तियों की सफेदी, रंग–रोगन, पेंटिंग और मरम्मत तथा पीआरजी में आरपीएफ बैरक और अन्य सेवा भवनों का नवीनीकरण का कार्य। 2. महाकुंभ–25 के दौरान सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अंतर्गत पीआरजी, पीएफएम और पीवाईजीएस तथा अन्य समीपवर्ती क्षेत्रों में स्टेशन परिसर में सड़क की सतह, जल निकासी, सीवरेज की मरम्मत का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | 1. Rs.3,49,99,929.98 (2) Rs. 1,99,99,707.47 | धरोहर राशि | 1. Rs. 3,25,000.00 (2) Rs. 2,50,000.00 |
| कार्य की समापन अवधि | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चार माह। 2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से तीन माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 08.10.2024 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 22.10.2024 15:00 बजे | | |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3036/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मंडलीय बॉक्सिंग टूर्नामेंट के लिए 10 खिलाड़ी चयनित

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन कस्बे के डा. रिजवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में किया गया। इस चयन प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 30 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें मंडलीय प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम में 10 खिलाड़ियों को चयन कर शामिल किया गया। सभी चयनित खिलाड़ियों की घोषणा माध्यमिक जिला खेल सचिव अजय सिंह चंदेल ने किया।

प्रतियोगिता के संयोजक अताउर रहमान ने बताया कि केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में चार अक्टूबर को आयोजित होने वाली लखनऊ मंडल की स्कूली बॉक्सिंग प्रतियोगिता में रायबरेली की यह टीम प्रतिभाग करेगी। इस चयन प्रतियोगिता में अखंडदीप सोनकर, पूनम यादव, जीतेन्द्र प्रजापति, अनुराग यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। चयनित खिलाड़ियों में पंडित दीनानाथ इंटर कालेज लालगंज के सुयश शुक्ला, बैसवारा इंटर कालेज लालगंज के हर्ष शेर बहादुर, आचार्य द्विवेदी इंटर कालेज भोजपुर के मोहित साहू, आशीर्वाद इंटर कालेज से रवि सिंह, रामबली पाल हायर सेकेण्डरी स्कूल डिघिया के दीपक कुमार यादव, श्री नर्मदेश्वर इंटर कालेज रामबाग से रोहित कुमार और प्रशांत कुमार का चयन किया गया।

**कार्यालय नगर पंचायत नसीराबाद जनपद रायबरेली**

पत्रांक– 530/अधि0अधि0/न0प0न0/ले0वि0/2024–25 दिनांक– 01/10/2024

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदेश के नगर निकायों को स्वायत्तशासित एवं वित्तीय रूप से स्वालम्बी बनाने तथा इनकी कार्य प्रणाली में पारदर्शिता लाने हेतु भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की सभी नगर निकायों में अनिवार्य रूप से एक्रुवल आधारित दोहरी लेखाप्रणाली को लागू करने हेतु कड़े निर्देश दिये हैं।

अतः उक्त के क्रम में नगर पंचायत नसीराबाद में एक्रुवल आधारित दोहरा लेखा प्रणाली के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 हेतु बैलेन्स शीट एवं अन्य अन्तिम खाते तैयार करने हेतु योग्य अनुभवी फील्ड लेवल कंसल्टेंट (चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट) को नियुक्त किये जाने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए इच्छुक चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट फर्मो से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य विवरण हेतु इच्छुक फर्म नगर पंचायत नसीराबाद से सलाहकारी निर्देश पत्र (टी0आर0ओ0) दिनांक 22/10/2024 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकतें हैं, अथवा विस्तृत जानकारी एवं शर्ते हेतु कार्यालय दिवस में सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क कर ले सकतें हैं। कार्य करने हेतु इच्छुक फर्म अपने–अपने तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव अलग–अलग मोहरबन्द लिफाफों में दिनांक 23/10/2024 को अपरान्ह 02 बजे तक नगर पंचायत नसीराबाद में जमा कर सकतें हैं।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत नसीराबाद**
**रायबरेली**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत नसीराबाद**
**रायबरेली**

**कार्यालय उप जिलाधिकारी, मिश्रिख जनपद–सीतापुर**

पत्रांक : 1291/10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा–नीलामी सूचना/2024–25 दिनांक : 21 सितम्बर 2024

**प्रेस–विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मत्स्य पालन हेतु तालाब/पोखर/मीनाशय एवं जल प्रणालियों के 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा आवंटन हेतु 0.202 हे0 से अधिक व 2.00 हे0 तक क्षेत्रफल वाले तालाबों का पात्र व्यक्तियों के मध्य तथा 2.00 हे0 से अधिक क्षेत्रफल के तालाबों को मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के मध्य यथा संशोधित राजस्व संहिता 2016 की धारा 61 के अन्तर्गत नीलामी हेतु शिविर का आयोजन दिनांक 25.10.2024 को तहसील मिश्रिख के सभागार कक्ष में किया जायेगा। 0.202 हे0 से अधिक व 2.00 हे0 से कम क्षेत्रफल वाले तालाबों का लगान अधिकतम रूपया 5,000.00 प्रति हेक्टेयर तथा 2.00 हेक्टेयर से अधिक के तालाबों का लगान रूपया 10,000.00 प्रति हेक्टेयर से कम नहीं होगा। जिसका विवरण निम्नवत है :–

**शिविर/नीलामी का स्थान** – तहसील सभागार मिश्रिख।
**प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करने का समय** – प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक
**नीलामी का समय** – अपरान्ह 2.00 बजे से
**नीलामी अधिकारी** – तहसीलदार मिश्रिख।

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | तालाब/पोखर का गाटा संख्या | तालाब का क्षेत्र0 (हे0) | आरक्षित बोली की न्यूनतम धनराशि (रू0 में) | नीलामी की तिथि | बोली बोलने के लिये जमानत राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | संदना | 172/639 | 1.2060 | 6,030.00 | 25.10.2024 | 700.00 |
| 2. | संदना | 583मि0 | 1.189 | 5,945.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 3. | ढलिया | 312/2 | 3.5210 | 35,210.00 | 25.10.2024 | 3,600.00 |
| 4. | ढलिया | 258/2 | 1.1450 | 5,725.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 5. | औरंगाबाद | 324 | 1.0030 | 5,015.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 6. | भिठौली | 1082 | 0.3000 | 1,500.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 7. | भिठौली | 679मि0 | 0.2430 | 1,215.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 8. | भिठौली | 679मि0 | 0.9150 | 4,575.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 9. | भिठौली | 679 | 1.158 | 5,790.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 10. | भिठौली | 1380 | 0.202 | 1,010.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 11. | सरौसा | 516 | 0.2020 | 1,010.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 12. | सरौसा | 708क | 0.5510 | 2,755.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 13. | सरौसा | 232 | 0.3520 | 1,760.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 14. | सकरारा | 766 | 0.2710 | 1,355.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 15. | कोहरावाँ | 412 | 0.8660 | 4,330.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 16. | बिनौरा | 884 | 0.2550 | 1,275.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 17. | कुसहा | 17 | 2.8080 | 28,080.00 | 25.10.2024 | 2,900.00 |
| 18. | कुसहा | 89मि0 | 4.7190 | 47,190.00 | 25.10.2024 | 4,800.00 |
| 19. | लेखनापुर | 1331 | 1.874 | 9,370.00 | 25.10.2024 | 1000.00 |
| 20. | लेखनापुर | 332 | 1.263 | 6,315.00 | 25.10.2024 | 700.00 |
| 21. | गोडा | 610 | 0.340 | 1,700.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 22. | अटवा | 1429 | 0.514 | 2,570.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 23. | अटवा | 1020मि0 | 0.513 | 2,565.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 24. | अटवा | 1167 | 0.648 | 3,240.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 25. | अटवा | 1176 | 0.8780 | 4,390.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 26. | बहोरनपुर | 226 | 0.607 | 3,035.00 | 25.10.2024 | 3100.00 |
| 27. | लालपुर | 695क | 1.445 | 7,225.00 | 25.10.2024 | 800.00 |
| 28. | विजान ग्रन्ट | 431 | 0.579 | 2,895.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 29. | तरसावां | 798क | 1.052 | 5,260.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 30. | मरेली | 806 | 0.554 | 2,770.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 31. | मरेली | 508 | 1.380 | 6,900.00 | 25.10.2024 | 700.00 |
| 32. | सहादतनगर | 172मि0 | 0.308 | 1,540.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 33. | औरंगाबाद | 324 | 1.003 | 5,015.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 34. | औरंगाबाद | 1284ग | 0.437 | 2,185.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 35. | औरंगाबाद | 555 | 0.825 | 4,125.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 36. | राजेपारा | 1101 | 0.717 | 3,585.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 37. | राजेपारा | 760 | 0.547 | 2,735.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 38. | राजेपारा | 893 | 0.567 | 2,835.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 39. | राजेपारा | 965 | 0.384 | 1,920.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 40. | केसरा | 17 | 0.510 | 2,550.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 41. | भिठौरा | 121मि0 | 0.757 | 3,785.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 42. | भिठौरा | 529मि0 | 0.275 | 1,375.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 43. | साहबनगर | 251 | 0.640 | 3,200.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 44. | कुतुबनगर | 790 | 0.886 | 4,430.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 45. | सरवां | 349 | 0.518 | 2,590.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 46. | रामपुर परगना मछरेहटा | 401 | 0.405 | 2,025.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 47. | रामपुर परगना मछरेहटा | 24मि0 | 0.724 | 3,620.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 48. | लकड़ियामऊ | 846 | 1.056 | 5,280.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 49. | अमटामऊ | 845/3 | 0.231 | 1,155.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 50. | बरचन्दपुर | 221 | 0.251 | 1,255.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 51. | बरचन्दपुर | 69 | 0.324 | 1,620.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 52. | कैथौलिया | 163मि0 | 0.769 | 3,845.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 53. | माइर | 939 | 0.344 | 1,720.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 54. | राजागांव | 172 | 0.890 | 4,450.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 55. | चितरेहटा | 61 | 0.429 | 2,145.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 56. | बहोरनपुर | 15ख मि0 | 0.2020 | 1,010.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 57. | बहोरनपुर | 15ख | 0.8090 | 4,045.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 58. | चितरेहटा | 165 | 0.688 | 3,440.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 59. | चितरेहटा | 50 | 0.571 | 2,855.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 60. | बिजुआमऊ | 711ग | 0.983 | 4,915.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 61. | बिलरिया | 115 | 1.229 | 6,145.00 | 25.10.2024 | 700.00 |
| 62. | असरफनगर | 342 | 0.466 | 2,330.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 63. | असरफनगर | 736/1 | 0.551 | 2,755.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 64. | असरफनगर | 747/2 | 0.243 | 1,215.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 65. | कुसहा | 89मि0 | 4.719 | 47,190.00 | 25.10.2024 | 4,800.00 |
| 66. | कुनेहटा लक्षीरामपुर | 871 | 0.259 | 1,295.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 67. | बरचन्दपुर | 69 | 0.324 | 1,620.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 68. | कुनेहटा लक्षीरामपुर | 361 | 0.210 | 1,050.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 69. | माइर | 866 | 0.551 | 2,755.00 | 25.10.2024 | 300.00 |
| 70. | माइर | 675 | 0.275 | 1,375.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 71. | हीरापुर | 407मि0 | 0.388 | 1,940.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 72. | टेड़वा | 407 | 0.287 | 1,435.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 73. | अब्दीपुर | 214मि0 | 0.648 | 3,240.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 74. | बजीरनगर | 215 | 0.388 | 1,940.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 75. | देवगवां | 371 | 1.914 | 9,570.00 | 25.10.2024 | 1,000.00 |
| 76. | मसूरी | 180मि0 | 0.817 | 4,085.00 | 25.10.2024 | 500.00 |
| 77. | किन्हौटी | 26 | 0.700 | 3,500.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 78. | मिरचौड़ी | 1117 | 0.340 | 1,700.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 79. | मिरचौड़ी | 1137 | 0.320 | 1,600.00 | 25.10.2024 | 200.00 |
| 80. | मिरचौड़ी | 1043मि0 | 0.640 | 3,200.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 81. | मिरचौड़ी | 535मि0 | 0.632 | 3,160.00 | 25.10.2024 | 400.00 |
| 82. | बेहड़माफी | 101/2 | 1.141 | 5,705.00 | 25.10.2024 | 600.00 |
| 83. | फतेहनगर | 453 | 0.662 | 3,310.00 | 25.10.2024 | 400.00 |

मत्स्य पालन पट्टे का लगान का बकायेदार व्यक्ति अथवा समिति को किसी भी दशा में मत्स्य पालन पट्टा लेने हेतु बोली में शामिल नहीं किया जायेगा। मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के लिये यह अनिवार्य होगी कि समिति के अध्यक्ष/सचिव सहायक निदेशक मत्स्य, सीतापुर से अद्यतन प्रमाण पत्र प्राप्त कर नीलामी के समय प्रस्तुत करेंगे। ऐसा न करने पर नीलाम प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे। नीलामी में मत्स्य जीवी सहकारी समितियों को सहायक निदेशक मत्स्य से समिति के वैधता की संस्तुति लेना अनिवार्य होगा। राजस्व परिषद की वेबसाइट bor.up.nic.in पर शासनादेश उपलब्ध है।

**शिविर में भाग लेने की पात्रता व शर्तें :–**

1. नीलामी प्रक्रिया के बोली की पात्रता एवं शर्ते राजस्व संहिता 2016 (यथा संशोधित) के अनुरूप होंगी। जो तहसील कार्यालय एवं राजस्व परिषद की वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2. मत्स्य पालन पट्टा शिविर में भाग लेने के लिये लाभार्थी को आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जोकि 06 माह से पूर्व का न हो।
3. पट्टे की शर्ते एवं अन्य किसी जानकारी हेतु शिविर तिथि से पूर्व कार्यालय तहसीलदार मिश्रिख से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। किसी भी लिपिकीय त्रुटि के लिये कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
4. नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकारी उप जिलाधिकारी मिश्रिख में निहित रहेगा। उप जिलाधिकारी मिश्रिख का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

UP – 219944 दिनांक 26.09.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

**उप जिलाधिकारी**
**मिश्रिख–सीतापुर**

## एक नजर

### बेहटा कला में जवाबी कीर्तन छह अक्टूबर को

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर बेहटा कला गांव में नामचीन कीर्तन कलाकारों के मध्य जोरदार मुकाबला देखने को मिलेगा। कीर्तन कार्यक्रम के आयोजक क्षेत्र पंचायत सदस्य और मीडिया जगत से जुड़े अनंत विजय सिंह ने बताया कि गत वर्षों की तरह गांव के श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर में जवाबी कीर्तन का मुकाबला होने जा रहा है। लोगों को छतरपुर के कलाकार बाबूलाल राजपूत और भिंड की कलाकार कल्पना दुबे की जोरदार कीर्तन सुनने को मिलेगी। जवाबी कीर्तन का कार्यक्रम 6 अक्टूबर को शुरू होगा।

### पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** बुजुर्गों के पुराने भवन की मरम्मत में गांव का एक व्यक्ति जबरन रोक लगा रहा है। मामले में प्रशासन शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत की है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पुरे छीटू सिंह मजरे सवैया हसन का है। राम भवन का कहना है कि वह उसके पुश्तैनी भवन पर कब्जा करना चाहते हैं। इस मामले की शिकायत राजस्व और पुलिस अधिकारियों से की गई, किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर मामले की शिकायत की है। एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि मामले में लेखपाल को जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

### कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली में मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि नवरात्रि, देवी पूजा, दशहरा और दीपावली के त्योहारों को मिलजुल कर मनाने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने पीस कमेटी में मौजूद लोगों से उनके आसपास की दुर्गा स्थापना और अन्य कार्यक्रमों की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़ने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें, कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीस कमेटी की बैठक में विवेक शर्मा, रोहित सोनी, अप्पू शर्मा, मृत्युंजय बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने डीएम से की कब्जा करने की शिकायत

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** तालाब और बंजर भूमि पर कराए गए निर्माण पर गांव के व्यक्तियों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत डीएम से की गई है। दरअसल यह मामला लालगंज तहसील के धुरेमऊ गांव का है। डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि गाटा संख्या 309 और 310 तालाब व बंजर की जमीन है। इस भूमि पर पूर्व प्रधान के द्वारा रास्ता बनवाया गया था लेकिन कुछ लोगों ने इस भूमि पर जबरन कब्जा करने के लिए रास्ता बंद कर दिया है। रास्ता बंद करने से अब गांव के अन्य लोग अपने खेतों में नहीं जा पा रहे हैं।

# चाचा ने तीन वर्षीय भतीजे को मार डाला, जांच शुरू

## मां ने देवर पर लगाए हत्या के आरोप, पुलिस ने हिरासत में लिया

संवाददाता, सतांव, रायबरेली



गुरुबक्शगंज क्षेत्र के चंदवल गांव में बच्चे की हत्या के बाद जांच-पड़ताल करती पुलिस। इनसेट में अंकुश की फाइल फोटो। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के चंदवल गांव में मंगलवार की सुबह एक तीन वर्षीय मासूम बच्चे की हत्या कर दी गई। घटना के बाद परिवारजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चाचा को हिरासत में ले लिया है। घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से मासूम की हत्या से जुड़े अहम साक्ष्य एकत्रित किये हैं।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के चन्दवल गांव निवासी सुमित का तीन वर्षीय बेटा अंकुश घर के बरामदे में सो रहा था। उसकी मां पूनम उससे थोड़ी दूर पर लेटी हुई थी। सुबह पांच बजे के आसपास जब पूनम की नींद खुली तो उसने देखा अंकुश चारपाई पर नहीं था। आस पास खोजा तो घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर अंकुश मरणासन्न अवस्था में पड़ा था। परिवारजन आनन-फानन में उसे सीएचसी जतुआ टप्पा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां पूनम के अनुसार उसके देवर अनुज (26), जो मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। उसका आरोप है कि मासूम बेटे अंकुश की हत्या उसके देवर ने ही की है। मां ने यह भी आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके देवर अनुज ने पहले भी बड़े बेटे की गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की है। बेटे की हत्या किए जाने पर मां द्वारा देवर पर लगाए गए आरोपों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस ने आरोपी देवर अनुज को गांव से कुछ दूर पर स्थित बाग से हिरासत में ले लिया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से जांच पड़ताल कर घटना से जुड़े कई साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस मृतक बच्चे के शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**▸▸ गुरुबक्शगंज क्षेत्र के चंदवल गांव पहुंच कर पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने की जांच पड़ताल**

> मां पूनम की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> -संजय सिंह, कार्यवाहक थानाध्यक्ष

# नाला टूटने से गांव में घुस रहा एनटीपीसी प्लांट का पानी

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली

**▸▸ जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण करेंगे आन्दोलन**



गांव की गलियों में भरा पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** एनटीपीसी की बाउंड्री से तीन ओर से घिरा गांव फरीदपुर का जीवन बद से बदतर हो गया है। एनटीपीसी का नाला ध्वस्त होने के कारण प्लांट का पानी गांव में घुस रहा है, जिससे गांव की गलियों में पानी ही पानी नजर आ रहा है। पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष हरिशरण सिंह उर्फ मुन्नू ने ग्रामीणों के हित में आवाज उठाई है और तत्काल समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।


फरीदपुर एनटीपीसी कालोनी और प्लांट के बीच में स्थित है। रह गांव तीन ओर से एनटीपीसी बाउंड्री से घिरा हुआ है। एनटीपीसी प्लांट के आपातकालीन गेट के पास से एक नाला बनाकर उसका पानी बहेरवा बाजार के पास नाला मे गिराया गया था। इस नाले से एनटीपीसी प्लांट और फरीदपुर गांव का पानी निकलता रहा है। अब यह नाला पूरी तरह ध्वस्त हो गया है, जिससे पानी नहीं निकल रहा है। परिणाम स्वरूप एनटीपीसी प्लांट का पानी अब फरीदपुर गांव में घुस रहा है। गांव की नालियां भी टूटी है, जिससे पानी उफनाकर गांव के रास्तों में फैल रहा है।

इस समय पूरे गांव के रास्तों में पानी भरा हुआ है, जिससे गांव के लोगों का जीवन बद से बदतर हो गया है। पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष हरिशरण सिंह उर्फ मुन्नू का कहना है कि इस बारे में एनटीपीसी अधिकारियों से बात की गई तो कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। अब यदि इस समस्या का तत्काल समाधान न किया गया तो गांव वालों के संग आंदोलन किया जाएगा।

## अपहृत नाबालिग बालिका बरामद

**लालगंज, अमृत विचार :** 25 सितंबर की भोर कोतवाली क्षेत्र के पूरे दौलत सिंह का पुरवा मजरे कोरिहरा गांव से एक किराएदार मकान मालिक की नाबालिक बालिका का अपहरण हो गया था। किराएदार ने अपहरण के मामले में मकान मालिक की ही कार का इस्तेमाल किया था। बालिका के पिता द्वारा लालगंज कोतवाली में किराएदार अमर सिंह के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था। अमर सिंह मकान मालिक छविराम यादव के घर में रहकर बताशा गोलगप्पे बनाने का काम करता था। वह जालौन जिले का रहने वाला था। क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह और प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के द्वारा लड़की बरामद हो गई है। सूत्रों से पता चला है कि पुलिस बालिका का मेडिकल और अन्य कानूनी कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

## छात्र का एमबीबीएस में चयन पर विद्यालय ने किया सम्मानित



समारोह में छात्र को सम्मानित करते अतिथि।

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के शिवमंगल मौर्य इंटर कॉलेज के छात्र अतुल कुमार मौर्य का सेलेक्शन एमबीबीएस में होने पर कॉलेज के प्रबंधक डॉ आरपी मौर्य और शिक्षण स्टाफ ने सम्मान समारोह का आयोजन किया इस अवसर पर प्रबंधक ने माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।इसके बाद कॉलेज के सभी अध्यापकों और गणमान्य लोगों ने माला पहनाकर सम्मानित किया।अतुल कुमार मौर्य ग्राम मनऊ का इंदारा, अर्खा के निवासी हैं। उनके पिता राजकुमार मौर्य किसान है और उनके दादाजी रामानंद मौर्य पूर्व जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। अतुल मौर्य ने अपनी पूरी पढ़ाई शिवमंगल मौर्य इंटर कॉलेज से किया और नीट की तैयारी डॉ. आरपी मौर्य पूर्व चिकित्सा अधिकारी के दिशा निर्देशन में पूर्ण किया। इस सफलता पर क्षेत्र के और परिवार के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है अतुल मौर्य में अपनी सफलता का सारा श्रेय डा मौर्या को दिया।विदित हो कि अतुल मौर्य डॉ आर पी मौर्य के बड़े भाई रामानंद के पोते हैं। इस अवसर पर लालता प्रसाद मौर्य, बंसीलाल मौर्य, प्रधानाचार्य मीरा मौर्या, और उपप्रधानाचार्य एसएन साहू, डॉ. सरिता मौर्य, प्रिंसिपल सुंदारा देवी फार्मेसी कॉलेज, डॉ. आशीष कुमार मौर्य (सीनियर मेडिकल ऑफिसर), सुरेश कुमार मौर्य, बीएल मौर्य, अमरनाथ मौर्य, धर्मेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# कार में रखा सवा लाख रुपये से भरा बैग ले भागे उचक्के

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली

**▸▸ ऊंचाहार बस स्टेशन पर बदमाशों ने दिया झांसा**

**अमृत विचार:** प्रतापगढ़ के पूर्व जिला पंचायत सदस्य के साथ ऊंचाहार बस स्टेशन पर सरे शाम सवा लाख रुपये की लूट हो गई है। बाइक सवार दो युवकों ने घटना को अंजाम दिया और रफू चक्कर हो गए। इस घटना से नगर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

प्रतापगढ़ जनपद के कालाकांकर क्षेत्र से पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहे कमलेश कुमार ऊंचाहार के आकोढिया रोड पर मकान बनाकर रहते हैं। मंगलवार को वह कुछ जरूरी काम से रायबरेली गए हुए थे, जहां से वह वापस आकर ऊंचाहार बस स्टेशन पर रुके और कुछ खरीदारी करने लगे। इस बीच बाइक सवार दो लोग आए और उनसे कहा कि आपकी गाड़ी से नीचे डीजल गिर रहा है, जब वह नीचे अपनी गाड़ी को देखने लगे तो मौका पाकर उन लोगों ने उनके वाहन से रुपयों से भरा हुआ बैग उठा लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते दोनों लोग बैग लेकर रफू चक्कर हो गए। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बैग में एक लाख रुपये थे और जो लोग ले गए हैं, वह संभवत उनके परिचित हैं। हालांकि इस बात से कमलेश कुमार ने इनकार किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस गुमराह कर रही है।

# निर्माण कार्य में लाएं तेजी : डीएम

संवाददाता, रायबरेली



बाईपास का निरीक्षण करतीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने परियोजना निदेशक (पीडी) के साथ एनएचएआई के तहत सई नदी, मुंशीगंज चौराहा, कुचरिया, नवाबगंज, जगतपुर और बाबूगंज आदि में बनाये जा रहे बाईपास निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यो में तेजी लाने के साथ साथ सुरक्षा मानकों का पालन नियमानुसार कराये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति एवं स्थानीय निवासियों की समस्याओं के समाधान की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में सुविधाओं के विकास के लिए योजना बनाकर बाईपास निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए, जिससे निर्माण के साथ स्थानीय लोगों और यात्रियों को इसका लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाईपास निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। इस मौके पर एनएचएआई के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठजन हुए सम्मानित



अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन डीएम।

**रायबरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आईटीआई परिसर स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में वृद्धजनों को सम्मानित किया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों का कुशल क्षेम पूछा और समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया कि उनकी सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि हमें अपने वरिष्ठजनों को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। हमें वरिष्ठ जनों के जीवन और अनुभव से सीखने की आवश्यकता है। हम सभी को अपने बुजुर्गों के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी को समझना चाहिए और उनके लिए काम करने वाले संगठनों का समर्थन करना चाहिए। साथ ही वृद्धजनों के लिए देखभाल और समर्थन प्रणालियों को मजबूत करना चाहिए, ताकि वे अपने जीवन को गरिमा और स्वतंत्रता के साथ जी सकें। हमारी युवा पीढ़ी को अपनी डिजिटल दुनिया से इतर इस विषय में भी सोचना चाहिए। यह दिवस वृद्धजनों के योगदान को सम्मानित करने और उनके जीवन को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मनाया जाता है।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी एवं जीपीएस फाउंडेशन के कर्मचारी मौजूद रहे।

### घूर के विवाद में चटकीं लाठियां, पांच लोग घायल

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** लाल बहादुर खेड़ा मजरे पश्चिम गांव में मंगलवार शाम पुराने घूर के विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्ष एक दूसरे पर लाठी डंडे लेकर टूट पड़े। जिसमें एक पक्ष से दीपांशु यादव, अमरेश पुत्रगण रामसजीवन व दूसरे पक्ष से गयादीन पुत्र वासुदेव, कुंज बिहारी पुत्र गयादीन, अभिनव पुत्र कुंज बिहारी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां गयादीन, दीपांशु, कुंजबिहारी की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि जानकारी मिली है। घायलों का इलाज चल रहा है। जांच चल रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### बैसवारा पीजी कॉलेज में एनसीसी कैडेटों का प्रशिक्षण शुरू

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बैसवारा महाविद्यालय में मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स का विधिवत प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। 66 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों के मध्य एक अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक प्रशिक्षण शिविर संचालित किया जाएगा। दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-229 मे कैडेटों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाएगा। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल वी एस पाल ने एकता और अनुशासन राष्ट्र के प्रति समर्पण छात्र जीवन में समाज सेवा के बारे में बताया। साथ ही साथ कैडेटों का एनसीसी के लिए उत्साह बढ़ाना योगाभ्यास के साथ ही खेलकूद और ड्रिल की प्रैक्टिस से कैडेटों को जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव एवं प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने सभी प्रशिक्षुओं को बधाई दी। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि कैंप कमांडर ने कहा कि शिविर के दौरान सभी कैडेटों को अनुशासन और शस्त्र विद्या के बारे में बताया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के लेफ्टिनेंट संजीत सिंह चौहान, लेफ्टिनेंट सत्तेद्र कुमार सिंह सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल, रेफर

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** लखनऊ से रायबरेली बाइक द्वारा जा रहे दो युवक बछरावां थाना अंतरगत टोल नाके के नजदीक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये जिसके चलते उन्हें गम्भीर चोटें आयी एम्बुलेंस की मदद से घायलों को बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घटना मंगलवार सुबह की है अमेठी एयरपोर्ट से नौकरी कर अपने गांव जमालपुर थाना भदोखर जा रहे दो युवक सुखबीर वर्मा पुत्र रामबिलास 28वां राघवेन्द्र पुत्र गयादीन 35 जैसे ही बछरावां चुरवा टोल नाके से थोड़ा आगे बढ़े पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिसके चलते वह डिवाइडर से जा टकराये, घायलों को एनएचआई कि एम्बुलेन्स की मदद से बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### क्विज प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा, पुरस्कृत




राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम में छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि।

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय के आदेशानुसार राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत जूनियर स्कूल मुस्तफाबाद में ब्लाक स्तरीय छात्र-छात्राओं की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में विकास खण्ड के सभी परिषदीय विद्यालयों से बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी ऊंचाहार ऋचा सिंह की देखरेख में हुआ। प्रतियोगिता का संचालन गणित एआरपी अश्विनी शुक्ल,भाषा एआरपी रवि प्रकाश श्रीवास्तव, एआरपी सीमा ने किया। प्रतियोगिता में जूनियर स्कूल कन्दरावा की छात्रा स्नेहा, जूनियर स्कूल हटवा से प्रतिमा, जूनियर स्कूल पिपरहा से अंशिका,जूनियर स्कूल जमुनापुर से गौरी व अंजलि ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन का हुआ आयोजन

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में रामाधीन सिंह पब्लिक स्कूल में अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन एवं कार्यकर्ता चिंतन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने अखंड ज्योति पत्रिका विचार क्रांति का संवाहक बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत डलमऊ बृजेश दत्त गौड़ रहे। अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य संदीप चौधरी ने की। जिला समन्वयक वीबी सिंह ने अखंड ज्योति पत्रिका की सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। जिला युवा समन्वयक सुधांशु त्रिपाठी ने कहा कि विचार क्रांति ही युग परिवर्तन का आधार बनेगा। वर्तमान समय में व्यक्ति के चिंतन वा चरित्र में आई गिरावट ही सभी समस्याओं के मूल में है। सम्मेलन को हरिकांत शर्मा, संदीप चौधरी, दिलीप श्रीवास्तव, भुजंग भूषण शर्मा आदि ने संबोधित किया। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में सतीश कुमार साहू, उदय शंकर, प्रीति दीक्षित, शशि कुमार गुप्ता, राम आधार मौर्य, गिरिजा शंकर यादव, शिवमूर्ति विश्वकर्मा, प्रदीप यादव, राम लोटन यादव आदि का योगदान रहा।

# मृतकों के घर बुझा उम्मीदों का चिराग, पसरा रहा मातम

प्रदीप कुमार गुप्ता

**फॉलोअप**

**▸▸ रविवार को पुणे में हुई दुर्घटना के 48 घण्टे बाद घर पहुंचा शव**

**▸▸ शव गांव पहुंचते ही मृतकों की पत्नियां हुईं अचेत**



मृतकों के घर पसरा मातम, मौजूद ग्रामीण महिलाएं। अमृत विचार

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** मंगलवार की सुबह के करीब ग्यारह बजे थे। महाराष्ट्रा के पुणे कांच फैक्ट्री में हादसे का शिकार हुए सलोन क्षेत्र के दोनों युवकों का शव 48 घण्टे बाद जैसे ही गांव पहुंचा, चीत्कार मच गई। परिवार को जिस कंधों से बहुत उम्मीद थी, उस घर का खेवनहार हमेशा के लिए बैकुंठ वासी हो गया। पारिवारिक सदस्य रिस्तेदार जैसे मृतकों के शव लेकर पहुंचे, दोनों मृतकों की पत्नियां अचेत हो गई। शव पहुंचने के एक घण्टे बाद गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया है। रविवार की दोपहर महाराष्ट्रा ( पुणे) के येवलेवाड़ी इलाके ट्रक से शीशे उतारते वक्त सलोन और ऊंचाहरा थाना क्षेत्र के आधा दर्जन लोग भारी शीशे के ढेर के नीचे दब गए थे। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

**खुशियों और स्वागत के इंतजार में घर आई बेजान शरीर:** घर बनाने की खुशियां और दीपावली पर पति के आने पर स्वागत करने की तैयारी संजोय मृतक पवन की पत्नी आशा बेजान पति को देखते ही दहाड़े मारकर रोने लगी। पिता का शव देखते ही सबसे बड़ी बेटी भारती और गोपी अपनी सुधबुध खो बैठी थी। माता-पिता आसमान में टकटकी लगाए यह सवाल करते रहे कि आखिर उसके बेटे ने किसी का क्या बिगाड़ा था, जो भगवान ने ऐसी मनहूस घड़ी परिवार को दिखाई है।

**जिसने दुनिया नहीं देखी उसने देखा पिता का शव:** दस महीने की रिया ये उस बच्ची का नाम है, जिसके घर मंगलवार सुबह उसके पिता का शव पहुंचा था। पत्नी प्रेमा देवी जो बार-बार पति के प्राण विहीन पार्थिव शरीर को देखकर बच्ची के भविष्य पर लाचार और बेबस थी। उसके पास पति के सीने पर सिर रखकर रोने के सिवाए कुछ नहीं था। वहीं, जिस मासूम गुड़िया ने अभी ठीक से दुनिया ही नहीं देखी थी, वह बच्ची जो पिता के प्यार से मरहूम रह गई हो उस बच्ची के परवरिश की चिंता हर इस व्यक्ति के माथे पर देखी जो मृतक के घर में उनके दुःख में सरीख रहा। बोल कोई नहीं पाया, लेकिन मन ही मन अंदर की आवाज यहीं कह रही थी अब इस मासूम बच्ची के भविष्य का क्या होगा।

**पुलिस व प्रशासन से नहीं मिला सहयोग :** सलोन क्षेत्र के दो युवकों की हादसे में मौत के बाद उच्चाधिकारियों का दिल नहीं पसीजा। पुणे से एम्बुलेंस के जरिये पहुंची मृतकों की पार्थिव शरीर के समीप घर परिवार और रिस्तेदार ही देखे गए। अंतिम संस्कार के वक्त पुलिस और प्रशासन दोनों के पास वक्त नहीं था कि इस दुख की घड़ी में परिवार को सांत्वना से सके। परिजनों और ग्रामीणों का कहना था कि सोमवार को एक अधिकारी आई थी। चंद मिनट रहने के वाद वो भी चली गई। शव पहुंचने के दौरान कोई अफसर यहां नहीं दिखाई दिया।

## दो लोको पायलट हुए पुरस्कृत

**रायबरेली, अमृत विचार:**अपनी उत्कृष्ट संरक्षा सेवाओं मण्डल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने संरक्षा के क्षेत्र मे उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले जिले के लोको पायलट अनिल कुमार तथा सहायक लोको पायलट राम कुमार मौर्या को पुरस्कृत किया गया। बीती 20 जून को उक्त दोनों कर्मचारी ट्रेन संख्या 14201 जौनपुर-रायवरेली एक्सप्रेस लेकर आ रहे थे। गौरीगंज स्टेशन से चलने के वाद अप स्टाटर एवं अप एडवांस स्टार्टर के वीच किमी. 949/25 पुलिया संख्या 429/ए के लखनऊ इंड पर उन्हें जलती हुई आग की रोशनी दिखाई दी। इस पर उन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए ट्रेन को रोक दिया। लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के इस प्रयास से ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

# रामकरन शिवगढ़ व किशन बछरावां ब्लॉक अध्यक्ष बने



मनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष को मनोनयन पत्र देते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली।** सपा युवजन सभा से रामकरन को शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष व किशन कुमार को बछरावां ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं मोहम्मद इरशाद को ग्राम पंचायत सब्जी से ग्राम पंचायत अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिन्हें समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र सिंह, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष सुरेश पटेल, युवजनसभा के बछरावां विधानसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश रावत द्वारा मनोनयन पत्र देकर नई जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। बछरावां विधानसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश रावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गांव-गांव सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी का जनाधार बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के तानाशाही रवैए से जनता परेशान है। प्रदेश की जनता आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जड़ से उखाड़ फेकेगी। यूपी में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि महंगाई, भ्रष्टाचार, बे पटरी हो चुकी कानून व्यवस्था चरम पर है, जिससे जनता परेशान है।

**गांधी जयंती पर विशेष** | 1925 में पहली बार पत्नी कस्तूरबा के साथ रायबरेली आए थे राष्ट्रपिता

# बापू ने रायबरेली से फूंका था आजादी का बिगुल

नीरज श्रीवास्तव, रायबरेली

**रायबरेली, अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का रायबरेली से भी जुड़ाव रहा है। महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन का रायबरेली से ऐसा बिगुल बजाया था जिसने अंग्रेज़ो को पस्त कर दिया था। नमक सत्याग्रह हो या झंडा सत्याग्रह या फिर पूर्ण स्वराज आंदोलन। बापू के चलाए गए आंदोलनों में राना बेनी माधव की धरती पर लोगों पर बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था।

वर्ष 1925 के मार्च-अप्रैल माह में साधारण धोती और कुर्ता पहनकर महात्मा गांधी केरल के दौरे के बाद आजादी की अलख जगाने उत्तर प्रदेश आए थे। इलाहाबाद से प्रतापगढ़ होते हुए लखनऊ जाते समय बापू 25 अक्टूबर 1925 को रायबरेली स्टेशन पहुंचे थे। उनको देखने के लिए स्टेशन पर अपार जनसमूह पहुंच गया था।

उसके करीब चार साल बाद महात्मा गांधी 13 नवंबर 1929 को दोबारा रायबरेली आए। उनकी पहली सभा बछरावां में हुई थी। दूसरे दिन 14 नवंबर को लालगंज में आयोजित विशाल जनसभा में लोगों ने उन्हें हाथों-हाथ लिया। इस जनसभा में रायबरेली से हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लेकर अंग्रेजी हुकूमत को धूल चटाने का दंभ भरा था। इस जनसभा में बापू के साथ उनकी पत्नी कस्तूरबा गांधी भी आईं थी।



महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में लगी गांधी जी की मूर्ति। अमृत विचार

आजादी की लड़ाई में कोई आर्थिक कमी ना होने पाए इसके लिए कस्तूरबा को महिलाओं ने अपने आभूषण भी दिए थे। गांधी जी यहां से कालाकांकर होते हुए इलाहाबाद गए थे। रास्ते में सलोन के मोहनगंज में भी रुक कर उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया था।

**नमक सत्याग्रह :** गांधी जी ने नमक सत्याग्रह की शुरुवात की थी। नमक सत्याग्रह में पंडित जवाहर लाल नेहरू के साथ इंदिरा गांधी भी इस आंदोलन की सफलता के लिए रायबरेली की सड़को पर घूमीं थी।

**झंडा सत्याग्रह :** 01 मई 1923 को बापू ने झंडा सत्याग्रह की शुरुवात नागपुर से की थी। लेकिन आजादी की लड़ाई में झंडा सत्याग्रह रायबरेली में सबसे ज्यादा सफल रहा। झंडे के लिए सबसे पहली कुर्बानी रायबरेली में हुई थी।

# सुविधा शुरू : अब क्विक पास से भी होंगे रामलला के दर्शन

## बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट कार्यालय से रोज जारी होंगे 300 पास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंगलवार से क्विक पास की व्यवस्था शुरू कर दी है। इस व्यवस्था के तहत दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु तीर्थ यात्री सेवा केंद्र से क्विक पास लेकर कम समय में रामलला के दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए हर दो घंटे में 50 पास और प्रतिदिन लगभग 300 पास जारी होंगे। दर्शनार्थी वीआईपी मार्ग से पहुंचकर दर्शन कर सकेंगे।

- हर दो घंटे में 50 पास दिए जाने की अभी है सुविधा
- बुजुर्गों के लिए आरक्षित होगा स्लॉट

राममंदिर ट्रस्ट के पूजन व्यवस्था प्रमुख गोपाल जी राव ने मंगलवार को बताया कि बाहर से आने वाले किसी श्रद्धालु को यदि सुगम दर्शन पास की जानकारी नहीं है और उसके पास अधिक समय भी नहीं है तो ऐसा भक्त तीर्थ क्षेत्र सेवा कार्यालय से अपना आधार कार्ड दिखा कर यह पास ले सकता है। हर स्लॉट में 50 पास दिये जाएंगे। जल्द ही इसकी संख्या 100 की जाएगी और इसमें से 50 पास वृद्धजनों के लिए आरक्षित किये जाएंगे।



सुग्रीव किला के पास बने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के यात्री सेवा केंद्र से पास प्राप्त किया जा सकेगा।

### रोज चार हजार भक्तों को मिलती सुगम पास की सुविधा

राममंदिर ट्रस्ट के पूजन व्यवस्था प्रमुख गोपाल जी राव ने बताया कि राम मंदिर में रोज 50 हजार से लेकर एक लाख तक श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। जिसमें चार हजार भक्तों को सुगम पास के द्वारा दर्शन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया की रामलला के दर्शन करने के लिए सुगम दर्शन पास की सुविधा हर दिन सुबह 7 से 9, सुबह 9 से पूर्वाह्न 11, दोपहर 1 से 3, दोपहर 3 से शाम 5, 5 से 7 बजे और 7 से रात 9 बजे तक के लिए लागू है। इस बीच श्रद्धालु ऑनलाइन 150 और कार्यालय से लगभग 400 पास दो घंटे के एक स्लाट में दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सुगम दर्शन पास को बनवाने के लिए पहले से ही स्लॉट बुक किया जा सकता है। कोई भी दर्शानार्थी एक ही आईडी पर रोज पास प्राप्त नहीं कर सकेगा।

### 72 घंटे में एक आईडी पर एक बार जारी होगा पास

राम मंदिर में दर्शन करने और आरती में शामिल होने के लिए 72 घंटे में एक आईडी पर एक ही बार पास जारी किया जाएगा। बुकिंग के लिए बनाए गए सॉफ्टवेयर को अपडेट किया गया है, जिसमें 72 घंटे के अंदर दोबारा एंट्री करने पर पास निर्गत नहीं होगा। ट्रस्ट के मुताबिक इससे न केवल डुप्लीकेसी पर रोक लगेगी, बल्कि अन्य दर्शनार्थियों को भी दर्शन करने की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

### सप्त मंडपम के निर्माण का कार्य 50 प्रतिशत पूरा

अयोध्या, अमृत विचार : राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। मंदिर के द्वितीय तल के निर्माण के साथ परिसर में सप्त मंडपम का निर्माण किया जा रहा है। जिसका कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूरा हो गया है। इस कार्य को दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। ट्रस्ट के मुताबिक परिसर में चल रहे निर्माण के लिए 1600 श्रमिकों को लगाया है। जल्द ही इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। परकोटा निर्माण का कार्य भी अपने निर्धारित समय पर चल रहा है।

### राममंदिर में मणिपुरी की रासलीला छह को

**अयोध्या।** राजर्षि भाग्यचंद्र कल्चरल फाउंडेशन छह अक्टूबर को अयोध्या के श्रीरामलला मन्दिर में नट संकीर्तन और रासलीला प्रस्तुत करेगा। यह आयोजन राजर्षि भाग्यचंद्र की 226वीं पुण्य तिथि के सिलसिले में किया जा रहा है। नट संकीर्तन और रासलीला की स्थापना राजा भाग्यचंद्र ने अपने कार्यकाल में 1785 में की थी। मणिपुर के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने आयोजन पर सहमति प्रदान की है। जवाहर लाल नेहरू डांस अकादमी इम्फाल की ओर से पहले भी कई प्रमुख मन्दिरों में ऐसा कार्यक्रम किया जा चुका है।

## अफीम कोठी के पास 17 करोड़ रुपये से बनेगा रामलला पार्क

**अयोध्या, अमृत विचार:** अयोध्या में अफीम कोठी के पास 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के बगल में 17 करोड़ रुपये की लागत से रामलला पार्क का निर्माण किया जाएगा। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि पहले इस स्थान पर नगर निगम का कूड़ा डंप किया जाता थो, लेकिन अब इस जमीन को खाली करवाकर यहां पर श्रद्धालुओं के लिए सुंदर रामलला पार्क बनाया जाएगा। यह पार्क अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत बनाया जाएगा। इसमें ओपन एरिया, पाथवे और वॉटर बॉडी जैसी सुविधाएं होंगी, जो पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक सुखद अनुभव प्रदान करेंगी। पार्क का निर्माण 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के बगल में किया जाएगा। परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को विश्राम के लिए एक सुंदर स्थल मिलेगा। इसके अलावा, स्थानीय निवासी यहां टहलने, घूमने और योग करने जैसी गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। अयोध्या नगर निगम द्वारा रामलला पार्क का निर्माण कराया जाएगा।

## शारदीय नवरात्र में सुबह सात बजे से दर्शन देंगे रामलला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र में राम मंदिर में तीन अक्टूबर से रामलला के दर्शन अवधि में बदलाव कर नए दिनचर्या का विवरण श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जारी किया है। पूजन व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने मंगलवार को बताया कि यह व्यवस्था शारदीय नवरात्र तक के लिए है। उन्होंने बताया कि रामलला के दर्शन की अवधि में सुबह पहले 6:30 बजे से दर्शन प्रारंभ होता थी, लेकिन नवरात्र के दौरान दर्शन 7 बजे से शुरू होगा।

### मंदिर की प्रस्तावित दिनचर्या

- सुबह 04.30 से 04.40 मंगला आरती।
- 04.40 से 06.30 पट बंद, अभिषेक, श्रृंगार आदि।
- 06.30 श्रृंगार आरती।
- 07.00 से 09.00 दर्शन।
- 09.00 से 09.05 पट बंद, बालभोग।
- 09.05 से 11.45 दर्शन।
- 11.45 से 12.00 पट बंद, राज भोग।
- दोपहर 12.00 भोग आरती।
- 12.15 से 12.30 तक दर्शन।
- 12.30 से 01.30 पट बंद।
- 01.30 से दर्शन के लिए प्रवेश प्रारंभ।
- 01.30 पर देव उत्थान, भोग, आरती।
- 01.35 से 04.00 दर्शन।
- 04.00 से 04.05 पट बंद, नैवेद्य।
- 04.05 से 06.45 दर्शन।
- शाम 06.45 से 07.00 पट बंद, भोग।
- रात्रि 07.00 संध्या आरती।
- 07.00 से 08.30 दर्शन।
- 09.00 बजे दर्शन करने के लिए प्रवेश बंद।
- 09.15 से 09.30 पट बंद, भोग।
- 09.30 से 09.45 शयन आरती।
- 09.45 से 04.30 पट बंद, शयन।

## नवरात्र में बंद रहेंगी मांस, मछली की दुकानें

**अयोध्या, अमृत विचार:** 3 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्र के पर्व को देखते हुए जिले में मांस और मछली की सभी दुकानें बंद करने का आदेश दिया गया। सहायक खाद्य आयुक्त-2 मानिक चंद सिंह ने बताया कि इस दौरान सभी होटल और रेस्टोरेंट में भी मांसाहारी भोजन बंद रहेगा। आम जनमानस से अपील की गई है कि इस दौरान किसी जगह भी बिक्री व भंडारण की सूचना मिले तो फोन नंबर 05278366607 पर अवश्य सूचित करें। आदेश का पालन न करने वाले खाद्य कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महंत नृत्य गोपाल दास पूर्ण रूप से स्वस्थ : चंपत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष व मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास के स्वास्थ्य को लेकर सोशल मीडिया पर चल रहीं भ्रामक खबरों पर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंगलवार को पत्र जारी किया है। कहा कि महंत नृत्यगोपाल दास महाराज पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। वह अपने निवास स्थान मणिराम दास छावनी में हैं।

सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर उनके स्वास्थ्य को लेकर कुछ भ्रामक और झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं। जो समाज में भ्रांति और चिंता का कारण बन रही हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि ऐसी भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और न ही इन्हें फैलाएं। महाराज के स्वास्थ्य के बारे में सटीक जानकारी के लिए केवल अधिकृत स्रोतों पर ही भरोसा करें। सभी का कर्तव्य है कि शांति और सद्भाव बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों को फैलने से रोकें।

- ट्रस्ट के अध्यक्ष के स्वास्थ्य को लेकर वायरल हो रही भ्रामक खबरों का महासचिव ने किया खंडन

बताते चले कि कुछ दिन पूर्व महंत की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।


## जायस में हिज्बुल्लाह के समर्थन में प्रदर्शन

**जायस, अमेठी। अमृत विचार :** कश्मीर, लखनऊ के बाद अब अमेठी जिले के जायस कस्बे में लगे हिज्बुल्लाह के समर्थन में लोगों ने प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि बिना परमिशन के ही बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में तख्ती लेकर लब्बैक हिजबुल्लाह के लगाए नारे। उत्तर प्रदेश में लखनऊ के बाद जनपद अमेठी के जायस थाना अंतर्गत शहीद सय्यद हसन नसरुल्लाह की याद में एक कैंडल मार्च 1 अक्टूबर मंगलवार को बाद मगरिब मीनारा मस्जिद से निकाल कर मद्दा से सदर से होते होए, मीनारा मस्जिद लाया गया। शिया समुदाय के सैकड़ों लोगों ने मोमबत्ती लेकर हसन नसरुल्ला के समर्थन में लगाए इजराइल मुर्दाबाद के नारे।

## सीआरपीएफ जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

संवाददाता, भादर, अमेठी

**अमृत विचार:** त्रिशुंडी स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में मंगलवार को मानसिक तनाव से परेशान एक सीआरपीएफ जवान ने अपने रूम के अंदर आत्महत्या कर ली। जवान ने अपनी ही राइफल से खुद को गोली मारकर अपनी जिंदगी को समाप्त कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया गया है।



जिले के 36 वर्षीय सीआरपीएफ के जवान सुशान्त कुमार शील पुत्र प्रदीप कुमार शील ने अपने राइफल से गले के नीचे से गोली चलाई। गोली लगने से राइफल की नली जबड़े के नीचे से सिर ऊपर निकल गई। जवान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गोली की आवाज को सुनने के तुरंत बाद उसके साथी मौके पर पहुंचे और जवान को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे मगर वहां तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## फंदे से लटका मिला युवती का शव

**शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार :** संदिग्ध अवस्था में युवती का फंदे से शव लटकता मिला। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। बाजार शुक्ल थाना क्षेत्र के तेतारपुर गांव से बड़ा मामला सामने आया है। जहां पर एक घर के बरामदे में टीन शेड के नीचे फंदे युवती का शव लटकते हुए पाया गया है। युवती का शव मिलने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पर मिलने पर पहुंची बाजार शुक्ल थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक परिजनों ने बताया की युवती काफी समय से बीमार चल रही थी।

## एक ही रात में आठ घरों में चोरी

संवाददाता, कमरौली, अमेठी

**अमृत विचार :** जनपद अमेठी के अंतर्गत थाना कमरौली क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं, जहां मंगलवार की रात चोरों ने बीएचईएल टाउनशिप में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग को बनाया निशाना और एक ही रात में करीब आठ घरों में ताला तोड़कर लाखों रुपए के गहने जेवरात समेत नकदी पर चोरों ने अपने हाथ साफ कर दिए। लगातार चोरी से लोगों में दहशत का माहौल है।

- कमरौली थाना क्षेत्र में 15 दिन में 15 चोरियां, लाखों की नकदी व जेवरात चोरों ने किया पार



चोरों का आतंक जनपद में लगातार जारी है और पुलिस की लापरवाही से चोरों को क्षेत्र में पुलिस का डर नहीं रहा। जनपद में कितनी चोरियां हो रही है, उसमें से 2, 4 को छोड़ दिया जाय तो पुलिस ज्यादातर मामलों की जांच पड़ताल ही करती है और न ही सामान बरामद कर पाती है और न ही चोर को पकड़ पाती है। जहां चोरों ने सतीश अवस्थी, लालमणि यादव, विजेंद्र गुप्ता सहित आठ घरों में घुसकर गहनों समेत नकदी उठा ले गए। सोसाइटी के लोग जब वापस घर आए तो उन्होंने देखा कि घर के सामान अस्त-व्यस्त है तो वो अपना सामान ढूंढने लगे तब पता चला की नकदी समेत परिवार के सभी गहने गायब है। कमरौली थाना का बीएचईएल एक रिहायशी सोसाइटी है, चोरी से हड़कंप मचा हुआ है, जिन घरों में चोरी हुई है उनके लोग टाउनशिप से बाहर गए हुए थे। इसी का फायदा चोरों ने उठाया। घर वापस आने पर उनको चोरी की भनक लगी, जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस को दी है। थाना कमरौली पुलिस मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। घटना की जांच में जुट गई। इस संबंध में क्षेत्राधिकार अतुल सिंह ने कहा कि आए दिन चोरियों पर जल्द ही विराम लगेगा टीम गठित की गई है।

## सार-संक्षेप

### अधिवर्षता आयु पूर्ण कर चुके सीओ अमेठी को दी गई विदाई



**संवाददाता, अमेठी। अमृत विचार :** जनपद में नियुक्त पुलिस उपाधीक्षक लल्लन सिंह, उ.नि. राजेश कुमार पाण्डेय को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरान्त पुलिस कार्यालय गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार ने उनको उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और उपहार देकर विदाई दी। आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई, साथ-साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन कॉल अथवा ऑनलाइन साइबर ठगी जैसे- फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस अधि/कर्म.गण को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने बात कहकर पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन कॉल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया। जिससे किसी के साथ कोई साइबर ठगी न हो सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा व प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

**संवाददाता, अमेठी। अमृत विचार :** अमेठी जिले के विकासखंड संग्रामपुर में वन विभाग में तैनात दिहाड़ी मजदूर ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री से मांग की कि वन विभाग में दिहाड़ी मजदूरों को नियमित किया जा रहा है। जिसमें संग्रामपुर प्रभाग भवसिंहपुर में तैनात एक भी दिहाड़ी मजदूरों को नियमित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया की लगभग 10 से 15 साल पहले से हम दिहाड़ी करके इस विभाग की सेवा की। उच्च अधिकारियों द्वारा हमें छटनी करके चार व पांच वर्ष से लगे दिहाड़ी मजदूरों को नियमित करने की श्रेणी में कर दिया जा रहा है। इस प्रार्थना पत्र के माध्यम से उन्होंने मांग की हम लोगों को भी नियमित करके हमारे साथ न्याय किया जाए। इस प्रार्थना पत्र में राम मिलन यादव, लाल बहादुर यादव, राजेन्द्र प्रसाद यादव, दयाराम मौर्या, राम प्रकाश वर्मा, राम नरेश, रामराज, मजीज, सुरेश गुप्ता, राजकुमार, अरविंद, तेज बहादुर, चंद्रसेन मौर्या ने मिलकर संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री ने बन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार में नियमित करने की मांग की।

### होटलों और ढाबों में खाद्य विभाग की छापेमारी

**संवाददाता, अमेठी। अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा अधिकारी लगातार ढाबों और रेस्टोरेंट पर पहुंचकर छापेमारी कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे सहित साफ-सफाई और सेफ तथा वेटर द्वारा अपनाए जा रहे सुरक्षा मानकों की जांचकर हकीकत जांची जा रही है। संदिग्ध खाद्य पदार्थ मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने नमूनों का इकट्ठा किया। सैंपल को जांच के लिए भेजा। लगातार मिलावट व बढ़ती बिमारियों को देखते हुए होटलों में छापेमारी की जा रही है।



ढाबे में जांच करता अधिकारी।

### बारिश बंद होने के बाद भी नहीं कम हो रहा घरों में भरा पानी



**संवाददाता, भादर, अमेठी, अमृत विचार :** लगातार तीन दिनों की बारिश ने कई परिवारों की दशा खराब करके रख दी है। बारिश बंद होने के बाद भी घरों में घुसे पानी को निकालने के लिए अभी भी ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। भादर ब्लॉक की ग्राम पंचायत भेंवई में ग्रामीणों का हाल बाद से बदतर हो चुका है। भेंवाई मजरे कमईपुर के निवासी सावित्री देवी, राम लखन, रविकांत, के घरों में पानी भरा हुआ है। वहीं रहने के लिए जो ठिकाना था वह भी बरसात में ढह चुका है। रामजस, रामसुंदर, साधुराम आदि के भी दरवाजे पर पानी भर होने के कारण आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर जब लेखपाल से बात की गई तो उनके द्वारा यह बताया गया कि ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत में नालियों के सही ढंग से रखरखाव न करने के कारण यह भराव हुआ है। सभी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियां से पल्ला झाड़ने हुए नजर आ रहे हैं। आखिर पीड़ित परिवारों की आवाज कौन सुनेगा और इस पानी से इनको निजात कैसे मिलेगी।

## बारिश से अस्पताल में बढ़े डेंगू, मलेरिया के मरीज

**अमेठी, अमृत विचार:** लगातार बारिश के बाद जिला चिकित्सालय में वायरल फीवर, डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया टाइफाइड के मरीजों बढ़ गए है। अस्पतालों में मरीजों का समुचित इलाज किया जा रहा है। मरीज ने बताया की सभी दवाएं जिला चिकित्सालय में ही मिलती है। बाहर से कोई दवा डॉक्टर नहीं लिखते हैं। डाक्टर समय-समय पर मरीजों को देखने के लिए राउंड पर आते रहते हैं। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर संतोष सिंह ने कहा कि लगातार बरसात की वजह से हर जगह पानी भर गया है। मौसम में उतार-चढ़ाव लगा है। इसके चलते बीमारियों में इजाफा हो रहा।

## उद्योग व्याख्यान श्रृंखला आयोजित

संवाददाता, फुरसतगंज, अमेठी

**अमृत विचार:** राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय (आरजीएनएयू) ने अपने अकादमिक ब्लॉक सेमिनार हॉल में "मॉडल-आधारित और कृत्रिम बुद्धिमान तरीकों का उपयोग करके हवाई जहाज के एयरो गैस टर्बाइनों के लिए उन्नत स्वास्थ्य निगरानी पर समीक्षा" पर एक उद्योग व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया।

प्रसिद्ध एयरोस्पेस विशेषज्ञ प्रोफेसर चांगडक कोंग, पीएचडी, इंजीनियरिंग, एफएईएस, एफपीईएस, सीईएनजी, एएमई ने व्याख्यान दिया। प्रो. कोंग चोसुन विश्वविद्यालय, रिपब्लिक ऑफ कोरिया में प्रोफेसर एमेरिटस,





कुनसन नेशनल यूनिवर्सिटी में प्रतिष्ठित चेयर प्रोफेसर हैं। इस कार्यक्रम में आरजीएनएयू के कुलपति प्रो. भृगुनाथ सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. एसएल हरिकुमार, सलाहकार-गुणता आश्वासन एवं कॉलेबोरेशन अजय पाठक संकाय सदस्यों और बीएमएस एविएशन सर्विसेज और एयर कार्गो और हवाईअड्डा संचालन में पीजी डिप्लोमा के छात्रों की उपस्थिति रही। ऐसे व्याख्यानों के माध्यम से, आरजीएनएयू विमानन और एयरोस्पेस में अपने छात्रों की विशेषज्ञता को बढ़ाता है, उद्योग के लिए कुशल पेशेवरों को विकसित करने के अपने मिशन के साथ जुड़ता है। प्रोफेसर कॉन्ग ने राजीव गांधी विमानन विश्वविद्यालय के विस्तार एवं इसको नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए एक योजना भी प्रस्तुत किया।

## हत्या के मामले में चार लोगों को किया गिरफ्तार

संवाददाता, जामों, अमेठी

**अमृत विचार:** थाना जामों अंतर्गत हुई हत्या के अभियोग में शामिल 4 लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार किया। हत्या में प्रयुक्त अदद बांस की लाठी बरामद हुई।

प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह जामो के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सोनू पुत्र जगन्नाथ उम्र करीब 32 वर्ष, राजकुमार पुत्र रामसेवक उम्र करीब 46 वर्ष, विकास पुत्र राजकुमार उम्र करीब 19 वर्ष निवास निवासीगढ़ पूरे मंगल बरेहटी थाना जामो जनपद अमेठी, तन्नुराम पुत्र उदयराज निवासी भनौल थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी हाल पता ग्राम पूरे मंगल बरेहटी थाना जम्मू अमेठी उम्र करीब 18 वर्ष को मारा पीटा था, जिनकी बाद में धर्मगत पर कदू नाला रोड के पास से समय करीब 12:40 बजे रात में गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर अभियुक्त गण ने बताया कि बरामद कर आदत बस की लाठी से रामगोपाल की बाग में सूअर वादा के पास रामगोपाल को मारा पीटा था, जिनकी बाद में मौत हो गई। गिरफ्तारी के संबंध में जामों पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेज दिया।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए निकाली जागरूकता रैली

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी

**अमृत विचार:** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर संतोष सिंह के नेतृत्व में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर से निकलकर कालिकन धाम ब्लॉक थाना कालिकन चौराहा होते हुए पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर पहुंची।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर प्रभारी डॉ. संतोष सिंह ने बताया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह के निर्देश पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान जागरूकता रैली निकाली गई। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है, जिसमें 1 से 11 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। वहीं 11 से 31 अक्टूबर तक घर-घर स्वास्थ्य टीम दस्तक देकर अभियान को सफल बनाएगी। कार्यक्रम में डॉ. धीरेंद्र, डॉ. आरिफ इकबाल, महिला डॉ. रुखसार, फार्मासिस्ट विजेंद्र, बीसीपीएम तीर्थराज यादव, आशा संगिनी कमलेश सिंह व आशा बहू मौजूद रहीं।



संग्रामपुर में संचारी रोग नियंत्रण जागरूकता रैली निकालते कर्मचारी।

## 1 से 31 तक चलेगा संचारी रोग अभियान

- राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- रक्तदान शिविर का फीता काटकर किया उद्घाटन

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** 1 से 31 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 अक्टूबर 2024 के मध्य दस्तक अभियान का शुभारंभ जनपद में मंगलवार को भव्य तरीके से किया गया। जिला चिकित्सालय गौरीगंज से आशा, एएनएम व स्टाफ नर्स ने जन जागरूकता रैली निकाली।

राज्यमंत्री ने जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया। उपस्थित लोगों को संचारी रोगों की शपथ दिलाई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका गौरीगंज, पंचायती राज विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वेक्टर जनित बीमारियों के वाहक के नियंत्रण में प्रयोग की जाने वाली फागिंग मशीन व एंटीलार्वा मशीन का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बद्री प्रसाद अग्रवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।



फीता काटते स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर सिंह। अमृत विचार

## एक नजर

### दिवाकर को मिली दिलीपपुर की कमान

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने अपने वाचक दिवाकर सिंह को दिलीपपुर थाने की कमान दी है। जबकि दिलीपपुर एसओ आनंदपाल सिंह को अंतू की जिम्मेदारी दी है। एसओ अंतू जितेन्द्र कुमार सिंह को एसपी ने अपना वाचक बनाया है।

### जहरीले जंतु के काटने से महिला की मौत

**कुंडा, प्रतापगढ़** : शेखपुर आशिक, कुंडा निवासी शारदा प्रसाद की 50 वर्षीय पत्नी राजरानी सोमवार शाम घर में काम कर रहीं थी। इस दौरान घर में किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिजन महिला का शव लेकर घर चले गए। देर शाम पुलिस को खबर दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम को भेजा। वहीं, बाघराय थाना क्षेत्र के गर्ग का पुरवा भीखापुर कानीडीह गांव निवासी शत्रुघन प्रसाद की 51 वर्षीय पत्नी प्रेमा देवी घर में काम कर रही थी। तभी घर में बैठे जहरीले जंतु ने उन्हें काट लिया। थोड़ी देर में ही उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया।

### क्रय केंद्रों पर किसानों को न हो परेशानी

**मिर्जापुर।** जिले में खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजीव सिंह ने जंगी रोड स्थित ज्वार, बाजरा, मक्का और फोटो बाजरा क्रय केंद्र का निरिक्षण किया। 1 अक्टूबर से मोटे अनाज की खरीद शुरू होगी। लेकिन केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लीं जाएं। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक यंत्र, डस्टर और अनाज खरीद के लिए बोरा के साथ ही किसानों के बैठने, पीनेके लिए पानी आदि की व्यवस्था मौजूद थी।

### पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** परसिया खुर्द गांव निवासी शिव जनक ने थाने मे तहरीर देकर पुश्तैनी जमीन पर जबरन जोतने बोने कि बात को लेकर गांव निवासी रामपती, भागेडू, मनी राजेंद्र राज नारायण मिलकर गाली गलौच देते हुए मारपीट करने पर आमादा हो गये मना करने पर जान से मारने कि धमकी देते हुए चले गये जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल करने मे जुट गयी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले के जांच पड़ताल किया है।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू

**जौनपुर।** जिला टीबी चिकित्सालय से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आरम्भ जनजागरूकता रैली निकालकर किया गया। रैली को विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया गया कि यह अभियान जनपद में 1 से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, कृषि, पशुपालन, बाल विकास, दिव्यांग कल्याण, उद्यान, शिक्षा, नगर विकास सहित सूचना विभाग अपने दिये गये कर्तव्यों एवं दायित्वों के अनुसार भागीदारी करेंगे।

### झाड़ू लगाकर स्वच्छता का दिया संदेश, दिलाई शपथ

**प्रतापगढ़/कुंडा** : मेरा युवा भारत के तहत स्वच्छता अभियान चला कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। राज्य प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह ने गाजी चौराहा, पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने, दुर्गा मंदिर के सामने उपस्थित युवाओं व आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। झाड़ू लगाकर स्वच्छ भारत का सन्देश दिया।दुकान व घर के कूड़े को कूड़ेदान में डालने के लिए प्रेरित किया गया।

# डॉक्टर की बहन ने कहा, लेडी डॉक्टर के प्रेमी ने की हत्या

## डॉ. कार्तिकेय से ब्रेकअप के बाद रास्ते से हटाने की कोशिश

फॉलोअप

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के जूनियर डॉक्टर कार्तिकेय की मौत का मामला अब प्रेम प्रसंग की ओर चला गया है। डॉ. कार्तिकेय की बहन अदिति श्रीवास्तव बिजनौर में जेल अधीक्षक हैं। उन्होंने जो मुकदमा दर्ज कराया है उसमें 8 पन्नों की एफ आई आर दर्ज हुई है जिसमें महिला डॉक्टर से रिश्ते होने की बात का जिक्र किया गया है। उसमें यह भी लिखा गया है कि उसके भाई कार्तिकेय को प्रताड़ित किया जा रहा था।

फिलहाल यह हत्या है या आत्महत्या। पुलिस ने अभी इस प्रकरण मे खुलकर कुछ भी नहीं बताया है। क्योंकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी पूरा मामला खुलकर सामने नही आया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल मे जुटी हुई है।

डॉ. कार्तिकेय मूल रूप से उत्तराखंड के कोटद्वार के अपार कालावड़ के रहने वाले थे। वह मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर थे। वह ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट में कार्यरत थे। वह शनिवार की सुबह करीब 8 बजे अस्पताल की ओटी में पहुंचे थे। उसी रात डॉ. कार्तिकेय की लाश उनकी कार में मिली थी। कार का गेट भी खुला हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार से एनेस्थीसिया के इंजेक्शन बरामद किए थे।

### लेडी डॉक्टर पर हत्या कराने का आरोप

डॉक्टर कार्तिकेय के बहन अदिति ने बताया है कि मेडिकल कॉलेज में अनामिका नाम की लड़की नेत्र रोग विशेषज्ञ का कोर्स करती है। वह करीब एक साल तक मेरे भाई से बात करती रही। दोनो के बीच अच्छे संबंध थे। लेकिन अनामिका ने अचानक मेरे भाई से बात करना बंद कर दिया। भाई को कई बार बेइज्जत किया। दोनों में ब्रेकअप हो गया। उसने कहा कि वह किसी और के साथ रिलेशन में रह रही है। इसकी जानकारी होने पर मेरे भाई ने उससे कभी बात नहीं की। अनामिका मेरे भाई को अक्सर फोन करती थी। बहन ने यह भी आरोप लगाया है कि अनामिका के बॉयफ्रेंड ने मेरे भाई को रास्ते से हटाने के लिए ऐसा कदम उठाया होगा।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्या निकला

डॉ. कार्तिकेय श्रीवास्तव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट 29 सितंबर को देर शाम आई। जिसमें डॉक्टर कार्तिकेय के गले की मांसपेशियों में चोट के निशान मिले हैं। सांस की नली भी टूटी है। कुछ सैंपल लेकर लैब में भेजे गए हैं। जिसकी जांच कराई जा रही है।

# गोली मारकर युवक की हत्या, भाई समेत दो घायल



**मिर्जापुर, अमृत विचार।** जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के दुबेपचेर गांव मेंमंदिर के दानपात्र सेकुछ दिनों पूर्वहुई चोरी केमामलेमेंपुजारी और गांव के एक अन्य व्यक्ति के बीच विवाद हो गया। यह मामला इतना गंभीर हो गया कि विपक्षी नेपुजारी के पुत्रकी गोली मारकर हत्या कर दी।

वहीं पुजारी का दूसरा बेटा और भतीजा गंभीर रूप सेघायल हो गया। दोनों घायलों को मण्डलीयअस्पताल के ट्रामा सेंटर मेंभर्ती कराया गया है। गोली मारनेके बाद आरोपी मौके सेभाग गया। मामलेकी जानकारी होतेही मौकेपर एसपी अभिनन्दन फोर्सके साथ पहुंच गए। हालांकि अभी गोली मारनेवालेव्यक्ति के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी गई है। देहातकोतवाली क्षेत्र के दुबेपचेर गांव स्थित शिव मंदिर की कृपाशंकर पाण्डेय व उनके परिवार के सदस्य पूजा करतेथे। इस मंदिर परदान सेमिलनेवालेचढ़ावा का कृपाशंकर मंदिर की व्यवस्था के लिए उपयोग करतेथे। कुछ दिन पूर्वमंदिर के दानपात्र सेरुपयेचोरीहो गए थे। इसी को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति सेविवाद चल रहा था। उसी विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह दोनों पक्ष आमने सामनेहो गए। यह मामला इतना गंभीर हो गया कि विपक्षी नेविवाद मेंपिता का साथ दे रहेश्रवण कुमार पाण्डेय(30) व छोटे भाईपवन पाण्डेय(28) और चचेरेभाई शिवम पाण्डेय(21) को लक्ष्य कर गोली मार दी। श्रवण कुमार पाण्डेय की मौके पर ही मौत होगई। वहीं छोटा भाई पवन पाण्डेय और चचेरा भाई शिवम पाण्डेय गंभीर रूप सेघायल हो गए। गोली मारनेके बाद आरोपित मौकेसेभाग गया। इसकी जानकारी होतेही देहात कोतवाली पुलिस के साथ एसपी अभिनन्दन मौके पर पहुंच गए। पुलिस नेमृतक काशव कब्जेमेंलेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गोली लगनेसेघायल अन्य दो युवकों को इलाज के लिए ट्रामासेंटर मेंभर्तीकराया गया है।

## सार-संक्षेप

### बिना प्रपत्र पूर्ण किए कोई भी स्कूली वाहन मिला तो खैर नहीं

**जौनपुर।** अध्यक्ष/जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र सिंह द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम में जिला सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त विद्यालय के वाहन प्रबन्धक अपने वाहन फिट कराकर ही संचालित करें। उक्त के अनुपालन में जनपद के समस्त स्कूली वाहनों के विद्यालय प्रबन्धकों को निर्देशित किया कि अपने वाहनों का परमिट, फिटनेस एवं वाहन से सम्बन्धित समस्त प्रपत्र पूर्ण कराकर ही वाहन का संचालन करें। उक्त के साथ यदि कोई वाहन बिना प्रपत्र पूर्ण किये संचालित पाया जाता है तो उन विद्यालय के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

### दलित युवती से दुष्कर्म व धमकी के दोषी को उम्रकैद, अर्थदंड



**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश एससी एसटी बाघराय में दलित युवती के साथ दुष्कर्म करने, जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए राजेश धुरिया बाघराय को आजीवन कारावास व 43 हजार रूपये अर्थदंड से दंडित किया है। वादिनी ने कोर्ट को बताया कि उसने 13 सितंबर 2021 को बाघराय थाने में तहरीर देकर बताया कि मार्च 2021 में होली के 8-10 दिन पूर्व उसके घर की लाइट खराब थी। तभी पड़ोसी राजेश धुरिया पहुंचा। दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और ऊपर छत पर चढ़कर खिड़की से वादिनी को बुलाया और दरवाजा बंद कर लिया। वह सुभाष का खिड़की के सामने पहले फोटो खींचा, फिर दरवाजा खोला। वादिनी ने बताया कि दूसरे दिन घर पहुंचकर जबरन मोबाइल नंबर लेकर अभद्रता करते हुए धमकी दिया कि मेरे साथ शारीरिक संबंध बना नहीं तो मैं तुम्हें बदनाम कर दूंगा। तुम्हारे पति की हत्या कर देंगे। दो-तीन दिन बाद रात में 10 बजे आरोपी राजेश धुरिया घर में घुसा कुछ सुंघाकर वादिनी के साथ दुष्कर्म किया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सुरेश बहादुर सिंह ने की।

### महिला पुलिस कर्मी ने लगाया छेड़खानी का आरोप

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाने में तैनात एक महिला कांस्टेबल ने एक पुरुष कांस्टेबल पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। थाने में तैनात एक महिला पुलिस ने जिला पुलिस अधीक्षक को दिए पत्र में कहा कि सोमवार की रात्रि मेरी तबीयत खराब थी। मैं किराया के रूम में दवा खाकर सोई थी तभी एक सिपाही रात्रि के 2:00 बजे आकर मेरे दरवाजे को पैर से मार कर तोड़ दिया और मेरे साथ जबरदस्ती करने लगा। मेरे कुछ बोलने पर वह अपशब्द बोला तथा मेरे कमरे का लाइट पंखा को बंद कर दिया। प्रार्थिनी ने कहा कि ऐसी हरकत करते उसको दो बार हो गया और रात में जब भी ड्यूटी लगाई जाती है तो उसे ही मेरे कमरे पर बुलाने के लिए भेजा जाता है। इस संबंध में महिला क्षेत्राधिकारी मुनेंद्र सिंह पाल ने कहा कि महिला द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। ड्यूटी लगाने को लेकर कहा सुनी हुई थी। मामले की जांच की जा रही है। जैसा होगा वैसी कार्रवाई की जाएगी।

### श्री राम जन्म रामलीला का हुआ मंचन



रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार।** ड्रमंडगंज बाजार में चल रही रामलीला के स्टेज पर सोमवार की रात्रि अयोध्या में चक्रवर्ती नरेश महाराजा दशरथ के महल में एक ही समय में चार पुत्रों के जन्म पर अयोध्या में ढोल-नगाड़े बजाकर खुशी मनाई गई। रामलीला मंचन के तीसरे दिन सोमवार की रात्रि में श्रीरामजन्म रामलीला का मंचन धूमधाम से कलाकारों द्वारा दिखाया गया लंकापति रावण के अत्याचार से जब पृथ्वी अकुला उठी तो गाय का रूप धारण कर देवराज इन्द्र के पास सहायता के लिए गयीं। देवराज पृथ्वी को लेकर ब्रह्मा जी के पास गये। ब्रह्मा जी भगवान शंकर के पास गये। अंत में सभी देवता भगवान विष्णु के पास सहायता के लिए गये। भगवान विष्णु ने कहा मैं त्रेता युग में चक्रवर्ती नरेश महाराजा दशरथ के यहां राम के रूप में जन्म लूंगा और रावण का संहार करुंगा।उधर चक्रवर्ती नरेश महाराजा दशरथ तथा तीनों रानियां इस बात को लेकर चिंतित रहती थी कि पुत्र नहीं होने पर उत्तराधिकारी कौन होगा। चिंता दूर करने के लिए चक्रवर्ती नरेश ने कुलगुरू वशिष्ठ को बुलवाया। वशिष्ठ जी ने महाराजा दशरथ को पुत्रेष्टि यज्ञ करने की सलाह दिया। राजा दशरथ के द्वारा किए गए पुत्रेष्टि यज्ञ के प्रभाव से राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ने एक ही समय में जन्म लिया ।भगवान श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्म होते ही पूरा पंडाल श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंजनी कुमार सोनी सहित सभी भक्तगण श्रीराम के दर्शन पूजन के लिए मंच पर पहुंच कर भगवान श्रीराम की आरती उतारी।

### सीओ के आदेश पर दो पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुईया कलां गांव में एक मुकदमें की पैरवी करने वाले को मना करते हुए गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देने पर पीड़ित ने आईजीआरएस पोर्टल पर दो लोगों के विरुद्ध शिकायत किया था। जिस पर सीओ के आदेश पर मंगलवार को पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।थाना क्षेत्र के सुईया कलां गांव निवासी अश्वनी कुमार विश्वकर्मा ने आइजीआरएस पर शिकायत की थी जिसे गम्भीरता से लेते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी के आदेशानुसार दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। अश्विनी कुमार ने की गई शिकायत में कहा है कि बेदऊर गांव निवासी दिगम्बर विश्वकर्मा तथा राजू उर्फ लक्ष्मीकांत ने बीते 11 अगस्त को लालगंज जाते समय सुइया कलां गांव में एक मुकदमा की पैरवी करने से रोकते हुए गाली, गलौज देने लगे मना करने पर जान से मारने की धमकी दिया पीड़ित ने आईजीआरएस पर इसकी शिकायत दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि गाली देने जान से मारने की धमकी देने का सीओ के आदेश पर दो व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### शिव पार्वती विवाह से कल शुरू होगी रामलीला

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : शहर की ऐतिहासिक रामलीला के मंचन की शुरुआत इस बार तीन अक्तूबर को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के साथ की जाएगी। 12 अक्तूबर को रामलीला मैदान में भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का मंचन किया जाएगा। भरत मिलाप14-15 अक्तूबर को सम्पन्न होगा। शहर के भरत मिलाप को लेकर पूरे वर्ष जनपदवासियों के साथ आसपास के जनपद वालों को भी बेसब्री से इंतजार रहता है। यही नहीं महीने भर पहले से इसकी तैयारियां श्रीराम लीला समिति के पदाधिकारी शुरू कर देते हैं। इस बार भी इसकी तैयारियां अंतिम दौर में हैं। इस बार रामलीला का मंचन तीन अक्तूबर से शुरू होगा और समापन 14-15 अक्तूबर को श्रीराम व भरत के मिलाप से की जाएगी। शहर की रामलीला का मंचन और झाकियों की प्रस्तुति देखने के लिए लोग दूर दूर से शहर में जुटते हैं।

### अधिवक्ता हित के मुद्दे पर किया जाएगा मजबूत आंदोलन

**लालगंज] प्रतापगढ़** : तहसील परिसर लालगंज में मंगलवार को अधिवक्ताओं की बैठक हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के सदस्य व पूर्व अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी शामिल हुए। बैठक में उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के लिए वृद्धा पेंशन योजना व युवा अधिवक्ताओं के लिए पुस्तकालय भत्ता, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट जैसे मुद्दों पर अधिवक्ता आन्दोलन को प्रदेश भर में मजबूत किया जाएगा। कहाकि अधिवक्ताओं को नियमित रूप से विधिक आदेशों और निर्णयों का अध्ययन करना चाहिए। वादकारी हित में न्यायिक कामकाज के प्रति भी अपनी अभिरूचि बढ़ाएं। बैठक में पूर्व अध्यक्ष रामलगन यादव प्रवीण यादव, हरिश्चन्द्र पांडेय, दिनेश सिंह, राजीव तिवारी, शहजाद अंसारी, प्रमोद सिंह, तपन पांडेय, शैलेन्द्र सिंह, मस्तराम पाल आदि मौजूद रहे।

### निर्दोषों को परेशान न करें पुलिस: देवी प्रसाद चौधरी

**मिर्जापुर।** रामबाग कुरैश नगर में छापेमारी के दौरान पुलिसिया कार्यवाही कर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने प्रश्नचिन्ह लगाया है। उन्होने कहा कि पुलिस कुछ निर्दोषों पर मुकदमा दर्ज करजेल भेजा है, उन्होने कहा कि कुरैश नगर रामबाग में क्या हो रहा था। पुलिस को मालूम था। श्री चौधरी ने निष्पक्ष जाँच करने की प्रशासन से माँग की है। जनपद में हत्या हो रही है। अपराधी खुलेआम घूम रहे है। साथ ही साथ उन्होने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ी आशा गौतम को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है। कहा कि निर्दोषों को न फंसाया जाय और न तो उन्हे प्रताड़ित किया जाय। उन्होने कहा कि पुलिस प्रताड़ना के बढ़ते जा रहे मामलों के बीच एक सवाल यह है कि आमजन इसकी शिकायत कहां करे। पुलिस के खिलाफ ही अगर वह शिकायत लेकर थानों में जाता है तो मामला दर्ज नहीं किया जाता। कुछ मामले तो सामने आने पर उनमें या तो राजीनामे का दबाव बना दिया जाता है। कई मामले हैं जो सामने ही नहीं आ पाते।

# वारंटी की गलत रिहाई को लेकर डीजी जेल सख्त, मांगी रिपोर्ट

नैनी जिला जेल

▶▶ नहीं मिला वारंटी, पुलिस अधिकारियों ने पूरी तरह से चुप्पी साध रखी

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार** : नैनी जिला जेल में चोरी के मामले में बंद एक वारंटी की गलत रिहाई प्रकरण में डीजी जेल पीवी रमा शास्त्री ने जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए जेल अधीक्षक को आदेशित किया है। जबकि इस मामले में यहां के पुलिस अधिकारियों ने पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। बंदी की रिहाई की खबर को अमृत विचार में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद मामला जेल मुख्यालय तक पहुंच गया है।

इस मामले में डीजी जेल पीवी रामा शास्त्री ने जिला जेल की अधीक्षक अमिता दुबे को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। मामले में जेल प्रशासन अपने स्तर पर जांच कमेटी बनाकर जांच करा रहा है। फिलहाल अभी तक वारंटी का कोई सुराग नहीं मिल सका है। ज्ञात हो कि नवाबगंज थाने की पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चल रहे राजकुमार निवासी भंडारा थाना नवाबगंज को पुलिस ने बीते 28 जुलाई को गिरफ्तार कर नैनी जिला जेल में दाखिल कराया था।

बताया जा रहा है कि 23 सितंबर को जेल से लगभग 20 बंदियों की अदालत जिला न्यायालय में पेशी की गई थी। जबकि बंदी राजकुमार की पेशी नहीं थी। बावजूद उसकी रिहाई हो गयी। डीजी जेल ने मामले में कहा कि जांच में जिसकी जिम्मेदारी और लापरवाही सामने आएगी उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा राज में महंगाई बेलगाम : कुशवाहा

▶▶ झूठ और बेईमानी से जीतना चाहती है विधानसभा उपचुनाव

**पड़री (मिर्जापुर), अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के जौनपुर से सांसद बाबू सिंह कुशवाहा औराई के रास्ते चील्ह पहुंचने पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी के नेतृत्व में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। पड़री भीटी में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुये श्री कुशवाहा ने कहा कि भाजपा राज में भय व दहशत का माहौल है। महंगाई चरम पर है।

भाजपा विधानसभा उपचुनाव अपने पक्ष में करने के लिये कुछ भी कर सकती है। विधानसभा उपचुनाव भाजपा बेईमानी और झूठ के बल पर जीतना चाहती है, आपलोग सजग रहे। इस बार के विधानसभा उपचुनाव में आपलोग भाजपा को उसके झूठ और बेईमानी के लिये मुँहतोड़ जवाब दें। हमलोग विधानसभा उपचुनाव के साथ 2027 का चुनाव भी जीतेंगे। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चैधरी ने कहा कि जनपद में हत्या व बलात्कार की घटनायें बढ़ी है। अपराधी खुले आम घूम रहे है। अल्पसंख्यकों व यादवों को पुलिस फर्जी मुकदमें लादकर प्रताड़ित कर रही है।



सपा कार्यकर्ताओं के साथ सांसद बाबू सिंह कुशवाहा। अमृत विचार

प्रदेश सचिव दामोदर प्रसाद मौर्या ने कहा कि इस सरकार में किसानों को खाद, पानी नही मिल पा रहा है। अधिकारी मनमानी कर रहे है। जनता इन्हे बखूबी जान गई है। आने वाले विधानसभा उपचुनाव में इन्हे सबक सिखाने का काम करेंगी। सभा का संचालन विधानसभा अध्यक्ष झल्लू यादव ने किया। सभा को सम्बोधित करने वालों में संतोष गोयल, सत्यप्रकाश यादव, राणा प्रताप सिंह, आदर्श यादव, रामराज यादव विजय मौर्या, गगन मौर्या, विरेन्द्र यादव, अरशद अली, नन्दलाल मौर्या, दीपक मौर्या आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# क्विज कम्पटीशन में लक्ष्मी की टीम बनी विजेता




प्रतियोगिता के बाद पुरस्कृत छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**मानधाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार** : ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता ब्लॉक संसाधन केंद्र मानधाता में संपन्न हुई। बीईओ प्रभाकर यादव के निर्देशन व डायट प्रवक्ता जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता कराई गई।

एमआरपी कौशल प्रताप सिंह, सत्यजीत सिंह, रिजवान, वीरेंद्र कुमार यादव, एसआरजी आशुतोष निर्मल ने यह परीक्षा दो चरणों में संपन्न हुई। प्रथम चरण में 86 में 25 बच्चों का चयन किया गया। जिस्मे यूपीएस कटरा गुलाब सिंह की लक्ष्मी जयसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रेंडम के आधार पर पांच ग्रुप बनाया गया जो अंतिम चरण की परीक्षा क्विज के माध्यम से संपन्न हुई। क्विज परीक्षा में लक्ष्मी जायसवाल की टीम में महिमा देवी यूपीएस पूरे सुखदेव, अब्दुल समद कंपोजिट स्कूल मानधाता, आर्यन यूपीएस खूजी, अमर सिंह यादव यूपीएस मल्हूपुर, प्रथम स्थान पाकर विजय हासिल की। यह टीम जनपद स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

# साइकिल सवार छात्रा को कार ने कुचला, मौत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : साइकिल से कॉलेज जा रही कक्षा सात की छात्रा को लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर देहात कोतवाली के सराय बहेलिया गांव के पास कार ने कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इसी दौरान हादसे की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज ले आया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

देहात कोतवाली के पृथ्वीगंज चौकी क्षेत्र के नसीरपुर निवासी अजय यादव की तीन बेटी और एक बेटे में सबसे बड़ी 13 वर्षीय अन्नया अजब नारायण इंटर कॉलेज कोहड़ा में कक्षा सात की छात्रा थी। वह मंगलवार सुबह साइकिल से कॉलेज जाने निकली थी। देहात कोतवाली के सराय बहेलिया गांव के पास तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। इसी दौरान बाइक से पहुंचे लीलापुर, सगरा सुंदरपुर के 24 वर्षीय रुद्रांश पांडेय और 22 वर्षीय गोपाल भी कार की चपेट में आने से घायल हो गए। कार चालक हादसे के बाद भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज भेजा। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिरोही ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# बेटे ने ही वृद्ध की सिर कूचकर की थी हत्या

**लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार** : राजातारा अमावां गांव में पाही पर सो रहे वृद्ध की पीटकर और सिर कूंचकर निर्मम हत्या उसके अपने बेटे ने ही की थी।

लालगंज के अमावां राजातारा निवासी 60 वर्षीय रामफेर दो साल से पत्नी व बच्चों से अलग गांव से एक किलोमीटर दूर खेत में छप्परनुमा घर में रहता था। परिजनों से वह इस कदर नाराज था कि कोई उधर आता था तो मारपीट पर आमादा हो जाता था। जिसके चलते परिवार के लोगों ने उसके पास आना बंद कर दिया। रविवार को सुबह दस बजे गांव के लोग खेत की ओर गए तो रामफेर का रक्तरंजित शव पड़ा देखा। रात में वृद्ध के सिर पर ईंट या किसी भारी वस्तु से ताबड़तोड़ वार कर बुरी तरह से कूंच कर हत्या कर दी गई थी। सूचना पर पत्नी द्रोपदी देवी समेत परिवार के लोग रोते-बिलखते पहुंचे थे। मृतक के दो बेटे रामू और श्यामू हैं। रामू परदेस में जबकि श्यामू ससुराल में रहता है। उसके पांचों बेटियों की शादी हो चुकी है। मृतक की पत्नी द्रौपदी देवी की तहरीर पर पुलिस ने उसके दामाद अखिलेश कुमार के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया, जांच में वह निर्दोष मिला। पूछताछ में श्यामू ने पुलिस को बताया कि वह प्रेम विवाह किया था, इससे पिता - पुत्र में अनबन थी। वह पत्नी के साथ ससुराल रंगौली में रहता था। शनिवार की ससुराल से घर आकर श्यामू ने अपने पिता से हिस्सेदारी की बात तो विवाद बढ़ गया। श्यामू ने डण्डे से पीट पीट पिता की हत्या कर दी। मंगलवार को तिनमोहनिया पूरे तिलकराम के पास से पुलिस ने हत्यारोपी बेटे को गिरफ्तार किया।



हत्यारोपी श्यामू।

आस्था

## दुल्हन की तरह सजा शीतला चौकियां धाम, सीसीटीवी दुरुस्त

# नवरात्र की तैयारियां पूर्ण, सुरक्षा की होगी पूर्ण व्यवस्था

**जौनपुर, अमृत विचार** : शारदीय नवरात्र पर्व 3 अक्टूबर यानी गुरुवार से आरम्भ हो रहा है। चौकियां धाम में तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिर की साफ-सफाई एवं रंग-रोगन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। सुरक्षा मंदिर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त कर लिए गए हैं। सुरक्षा के लिए कई थानों की पुलिस सहित महिला पुलिस, एलआईयू, फायर बिग्रेड सहित सौ से ऊपर पुलिस के जवान धाम में चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए 4 स्थानों पर पार्किंग बनाया गया है। धाम में माला, फूल, नारियल, चुनरी आदि की दुकानें सज गई हैं। अनेक प्रकार की रंग-बिरंगी चुनरी, आकर्षण लाइट से सजी-संवरी मनमोहक दुकानें दुल्हन की तरह नज़र आ रही हैं। दुकानदार गेंदा, अढहुल, गुलाब सहित नारियल, चुनरी, प्रसाद, पूजन सामग्री का स्टॉक बना लिये हैं।



नवरात्र शुरू होने से पहले सजी दुकान। अमृत विचार

मंदिर के महंत विवेकानन्द पंडा ने बताया कि साफ-सफाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। सभी सीसीटीवी कैमरे, जेनरेटर आदि दुरुस्त कर लिया गया है। भक्त कतारबद्ध होकर गर्भ गृह से मां का दर्शन पूजन करेंगे। पूजारी शिव कुमार पंडा ने बताया कि मां के श्रृंगार के बाद भोर साढ़े 4 बजे मंगला आरती होगी। तत्पश्चात दर्शन के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया जायेगा। दूसरी दोपहर 3 बजे भोग-आरती तथा रात्रि में सवा 10 बजे तीसरी शयन आरती होगी।

थानाध्यक्ष लाइन बाजार केके चौबे ने बताया कि मेला क्षेत्र में कई थानों के पुलिसकर्मी, महिला पुलिस, एलआईयू व फायर बिग्रेड के जवान मौजूद रहेंगे। 4 स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था बनायी गयी है।

# गड़बड़ा धाम मेले का किया निरीक्षण

**हलिया (मिर्जापुर)।** विकास खंड के सुप्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम में गुरुवार से शुरू हो रहे नवरात्र मेले की व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिये मंगलवार को एसडीएम लालगंज आशाराम वर्मा व सीओ अशोक कुमार सिंह ने स्थलीय निरीक्षण कर मातहतों को आवश्यक निर्देश दिया है। एसडीएम ने गड़बड़ाधाम स्थित सेवटी नदी घाट पर जगह-जगह फैली गंदगी तथा मंदिर मार्ग में जलजमाव को देख नाराजगी जताई। जलजमाव को ठीक कराने के लिये ग्राम प्रधान पानकली व प्रधान प्रतिनिधि रजनीश गुप्ता को निर्देशित किया। महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग से सेवटी नदी घाट पर कपड़ा बदलने की अस्थायी व्यवस्था को कहा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 2 अक्टूबर 2024

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोसोना स्टैंडर्ड | 77,750 |
| सोना रवा | 77,900 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,300 |
| चांदी (999) | 92,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# मुनाफाखोरी पर रोक से जुड़े उपबंध खत्म करेगी सरकार

## जीएसटी मुनाफा रोधी व्यवस्था एक अप्रैल 2025 से नहीं रहेगी प्रभावी

- जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों की शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे उपभोक्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

जीएसटी मुनाफा-रोधी व्यवस्था एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी नहीं रहेगी। सरकार ने जीएसटी कानून में मुनाफाखोरी पर रोक से जुड़े उपबंध खत्म करने को अधिसूचित की है। अधिसूचना का मतलब है कि उपभोक्ता एक अप्रैल, 2025 से जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे।

सरकार के जीएसटी नीति प्रकोष्ठ ने एक और अधिसूचना में कहा कि साथ ही एक अक्टूबर से मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधानों के तहत सभी लंबित शिकायतों का भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के बजाय जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) की प्रधान पीठ निपटान करेगी। ये अधिसूचनाएं जीएसटी परिषद की सिफारिशों के अनुरूप हैं। परिषद ने 22 जून को 53वीं बैठक में मुनाफाखोरी-रोधी उपबंध खत्म करने तथा मुनाफाखोरी-रोधी मामले जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की प्रधान पीठ द्वारा देखने के लिए केंद्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 171 और धारा 109 में संशोधन करने की सिफारिश की थी।

### सकल जीएसटी संग्रह 6.5% बढ़कर 1.73 लाख करोड़

नई दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का सितंबर महीने में सकल संग्रह सालाना आधार पर 6.5% बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल की समान अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 1.63 लाख करोड़ रहा था। अगस्त, 2024 में जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ था। सितंबर में घरेलू कर राजस्व 5.9% बढ़कर 1.27 लाख करोड़ हो गया। वहीं माल के आयात से प्राप्त राजस्व 8% बढ़कर 45,390 करोड़ हो गया। आलोच्य अवधि में जीएसटी विभाग की तरफ से 20,458 करोड़ के रिफंड जारी किए गए जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 31% अधिक है। रिफंड को समायोजित करने के बाद सितंबर में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.53 लाख करोड़ रहा। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.9% अधिक है।

# ईटीएफ : निवेश का लचीला और विविधीकृत विकल्प

ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) एक प्रकार का वित्तीय उत्पाद है जो स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड करता है। यह निवेशकों को स्टॉक्स, बॉण्डस, या कमोडिटीज के मिश्रण में निवेश करने का अवसर देता है, जिससे वे एक विविधीकृत पोर्टफोलियो बना सकते हैं। ईटीएफ की खासियत यह है कि इसे स्टॉक की तरह किसी भी समय खरीदा और बेचा जा सकता है। इसके साथ ही, यह म्यूचुअल फंड्स की तुलना में कम लागत और अधिक पारदर्शिता प्रदान करता है। हालांकि, ईटीएफ में बाजार जोखिम और ट्रैकिंग एरर जैसे जोखिम होते हैं, जिनका ध्यान निवेशकों को रखना चाहिए। आइये इसके कुछ मुख्य बिन्दुओं पर गौर किया जाए ...

### प्रकार

- **इक्विटी :** ये स्टॉक्स या शेयरों में निवेश करते हैं। इन्हें बाजार के किसी इंडेक्स जैसे निफ्टी या सेंसेक्स के आधार पर डिजाइन किया जाता है।
- **बॉण्ड :** ये सरकारी या कॉर्पोरेट बॉण्ड में निवेश करते हैं।
- **कमोडिटी :** इनका निवेश किसी विशेष कमोडिटी जैसे गोल्ड, सिल्वर या अन्य धातुओं में होता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय :** ये किसी दूसरे देश के शेयरों या इंडेक्स में निवेश करते हैं।

### निवेश के फायदे

- **लिक्विडिटी :** आप इसे बाजार के कामकाजी घंटों के दौरान कभी भी खरीद और बेच सकते हैं।
- **कम लागत :** ईटीएफ में मैनेजमेंट फीस अक्सर म्यूचुअल फंड्स से कम होती है।
- **विविधता :** एक ही ईटीएफ में विभिन्न प्रकार के स्टॉक्स, बॉन्ड्स या कमोडिटी में निवेश किया जा सकता है, जिससे जोखिम कम होता है।



### जोखिम

- **बाजार :** ईटीएफ बाजार में मौजूद कई एसेट्स (स्टॉक्स, बॉण्ड्स, कमोडिटीज़) के प्रदर्शन पर निर्भर होते हैं। अगर बाजार में गिरावट होती है, तो ईटीएफ में भी गिरावट आ सकती है।
- **ट्रैकिंग एरर :** ईटीएफ का उद्देश्य किसी विशेष इंडेक्स या एसेट क्लास को ट्रैक करना होता है, लेकिन कई बार ईटीएफ इंडेक्स से मेल नहीं खा पाता। इसे ट्रैकिंग एरर कहा जाता है। यह इंडेक्स और ईटीएफ में अंतर पैदा करता है।
- **कम लिक्विडिटी :** कुछ ईटीएफ, विशेष रूप से छोटे या कम लोकप्रिय ईटीएफ, में लिक्विडिटी की कमी होती है। इसका मतलब उन्हें आसानी से खरीदा या बेचा नहीं जा सकता, और ऐसे में आपको वांछित मूल्य पर बिक्री या खरीदने में कठिनाई हो सकती है।
- **कॉन्ट्रैक्ट :** कुछ ईटीएफ (जो डेरिवेटिव्स का प्रयोग करते हैं) में जोखिम होता है कि अगर कोई तीसरा पक्ष अपने अनुबंध को पूरा नहीं कर पाता है, तो ईटीएफ प्रभावित होता है।
- **कर :** कुछ देशों में ईटीएफ से होने वाले लाभ पर टैक्स अलग है, जो निवेशकों के लिए जोखिम हो सकता है।
- **कमोडिटी :** किसी ईटीएफ का आधार कमोडिटी (जैसे सोना या तेल) है, तो इसका मूल्य उनकी कीमतों में उतार-चढ़ाव पर बदल सकता है।
- **मुद्रा :** यदि ईटीएफ विदेशी एसेट या मार्केट्स में निवेश करता है, तो इस पर मुद्रा विनिमय दरों में बदलाव का असर पड़ता है।

## विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** कारखाना उत्पादन, बिक्री तथा नए निर्यात ऑर्डर में धीमी वृद्धि से देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां सितंबर में आठ महीने के निचले स्तर पर हैं। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर में 56.5 रहा, जो अगस्त में 57.5 था। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि गर्मियों में बहुत मजबूत वृद्धि के बाद सितंबर में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गति धीमी हो गई। उत्पादन तथा नए ऑर्डर की धीमी गति और निर्यात मांग वृद्धि में मंदी विशेष रूप से स्पष्ट रही।

## सेबी एफएंडओ खंड के लिए जल्द उठाएगा कदम

- सरकार से नगर निगम बॉण्ड के ग्राहकों के लिए कर में छूट देने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड के संबंध में जल्द ही कदम उठा सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेबी ने सरकार से नगर निगम बॉण्ड के ग्राहकों के लिए कर में छूट देने का आग्रह भी किया है, जो बुनियादी ढांचे के विकास के वित्तपोषण के लिए महत्वपूर्ण है।

नियामक के पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया ने बताया कि नियामक वित्त आयोग के साथ बैठक में नगर निगम बॉण्ड के लिए कर छूट का मामला उठाएगा। कई नगर निगमों ने 1997 से अभी तक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए बॉण्ड के जरिये 2,700 करोड़ जुटाए हैं। एफएंडओ पर भाटिया ने कहा कि सेबी बहुत जल्द एफएंडओ के बारे में कुछ करने जा रहा है।

## क्लस्टर विकास का दृष्टिकोण अपनाएं : वित्तमंत्री

ईटानगर, एजेंसी



- अरुणाचल प्रदेश की सरकार को सीतारमण ने दिया सलाह

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश की सरकार को सलाह दी कि वह राज्य में सूक्ष्म व लघु उद्यमों (एमएसई) की उत्पादकता तथा प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के साथ क्षमता निर्माण के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण को अपनाए। भारतीय स्टेट बैंक के ऋण पहुंच कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अरुणाचल में आज तक एमएसएमई मंत्रालय द्वारा घोषित औद्योगिक क्लस्टर (संकुल) नहीं है।

वित्त मंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पेमा खांडू से अनुरोध करती हूं कि वे राज्य में 20 जीआई-चिह्नित उत्पादों के लिए क्लस्टर विकास का दृष्टिकोण अपनाएं। छोटे स्थानों पर ऐसे क्लस्टर, मंत्रालय द्वारा घोषित किए जा सकते हैं और ऐसे उद्यमों को वित्तपोषित करने को भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक को जोड़ा जा सकता है। सीतारमण ने कहा कि ऋण पहुंच कार्यक्रम के जरिये पीएम स्वनिधि, स्टैंड-अप इंडिया, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा, एनआरएलएम-एसएचजी, पीएम सूर्य घर और पीएमईजीपी जैसी योजनाएं शुरू हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैंक ऋण के जरिये लाभ पहुंचाने के लिए 17 योजनाएं शुरू की हैं, जिनके लिए गारंटी की जरूरत नहीं है।

### क्या है क्लस्टर

क्लस्टर उद्यमों का समूह है जो जहां तक संभव हो समीपस्थ क्षेत्र में स्थित होते हैं। यह एक समान तथा समान उत्पादों व सेवाओं का उत्पादन करता है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने एमएसई को अधिक प्रतिस्पर्धी और उत्पादक बनाने में मदद करने के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण अपनाया है। इसमें एमएसई की वृद्धि तथा स्थिरता का समर्थन करने के लिए सामान्य सुविधा केंद्र स्थापित करना शामिल है।

## खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर 2.44% पर

**नई दिल्ली।** औद्योगिक कर्मचारियों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर 2.44% रही। इससे पिछले महीने जुलाई में यह 2.15% थी। श्रम मंत्रालय के अनुसार, अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक श्रमिक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) इस साल अगस्त में 0.1 अंक घटकर 142.6 अंक रहा। इस साल जुलाई में सीपीआई-आईडब्ल्यू 142.7 था।

इसमें कहा गया है कि मुद्रास्फीति अगस्त, 2024 में सालाना आधार पर 2.44% रही, जबकि अगस्त, 2023 में यह 6.91 प्रतिशत थी। श्रम और रोजगार मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय श्रम ब्यूरो देश के औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण 88 केंद्रों में फैले 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा कीमतों के आधार पर हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संकलित करता है।



## एक नजर

### दो तस्कर गिरफ्तार, 37 किलो डोडा-चूरा बरामद

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के करेडा थाना क्षेत्र में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) की सूचना पर कार से दो तस्करों को गिरफ्तार कर 37 किलो डोडा-चूरा बरामद किया है। पुलिस ने मेघवालों का बास समोखी निवासी राकेश उर्फ रांका उर्फ बिच्छु उर्फ आनंदपाल मेघवाल (22) और बुधाराम उर्फ बुद्धराज विश्नोई (26) को गिरफ्तार किया है।

### टाइटलर की याचिका पर 29 नवंबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह जगदीश टाइटलर की उस याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगा जिसमें कांग्रेस नेता ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या से संबंधित एक मामले में उनके खिलाफ हत्या और अन्य अपराधों के लिए आरोप तय किए जाने को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने मामले की संक्षिप्त सुनवाई के बाद टाइटलर के अधिवक्ता से कुछ गवाहों के बयान फाइल करने को कहा जो रिकॉर्ड में नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को तय की।

### बाढ़ प्रभावित 14 राज्यों को 5,858 करोड़ रुपये जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा मोचन कोष से 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5,858.60 करोड़ जारी किए हैं। केन्द्र ने महाराष्ट्र को 1,492 करोड़, आंध्र प्रदेश को 1,036 करोड़, असम को 716 करोड़, बिहार को 655.60 करोड़, गुजरात को 600 करोड़, हिमाचल को 189.20 करोड़, केरल को 145.60 करोड़, मणिपुर को 50 करोड़, मिजोरम को 21.60 करोड़, नागालैंड को 19.20 करोड़, सिक्किम को 23.60 करोड़, तेलंगाना को 416.80 करोड़, त्रिपुरा को 25 करोड़ और बंगाल को 468 करोड़ रुपए जारी किए हैं।

# वांगचुक हिरासत में, अनिश्चितकालीन अनशन शुरू

## लद्दाख के लिए छठी अनुसूची में दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर दिल्ली की ओर कर रहे थे मार्च

नई दिल्ली, एजेंसी

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और दिल्ली सीमा पर हिरासत में लिये अन्य लोगों ने मंगलवार को उन पुलिस थानों पर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया जहां उन्हें रखा गया है। इनको उस समय हिरासत में लिया गया जब वे लद्दाख के लिए छठी अनुसूची में दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर राजधानी की ओर मार्च कर रहे थे।

वांगचुक एक महीने पहले लेह से शुरू हुई दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे है। उन्हें और लद्दाख के 120 लोगों को सोमवार रात हिरासत में लिया गया। पदयात्रा का आयोजन लेह एपेक्स बॉडी ने किया था, जो करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ मिलकर चार साल से लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और इसे संविधान की



दिल्ली चलो पदयात्रा के दौरान पुलिस हिरासत में सोनम वांगचुक।

छठी अनुसूची में शामिल करने, लद्दाख को लोक सेवा आयोग के साथ शीघ्र भर्ती शुरू करने और लेह एवं करगिल जिलों के लिए अलग लोकसभा सीटों की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। पुलिस के अनुसार, वांगचुक व अन्य को निषेधाज्ञा के उल्लंघन में हिरासत में लिया गया और उन्हें बवाना, नरेला औद्योगिक क्षेत्र और अलीपुर सहित विभिन्न पुलिस थानों में ले जाया गया।

### वांगचुक की हिरासत अलोकतांत्रिक, अस्वीकार्य : विपक्ष


**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक तथा कई अन्य लद्दाख वासियों को हिरासत में लिए जाने की आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि इस अलोकतांत्रिक कार्रवाई को स्वीकार नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि संवैधानिक अधिकारों के लिए शांतिपूर्वक मार्च कर रहे सोनम और लद्दाख के लोगों को हिरासत में लिया जाना अस्वीकार्य है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर कहा कि सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार ने यह कायरतापूर्ण कार्रवाई की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सोनम वांगचुक की यात्रा को बाधित करके कुछ हासिल नहीं कर सकती। आप नेता अरविंद केजरीवाल ने कहा कि निहत्थे लोगों से आखिर क्या डर है? दिल्ली आने से कभी किसानों तो कभी लद्दाख के लोगों को रोकते हैं। क्या दिल्ली किसी की बपौती है?

### सोनम को हिरासत में लेने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक और कई अन्य को हिरासत में लिये जाने के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता के वकील ने मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष मामले को सूचीबद्ध करने का उल्लेख किया। अदालत ने मामले को मंगलवार को सूचीबद्ध करने से इनकार करते हुए इस बात पर सहमति व्यक्त की कि यदि अपराह्न साढ़े तीन बजे तक उसके काम की स्थिति सामान्य होती है तो मामले को तीन अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

# भाजपा ने गरीबों और दलितों की अनदेखी की है : राहुल गांधी

चंडीगढ़, एजेंसी



- विधानसभा चुनाव से पहले सोनीपत की जनसभा में कांग्रेस नेता बोले- केंद्र सरकार कुछ अरबपतियों के लिए कर रही काम

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर संविधान पर हमला करने, गरीबों और दलितों की अनदेखी करते हुए कुछ अरबपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले सोनीपत में जनसभा को संबोधित किया थे। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनकी सरकार केवल कुछ बड़े उद्योगपतियों के हितों की सेवा करने के लिए काम कर रही है तथा गरीबों, दलितों, किसानों और युवाओं के कल्याण के लिए कुछ नहीं कर रही।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यहां आते समय एक व्यक्ति ने मुझे रोका। उसने मुझे बताया कि वह एक छोटा सा व्यवसाय चलाता है। उसने कहा कि मोदी और हरियाणा सरकार ने उसे बर्बाद कर दिया। गांधी ने कहा कि जब मैंने उनसे इसका कारण पूछा तो उसने कहा कि नोटबंदी हुई और गलत जीएसटी लागू किया गया। जब मैंने पूछा कि उन्होंने (सरकार ने) ऐसा क्यों किया तो उसने बताया कि उन्होंने अडाणी और अंबानी की मदद के लिए ऐसा किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हर कोई जानता है कि केंद्र और हरियाणा सरकार दो-तीन अरबपतियों की मदद करने के लिए चल रही है। आपके पास रोजगार के जो भी रास्ते थे, वे बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले छोटे और मध्यम व्यवसाय हरियाणा में रोजगार पैदा करते थे, लेकिन अब ये बंद हो गए हैं। गांधी ने आरोप

## सावरकर पर टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी को समन जारी

मुंबई,एजेंसी

- नासिक की अदालत ने मानहानि के मामले पर की सुनवाई

महाराष्ट्र के नासिक जिले की एक अदालत ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के मामले में उन्हें समन जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नासिक, दीपाली परिमल केडुस्कर ने 27 सितंबर को गांधी को इस संबंध में एक नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया है कि एक देशभक्त व्यक्ति के खिलाफ दिया गया बयान प्रथम दृष्टया अपमानजनक प्रतीत होता है। गांधी को मामले की अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से या अपने कानूनी प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होना होगा, जिस पर अभी निर्णय होना बाकी है। शिकायतकर्ता एक गैर सरकारी संगठन के निदेशक हैं। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उन्होंने हिंगोली में गांधी द्वारा संबोधित सम्मेलन और 2022 में दिए गए भाषण को सुना और देखा है।

## एनआईए ने बंगाल में 12 जगह पर मारे छापे

**कोलकाता।** एनआईए ने माओवादियों से जुड़े लोगों के कोलकाता समेत प. बंगाल में 12 जगहों पर मंगलवार को एक साथ छापे मारे। सूत्र ने बताया कि दो महिलाओं और उनके सहयोगियों के माओवादियों के साथ कथित संबंधों में दक्षिण कोलकाता के नेताजी नगर इलाके के साथ उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी, बैरकपुर और सोदेपुर, पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल और पश्चिम बंगाल के कई अन्य स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। इन महिलाओं ने पूर्वी भारत में माओवादी नेटवर्क फैलाने के लिए उन्हें भेजे गए धन का कथित तौर पर इस्तेमाल किया।

## सिद्धारमैया ने धनशोधन के मामले पर सवाल उठाए

बेंगलुरु, एजेंसी

- बोले- एमयूडीए में इसके प्रावधान लागू नहीं होते, किस आधार पर ईडी ने किया मामला दर्ज



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को ईडी के धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने पर सवाल उठाया और कहा कि मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले में इसके प्रावधान लागू नहीं होते। सिद्धारमैया ने कहा कि मुझे नहीं पता कि यह किस आधार पर धन शोधन का मामला है।

संभवतः आपको भी ऐसा ही लगता होगा। मेरे हिसाब से, यह धन शोधन का मामला नहीं बनता क्योंकि ली गई जमीन के बदले में भूखंड दिया गया था, तो यह धन शोधन का मामला कैसे है? सोमवार को ईडी ने सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए की ओर से उनकी पत्नी को 14 भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर मामला दर्ज किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस्तीफा देने की जरूरत नहीं है। सिद्धारमैया की पत्नी ने सोमवार को एमयूडीए को पत्र लिखकर 14 भूखंडों का स्वामित्व और कब्जा छोड़ने की पेशकश की और कहा कि उनके लिए कोई भी भूखंड उनके पति और मानसिक शांति से बढ़कर नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई किसी चीज को छोड़ने का फैसला करता है कि वह विवाद नहीं चाहता, तो यह अपराध या कबूलनामा कैसे हो सकता है?

### लोकायुक्त पुलिस ने भूमि का किया सर्वेक्षण

**मैसूरु।** भूखंड आवंटन की जांच कर रही लोकायुक्त पुलिस की टीम ने मंगलवार को उस भूमि का सर्वेक्षण किया, जिसके बदले में 14 भूखंड अवैध रूप से सिद्धारमैया की पत्नी को आवंटित हुए थे। भूमि सर्वेक्षण के दौरान विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी, सर्वेक्षक और एमयूडीए के नगर नियोजन सदस्य भी लोकायुक्त टीम के साथ थे।

## टीएमसी नेता घोष की जमानत पर लें निर्णय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कोलकाता की विशेष अदालत को टीएमसी नेता कुंतल घोष की जमानत पर शीघ्र निर्णय करने का आदेश दिया। घोष को प. बंगाल स्कूल भर्ती-रिश्वत कांड से जुड़े धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई और ईडी शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहा है। आरोप है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कुछ (आरोपी) नेताओं द्वारा 2014 से 2021 के बीच, शिक्षक बनने के आंकांक्षियों और राज्य सरकार संचालित स्कूलों के गैर शिक्षण कर्मियों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की उगाही की गई।

## मां की हत्या कर अंग खाने के दोषी की मौत की सजा बरकरार

मुंबई, एजेंसी

- बंबई हाईकोर्ट ने कहा- ये नरभक्षी है, उम्रकैद दी तो ये यही करेगा

बंबई हाईकोर्ट ने 2017 में मां की हत्या कर अंगों को कथित तौर पर खाने को लेकर कोल्हापुर की अदालत द्वारा दोषी को दी मौत की सजा मंगलवार बरकरार रखी। कोर्ट ने कहा कि यह नरभक्षी है, सुधरने वाला नहीं, अगर उम्रकैद दी तो ये यही करेगा।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि दोषी सुनील कुचकोरवी की फांसी की सजा बरकरार रखी जाती है। दोषी में सुधार की संभावना नहीं है। यह मामला दुर्लभतम श्रेणी का है। दोषी ने न केवल मां की हत्या की, बल्कि उसने उसके शरीर के अंगों - मस्तिष्क, हृदय, यकृत, गुर्दे, आंत को निकाल लिया और उन्हें बर्तन में पका रहा था। उसने उसकी पसलियां पकाई थीं और उसका हृदय पकाने वाला था। पीठ ने कहा कि अगर उसे उम्रकैद दी जाती है, तो वह जेल में भी इसी तरह का अपराध कर सकता है।

## दो अरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर हाईकोर्ट नाराज

**बदलापुर मामला**

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न कांड की जांच के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाने पर मंगलवार को एसआईटी से नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने सवाल उठाया कि पुलिस, जोआमतौर पर आरोपियों को पकड़ने के लिए किसी भी हद तक चली जाती है, इस मामले में उन्हें गिरफ्तार करने में असमर्थ कैसे है। अदालत ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर कस्बे के स्कूल में चार और पांच साल की दो बच्चियों का एक पुरुष कर्मचारी ने यौन उत्पीड़न किया था। आरोपी अक्षय शिंदे घटना के बाद गिरफ्तार हुआ था और 23 सितंबर को मुठभेड़ में वह मारा गया।

## हरियाणा में दुष्यंत और चंद्रशेखर के वाहन पर पथराव, मामला दर्ज

जींद (हरियाणा), एजेंसी

जींद जिले के उचाना विधानसभा क्षेत्र में बीती रात को चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और उत्तर प्रदेश के सांसद चंद्रशेखर आजाद की गाड़ी पर अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, घटना के वक्त नेताओं का काफिला रुका था बज यह घटना हुई, तब वाहन में कोई नहीं था। चुनाव प्रचार के लिए जा रहे चौटाला और आजाद की गाड़ी पर कुछ युवकों ने पत्थर फेंके और ध्यान भटकाने के लिए धूल मिट्टी उड़ाई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। दुष्यंत और पुलिस में बहस भी हुई। उचाना सीट से जननायक जनता पार्टी (जजपा) के दुष्यंत चौटाला प्रत्याशी हैं और चंद्रशेखर उनके समर्थन में रोड शो करने आए थे। देर शाम को इनका काफिला उचाना कलां गांव पहुंचा था।

## एक ही मामले के अलग-अलग उल्लेख की परंपरा से सीजेआई चंद्रचूड़ नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले- वह अनुमति नहीं देंगे क्योंकि यह उनकी खुद की विश्वसनीयता को दांव पर लगाता है



प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने तत्काल सुनवाई के लिए एक ही मामले का अलग-अलग वकीलों की ओर से उल्लेख करने की परंपरा की मंगलवार को निंदा बताते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वह इसकी अनुमति नहीं देंगे क्योंकि यह उनकी खुद की विश्वसनीयता को दांव पर लगाता है। कई बार, वकील अपने मामलों को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कराने के लिए जोखिम उठाते हैं और अधिवक्ताओं को बदलकर एक ही मामले को बार-बार अलग-अलग तारीखों पर उल्लेखित करवाते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अलग-अलग वकीलों द्वारा बार-बार उल्लेख कराने की इस परंपरा को बंद करें। आप सभी जोखिम मोल लेने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में मेरे पास जो भी थोड़ा बहुत विवेक है, उसका इस्तेमाल कभी भी आपके पक्ष में नहीं किया जाएगा, क्योंकि इस न्यायालय को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।



### दो मैचों की सीरीज के दूसरे मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया, ढाई दिन के खेल में निकाला नतीजा, अश्विन प्लेयर ऑफ द सीरीज

# टेस्ट बना टी-20, बांग्लादेश क्लीन स्वीप



बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच जीतने के बाद प्लेयर ऑफ द सीरीज़ की ट्रॉफी लेते रविचंद्रन अश्विन। »
● एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में भारत ने मंगलवार को बांग्लादेश को 7 विकेट से पराजित करके सीरीज 2-0 से जीत ली। टीम इंडिया ने आखिरी 2 दिन के खेल में बड़ा उलटफेर कर दिया। पहले दिन सिर्फ 116 मिनट का ही खेल हो पाया था। दूसरे व तीसरे दिन बारिश के कारण मैच रद रहा था। टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया की घरेलू मैदान पर यह 18वीं जीत है। दोनों पारी में अर्द्धशतक लगाने वाले यशस्वी जायसवाल प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जबकि सीरीज में 114 रन बनाने वाले व 11 विकेट लेने वाले आर अश्विन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

ग्रीनपार्क में दूसरे टेस्ट में अंतिम दिन मंगलवार को बांग्लादेश दूसरी पारी में 2 विकेट पर 26 रन से आगे खेलने उतरी। टीम अपने स्कोर में 10 रन ही जोड़ सकी थी कि पहली पारी के शतकवीर मोमिनुल हक को 2 रन पर अश्विन ने राहुल के हाथों कैच आउट कराकर टीम को तीसरी सफलता दिलायी। इसके बाद शदमान खान और कप्तान नजमुल हसन शांतो ने संभलकर खेलते हुए भारत की 52 रनों की लीड को खत्म कर चौथे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी की। 27.2 ओवर में 91 के स्कोर पर जडेजा ने नजमुल को 19 रनों पर क्लीन बोल्ड चौथा झटका दिया। इसके बाद अर्द्धशतक पूरा कर चुके शदमान आकाशदीप की गेंद पर स्लिप में यशस्वी को कैच थमा बैठे। शदमान ने 101 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 50 रन बनाए। 93 रनों पर पांचवां विकेट गिरने के बाद स्कोर में 1 रन ही जुड़ा था कि जडेजा ने लिट्टन दास को एक रन पर क्लीन बोल्ड किया फिर शाकिब अल हसन को 9 रनों पर विकेटकीपर पंत के हाथों कैच आउट दिलवाकर टीम को सातवीं सफलता दिलायी। एक छोर संभाले मुश्तिफिकुर रहीम और मेहंदी हसन मिर्जा ने टीम का स्कोर 100 रनों के पार पहुंचाया। बुमराह ने मुश्तिफिकुर को भी क्लीन बोल्ड कर बांग्लादेश की पारी का 146 रनों पर अंत किया। मुश्तिफिकुर ने 37 रन बनाए। खालिद अहमद 5 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत की तरफ से बुमराह, अश्विन और जडेजा ने 3-3 विकेट झटके वहीं 1 विकेट आकाशदीप को मिला।

दूसरी पारी में 95 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को शुरुआती झटका कप्तान रोहित शर्मा के रूप में 18 रनों पर लगा। रोहित 8 रन बनाकर मेहंदी हसन की गेंद पर हसन महमूद को कैच दे बैठे। इसके बाद शुभमन गिल भी 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 34 रनों पर 2 विकेट गिरने के बाद यशस्वी और विराट ने तेजी से खेलते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। इस दौरान यशस्वी ने अपना अर्द्धशतक पूरा किया लेकिन वह 92 के कुल स्कोर पर तैजुल हसन की गेंद पर शाकिब को कैच थमा बैठे। शेष रनों को कोहली और पंत ने 17.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर शानदार जीत दिलाकर सीरीज क्लीन स्वीप की।

## कोहली ने शाकिब को तोहफे में दिया अपना बल्ला

**कानपुर।** भारत के सुपर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ शृंखला में घरेलू टीम के क्लीन स्वीप के बाद मेहमान टीम के जल्द ही संन्यास लेने वाले ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को अपने हस्ताक्षर वाला बल्ला तोहफे में दिया। यहां विदेशी सरजमीं पर अपना अंतिम टेस्ट खेलने वाले शाकिब पहले की स्पष्ट कर चुके हैं कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू शृंखला में तब तक नहीं खेलेंगे जब तक कि बांग्लादेश की मौजूदा कार्यवाहक सरकार उनके देश से बाहर जाने में किसी तरह की रुकावट नहीं आने का आश्वासन नहीं देती। जीत दर्ज करने के बाद कोहली बांग्लादेश की टीम की ओर बढ़े और बांग्लादेश के महानतम क्रिकेटर को अपना बल्ला सौंपा। दोनों को एक-दूसरे का अभिवादन करते और हंसते हुए देखा गया जबकि शाकिब ने बल्ले से शैडो ड्राइविंग की।

## यह जादू नहीं अनुभव का उपयोग : बुमराह

**कानपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने स्वयं को जादूगर कहे जाने पर कानपुर टेस्ट जीतने के बाद कहा कि मैं विशेषण में विश्वास नहीं रखता यह परिस्थितियों के अनुसार अनुभव का उपयोग है। दूसरे टेस्ट मैच में कुल छह विकेट लेने वाले बुमराह ने (स्वयं को जादूगर कहे जाने पर) कहा कि मैं इस तरह के विशेषण में विश्वास नहीं रखता। यह टेस्ट जीत बेहद खास है। ऐसी स्थिति में आप अपने अनुभव का उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि चेन्नई की तुलना में यहां जीतना तुलनात्मक तौर पर अलग था। आकाश दीप बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं और जिस तरह से वह बेहतर कर रहे हैं, उसे देखकर मैं बेहद खुश हूं। हमारा लंबा टेस्ट सत्र है विश्वकप के बाद से ब्रेक जरूरी था। अभ्यास भी उतना ही आवश्यक है और यह भी देखना जरूरी था कि इस टेस्ट सत्र के लिए हमारी तैयारी पूरी हो।




## स्कोर बोर्ड

**बांग्लादेश पहली पारी : 233/10**

**भारत पहली पारी: 285/9 (घोषित)**

**बांग्लादेश दूसरी पारी: 146//10** — 47 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शादमान का जायसवाल बो आकाश | 50 | 101 | 10/0 |
| जाकिर हसन पगबाधा बो अश्विन | 10 | 15 | 1/0 |
| हसन महमूद बो अश्विन | 4 | 9 | 1/0 |
| मोमीनुल हक का राहुल बो अश्विन | 2 | 8 | 0/0 |
| नजमुल हुसैन शंटो बो जडेजा | 19 | 37 | 2/0 |
| मुशफिकुर रहीम बो बुमराह | 37 | 63 | 7/0 |
| लिटन दास का पंत बो जडेजा | 1 | 8 | 0/0 |
| शाकिब अल हसन का एवं बो जडेजा | 0 | 2 | 0/0 |
| मेहदी हसन मिराज का पंत बो बुमराह | 9 | 17 | 1/0 |
| ताइजुल इस्लाम पगबाधा बो बुमराह | 0 | 13 | 0/0 |
| खालिद अहमद नाबाद | 5 | 11 | 1/0 |

अतिरिक्त : 9, गेंदबाजी : बुमराह 10-5-17-3, अश्विन 15-3-50-3, आकाश दीप 8-3-20-1, सिराज 4-0-19-0, जडेजा 10-2-34-3

**भारत दूसरी पारी: 98/3** — 17.2 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का महमूद बो मिराज | 8 | 7 | 1/0 |
| यशस्वी का शाकिब बो ताइजुल | 51 | 45 | 8/1 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो मिराज | 6 | 10 | 1/0 |
| विराट कोहली नाबाद | 29 | 37 | 4/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 4 | 5 | 1/0 |

गेंदबाजी : मिराज 9-0-44-2, शाकिब 3-0-18-0, ताइजुल 5.2-0-36-1

## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रा | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इंडिया | 11 | 8 | 2 | 1 | 98 | 74.24 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 1 | 90 | 62.50 |
| श्रीलंका | 9 | 5 | 4 | 0 | 60 | 55.56 |
| इंग्लैंड | 16 | 8 | 7 | 1 | 81 | 42.19 |
| द. अफ्रीका | 6 | 2 | 3 | 1 | 28 | 38.89 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 3 | 5 | 0 | 36 | 37.50 |
| बांग्लादेश | 8 | 3 | 5 | 0 | 33 | 34.38 |
| पाकिस्तान | 7 | 2 | 5 | 0 | 16 | 19.05 |
| वेस्टइंडीज | 9 | 1 | 6 | 2 | 20 | 18.52 |

## खेल डायरी

### भारत ने बांग्लादेश को हराया, सैफ अंडर-17 का खिताब

**थिम्पू (भूटान)।** भारत की फुटबॉल टीम ने फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 2-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप का अपना खिताब बरकरार रखा है। सोमवार रात चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले गये मैच का पहला हाफ बांग्लादेश के खिलाफ भारत के ग्रुप लीग मैच जैसा ही था। जहां भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार हमलावर रहे। वहीं बांग्लादेश के छह खिलाड़ी डिफेंस में लगे रहे। इसके बाद पहले हाफ में खराब प्रदर्शन के बाद मोहम्मद कैफ ने 58वें मिनट में हेडर से बेहतरीन गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद 95वें मिनट में मोहम्मद अरबाश ने बाएं पैर से शानदार गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन ऐसी टीम के खिलाफ गोल करना कभी आसान नहीं होता जोकि रक्षात्मक मानसिकता के साथ मैदान पर उतरी हो। मैच के दौरान केवल एक बार बांग्लादेश भारतीय गोल के करीब पहुंचा। यह ब्रेक पर एक मूव था और गोलमाउथ पर क्रॉस को गोलकीपर सूरज सिंह ने समय रहते रोक दिया।

### रहाणे और सरफराज के अर्धशतकों ने मुंबई को संभाला

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।** रणजी चैंपियन मुंबई के पहले दिन ही जब तीन विकेट मात्र 37 रन के योग पर गिर गए तो ऐसा लगा कि टीम जल्द ही सिमट जायेगी। लेकिन कप्तान अंजिक्य रहाणे (नाबाद 86) और श्रेयस अय्यर ने शुरुआती झटकों के बाद टीम को संभाल लिया और पहले दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने ईरानी ट्रॉफी के लिए खेले जा रहे मुकाबले में शेष भारत के विरुद्ध चार विकेट खोकर 237 रन बना लिये। शेष भारत के मुकेश कुमार ने 3 विकेट झाटके। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में श्रेयस अय्यर (57 रन) और सरफराज खान ने (नाबाद 54 रन) अर्धशतक जड़े। इकाना स्टेडियम में मंगलवार को गीली आउट फील्ड के चलते पहले दिन 68 ओवर का ही खेल हुआ। मुकेश ने तीन विकेट चटकाये। यश दयाल को एक विकेट मिला।



### संघों को एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम देगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड प्रदेश संघों को आधुनिक एथलीट मॉनिटरिंग सिस्टम देगा जिससे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। प्रदेश संघों को भेजे पत्र में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि बेंगलुरू के सेंटर आफ एक्सीलैंस की एक टीम एएमएस के प्रभावी इस्तेमाल की जानकारी देने के लिये जल्दी ही उन तक पहुंचेगी। शाह ने पत्र में लिखा मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बीसीसीआई सभी प्रदेश संघों को एएमएस देगा जिसका खर्च बीसीसीआई वहन करेगा। दिसंबर में आईसीसी चेयरमैन बनने जा रहे शाह ने कहा प्रदेश संघ इससे खिलाड़ियों का बेहतर प्रबंधन कर सकेंगे और खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ दे पाएंगे। एएमएस खिलाड़ियों को जोखिम और तैयारियों पर सूचना देने के साथ कोचों और प्रशासकों को प्रदर्शन अलर्ट, चोटों और फिटनेस पर विश्लेषण और कार्यभार मॉनिटरिंग भी करेगा।

### पार्थ को जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दोहरा स्वर्ण


**लीमा।** पार्थ राकेश माने ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सोमवार को इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। गौतमी भालोट, शांभवी क्षीरसागर और अनुष्का थोकुर की भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर राइफल में 1894.8 के संयुक्त स्कोर के साथ नया जूनियर विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। इन तीन स्वर्ण पदकों के साथ जूनियर शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत टूर्नामेंट में अब तक पांच स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीत चुका हैं।

## चैंपियंस लीग में रोनाल्डो के गोल से अल नस्र ने अल रेयान को हराया

रियाद, एजेंसी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से सऊदी अरब के अल नस्र ने सोमवार को एएफसी चैंपियंस लीग एलीट ग्रुप चरण के मैच में कतर के अल रेयान को 2-1 से हराया।

पांच बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता रोनाल्डो वायरल संक्रमण के कारण इराक के अल शोर्ता के खिलाफ दो हफ्ते पहले 1-1 से ड्रॉ रहे टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे। सोमवार को उनका एक गोल ऑफ साइड हो गया लेकिन मैच खत्म होने से 14 मिनट पहले उन्होंने एक और गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। लीवरपूल के पूर्व फारवर्ड सादियो माने ने मध्यांतर से ठीक पहले अल नस्र को बढ़त दिलाई जबकि रोनाल्डो ने टीम की बढ़त को 2-0 किया। मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले रोजर गुएडेस ने अल रेयान के लिए गोल दागा लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। अन्य मुकाबलों में सऊदी अरब के अल अहली ने यूएई के अल वासल को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि कतर के अल साद ने ईरान के एस्टेघलाल को इसी अंतर से हराया। ईरान के पर्सेपोलिस और उज्बेकिस्तान के पाख्ताकोर का मुकाबला 1-1 से बराबर रहा।



### बोर्नेमाउथ ने साउथम्पटन को हराया

**बोर्नेमाउथ (इंग्लैंड)।** बोर्नेमाउथ ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को यहां साउथम्पटन को 3-1 से हरा दिया। सत्र के छह मैच के बाद भी साउथम्पटन को पहली जीत की तलाश है और टीम एक अंक जुटाकर वोल्वरहैम्पटन के साथ संयुक्त रूप से आखिरी पायदान पर है। बोर्नेमाउथ की ओर से एवनिलसन (17वें मिनट), डेंगो ओउआटारा (32वें मिनट) और एंटोनी सेमेन्यो (39वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा।

## अल्काराज फाइनल में पहुंचे, पेगुला बाहर


बीजिंग, एजेंसी

विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को यहां रूस के दानिल मेदवेदेव पर सीधे सेट में 7-5, 6-3 से जीत के साथ चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने 88 मिनट में सेमीफाइनल जीतकर मेदवेदेव के खिलाफ अपने जीत-हार के रिकॉर्ड को 6-2 तक पहुंचाया।

फाइनल में अब अल्काराज का मुकाबला गत चैंपियन और शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी यानिक सिनर और चीन के वाइल्ड कार्ड धारक बु युनचाओकेट के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच के विजेता से होगा। इससे पहले महिला वर्ग में पाउला बेडोसा ने अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली जेसिका पेगुला को 6-4, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शुरुआती सेट में 1-3 से पिछड़ने के बाद दुनिया की पूर्व नंबर दो खिलाड़ी बेडोसा ने वापसी करते हुए तीसरे नंबर की खिलाड़ी पेगुला को हराया। बेडोसा क्वार्टर फाइनल में चीन की 35 वर्षीय झांग शुआई से भिड़ेंगी जिन्होंने पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच को 6-4, 6-2 से हराया। रैंकिंग में 595वें स्थान की खिलाड़ी झांग ने लगातार 24 मैच हारने के बाद चीन ओपन में प्रवेश किया था लेकिन उन्होंने इस हफ्ते खेले चार मैचों में एक भी सेट नहीं गंवाया है। वहीं 115वें नंबर की यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा ने भी 14वीं रैंकिंग वाली अन्ना कालिन्स्काया को 7-5, 6-0 से हराकर उलटफेर किया। यूलिया क्वार्टर फाइनल में चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका और छठी रैंकिंग वाली कोको गॉफ के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी।

वहीं, तीन बार की ग्रैंड स्लैम विजेता एरिना सबालेंका ने सोमवार को यहां चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एश्लिन क्रूगर को 6-2, 6-2 से हराकर लगातार 14वीं जीत दर्ज करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सबालेंका का सामना अब अमेरिका की मेडिसन कीज से होगा जिन्होंने ब्राजील की बीट्रिस हदाद माइया को 6-3, 6-3 से हराया। प्री क्वार्टर फाइनल में सबालेंका की नजरें अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ लगातार 15 जीत की बराबरी करने पर होंगी।

**चीन ओपन**



● सबालेंका का विजय अभियान जारी गॉफ से भिड़ेंगी ओसाका

## बॉलीवुड हलचल

### रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आएगी। वेट्टैयन 10 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वेट्टैयन में राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका शामिल हैं।

### वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करेंगी रवीना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन वेबसीरीज डायनेस्टी में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि रवीना टंडन वेब सीरीज डायनेस्टी में काम करने जा रही है। रवीना टंडन इस शो में मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि दिग्गज गायक-अभिनेता तलत अजीज भी एक अहम किरदार निभाएंगे। कहा जा रहा है कि वेबसीरीज डायनेस्टी का निर्देशन साहिल संघा कर रहे हैं। रवीना टंडन इस वेबसीरीज की स्टार कास्ट के साथ अक्टूबर के दूसरे भाग में शूटिंग शुरू करेंगी। इस वेबसीरीज का बड़ा हिस्सा दिल्ली में शूट किए जाने की संभावना है।



### कार्तिक ने असली चैंपियंस के साथ मनाया जश्न

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने ओलंपिक और पैरालंपिक चैंपियन के साथ जश्न मनाया है। कार्तिक आर्यन ने फिल्म चंदू चैंपियन में मुरलीकांत पेटकर के किरदार को सिल्वर स्क्रीन पर जीवंत कर दिया। हर तरफ से ढ़ेर सारा प्यार और प्रशंसा पाने के बाद कार्तिक ने अपने जबरदस्त परफॉर्मेंस से हमारे पैरालंपिक एथलीटों को सम्मानित किया है। कार्तिक हमेशा इन चैंपियनों की भावना का जश्न मनाते रहे हैं। इसकी झलक तब देखने मिली, जब वे हाल ही में नीता अंबानी द्वारा आयोजित एक खास कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां पहली बार 140 ओलंपियन और पैरालिंपियन एक साथ देखे गए। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया पर एक छोटा वीडियो शेयर किया है, जिसमें पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह और प्रीति पाल को उनकी फिल्म चंदू चैंपियन का फेमस डायलॉग चंदू नहीं चैंपियन है मैं बोलते हुए जोश में देखा जा सकता है। कार्तिक ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा है, किसी को कभी कम मत समझना चंदू नहीं चैंपियन है। असली चैंपियंस के साथ। कार्तिक आर्यन, दीवाली पर रिलीज होने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगे।

## आईओए कोषाध्यक्ष ने अध्यक्ष के दावों को दिया झूठ करार

नई दिल्ली, एजेंसी

● **पीटी उषा के दावों पर सहदेव ने किया पलटवार कहा- उनके आरोपों का ना कोई सबूत है और ना ही वास्तविक आधार**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने आईओए कार्यकारी समिति के सदस्यों के पेरिस ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने के प्रस्ताव पर सहमत नहीं होने के अध्यक्ष पीटी उषा के दावे के लिए उन पर पलटवार करते हुए कहा उनका दावा सरासर झूठ है।

उषा ने सोमवार को कहा था कि यह बेहद चिंताजनक है कि कार्यकारी समिति के सदस्य ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने में विफल रहे और उन्होंने वित्त समिति पर पेरिस खेलों के लिए भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी के लिए दिए जाने वाले कोष को रोकने का आरोप लगाया। उषा के दावों का खंडन करते हुए सहदेव ने कहा समिति के सदस्यों के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है और ना ही पेरिस ओलंपिक 2024 के पदक विजेताओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए लिखित में कोई आधिकारिक प्रस्ताव है। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के भी अध्यक्ष सहदेव ने उषा पर आईओए संविधान के अनुसार जिम्मेदारी लेने के बजाय झूठ फैलाने और मनगढ़ंत बातें करने का आरोप लगाया। सहदेव ने कहा हम यह समझ पाने में असफल हैं कि आईओए अध्यक्ष झूठ क्यों फैला रही हैं। कार्यकारी समिति के सदस्यों को नीचा दिखाने के लिए जबकि इसका ना तो कोई सबूत है और ना ही कोई वास्तविक आधार है। उनके प्रयास और प्रस्ताव कुछ और नहीं बल्कि सफेद झूठ हैं जिन्हें अध्यक्ष हर बार मीडिया के सामने मगरमच्छ के आंसू बहाते हुए गढ़ती रहती हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# थाईलैंड में बस में आग लगने से 25 विद्यार्थियों की मौत

● बस में छह शिक्षकों समेत 44 लोग थे सवार

**बैंकॉक, एजेंसी**

थाईलैंड में बैंकॉक के बाहरी इलाके में वॉट खाओ फ्राया विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों को ले जा रही एक बस में मंगलवार को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह हादसा थाईलैंड के खु खोत में ज़ीर रंगसिट शॉपिंग मॉल के पास फाहोन योथिन रोड पर स्थानीय समयानुसार अपराह्न 12.30 बजे हुआ।

राजधानी बैंकॉक से लगभग 250 किमी (155 मील) उत्तर में उथाई थानी प्रांत से चली बस में छह शिक्षकों समेत 44 लोग सवार थे। आग लगने के कारणों के बारे में फिलहाल का पता नहीं चल पाया है और मृतकों की



संख्या बढ़ने की आशंका है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दमकलकर्मी आग को काबू करने की मशक्कत कर रहे थे। पुलिस के अनुसार सोलह विद्यार्थियों और तीन शिक्षकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवहन मंत्री सूर्या जुआंगरूंगरूंगकिट ने कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# 56 साल बाद ढाका ग्लेशियर में दफन मिला शहीद का शव

## वर्ष 1968 में लेह से चंढ़ीगढ़ के लिए निकला वायु सेना का विमान हो गया था क्रैश

● चालक सहित 102 यात्रियों को लेकर भरी थी उड़ान, आईडी से हुई सिपाही की पहचान

**सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** भारत-चीन सीमा पर तैनात एक फौजी 56 साल पहले अपने घर के लिए निकला। वह अपने 102 साथियों के साथ वायु सेना के विमान में सवार था। विमान ने उड़ान तो भरी, लेकिन अपने बेस पर वापस नहीं लौट पाया। विमान क्रैश हो गया और सभी 102 लोग लापता हो गए। अब 56 साल बाद पता लगा कि विमान हादसे में लापता हुए सैनिक नारायण सिंह का शव ढाका ग्लेशियर में दफन है। सेना के जवानों ने शव निकाला। शव पहचानने की हालत में नहीं था, लेकिन शव से मिली एक आईडी से शहीद की शिनाख्त सिपाही नारायण सिंह के रूप में की गई। कोलपुड़ी पोस्ट गेरूर ब्लॉक थराली (चमोली) के रहने वाले नारायण सिंह भारतीय सेना में सिपाही थे। वर्ष 1968 में उनकी तैनाती भारत-चीन सीमा पर स्थित लेह में थी। सेना के अधिकारियों ने उनके पुत्र जयवीर सिंह को चार दिन पूर्व एक पत्र भेजा। मेजर साहिल रणदेव की ओर से भेजे गए पत्र में लिखा, 7 फरवरी 1968 को भारतीय वायुसेना का विमान एन-12-बीएल-534 चंडीगढ़ से उड़ा। छह क्रू सदस्यों के साथ विमान लेह पहुंचा, ताकि भारतीय सेना के लोगों को लेह से चंडीगढ़ वापस लाया जा सके। वापसी में विमान ने लेह से उड़ान भरी। विमान में कुल 102 यात्री (चालक दल सहित) सवार थे, लेकिन चंडीगढ़ की ओर बढ़ते समय खराब मौसम की वजह से ढाका ग्लेशियर के सामान्य क्षेत्र में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सिपाही नारायण सिंह भी एक यात्री थे। घटना के बाद सेना ने लगातार अपने लापता जवानों की तलाश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इधर, अब सेना को ढाका ग्लेशियर में एक शव मिला। शव पहचाना नहीं जा रहा था, लेकिन शव से एक आईडी मिली, जिस पर जिला टिहरी गढ़वाल उत्तर प्रदेश लिखा था। सेना ने पड़ताल की तो पता लगा कि शव सिपाही नारायण सिंह का था। नारायण सिंह की पत्नी बसंती के पुत्र जयवीर सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि फौज ने शव मिलने की पुष्टि की है। सभवतः दो दिन बाद शव को गांव लाया जाएगा।

### शादी के तुरंत बाद मिली पोस्टिंग और फिर शहादत

हल्द्वानी : जयवीर ने बताया कि उनकी मां बसंती देवी का 2011 में निधन हो गया है। बसंती ने अपने बच्चों को कभी नारायण सिंह के बारे में नहीं बताया। हालांकि बाद में बच्चों को इसका पता लग गया। बसंती से शादी के कुछ समय बाद ही नारायण को लेह में पोस्टिंग मिली थी। हादसे को जब पांच साल गुजर गए तो नारायण के भाई भवान सिंह ने बसंती को सहारा दिया। शादी की और फिर दो बच्चे सुजान व जयवीर हुए। हालांकि बच्चों पर किसी तरह का मानसिक असर न पड़े तो नारायण को बच्चों से छिपाए रखा गया।

### 1968 से अब तक बरामद हुए सिर्फ पांच शव

सेना की ओर से जो पत्र जयवीर सिंह को भेजा गया है, उसमें लिखा है कि भारतीय सेना और वायु सेना ने मिलकर कई खोज और बचाव अभियान चलाए गए हैं। अब तक कुल पांच शव बरामद किए गए हैं। सेना एक बार फिर ढाका ग्लेशियर के सामान्य क्षेत्र में खोज और बचाव अभियान चलाएगी, ताकि शहीदों के अवशेषों को ढूंढा जा सके और उन्हें उचित अंतिम सैन्य सम्मान दिया जा सके। सेना ने कहा, यह पीड़ित परिवार के सदस्यों की भावना और इच्छाशक्ति ही है, जो हमारी आत्माओं को शून्य से भी नीचे के तापमान, दुर्गम इलाकों में शहीदों के पार्थिव अवशेषों की खोज जारी रखने के लिए प्रेरित करती है।

## एक नजर

### अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स को 50वें सीजर पुरस्कार में किया जाएगा सम्मानित

**पेरिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स को सीजर पुरस्कार के 50वें संस्करण में सम्मानित किया जाएगा। एकेडमी ऑफ सिनेमा आर्ट्स एंड टेक्निक्स ने यह घोषणा की। सीजर पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक बयान में बताया गया कि रनअवे ब्राइड, प्रिटी वुमन, नॉटिंग हिल और एरिन ब्रोकोविच जैसी फिल्मों के लिए मशहूर 56 वर्षीय अभिनेत्री को 28 फरवरी, 2025 को फ्रांस की राजधानी के ओलंपिया हॉल में आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान 'ऑनररी सीजर' से पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### जाकिर नाइक एक महीने के पाकिस्तान दौरे पर

**इस्लामाबाद।** भारतीय भगौड़ा डॉ. जाकिर नाइक एक महीने की लंबी यात्रा के लिए पाकिस्तान पहुंचा, जहां वह कराची, इस्लामाबाद और लाहौर जैसे प्रमुख शहरों में व्याख्यान देंगा। यह जानकारी मंगलवार को मीडिया रिपोर्टों से प्राप्त हुई। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, तीन दशकों में नाइक की यह पहली पाकिस्तान यात्रा है। इससे पहले वह आखिरी बार 1992 में पाकिस्तान गए थे, जब वह भारत लौटने से पहले लाहौर में धार्मिक विद्वान डॉ. इसरार अहमद से मिले थे।

### श्रीलंका में मंत्रिमंडल की हुई पहली बैठक

**कोलंबो।** श्रीलंका में नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) गठबंधन की नई सरकार बनने के बाद देश के अब तक के सबसे छोटे मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई, जिसमें सिर्फ तीन मंत्री शामिल हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नए मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिथा हेराथ ने बताया कि सोमवार को हुई इस बैठक में नवनियुक्त राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और प्रधानमंत्री डॉ. हरिणी अमरसुरिया के अलावा वह शामिल हुए।

### इंडोनेशिया के सुलावेसी प्रांत में भूकंप के तीव्र झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के दक्षिणपूर्व सुलावेसी प्रांत में मंगलवार को भूकम्प के तीव्र झटके महसूस किये गये। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शाम करीब 04 :28 बजे आए भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6 .2 आंकी गयी। इसका केंद्र वाकाटोबी रीजेंसी से 186 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में समुद्र तल के नीचे 631 किमी की गहराई पर था। सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने बताया कि भूकंप से किसी जानमाल की हानि की फिलहाल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

### चीनी सेना की दक्षिण चीन सागर में समुद्री गश्त

**बीजिंग।** चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) दक्षिणी थिएटर कमांड ने सोमवार से मंगलवार तक दक्षिण चीन सागर में युद्ध-तैयारी गश्त करने के लिए एक नौसैनिक बेड़े का आयोजन किया। पीएलए आर्मी दक्षिणी थिएटर कमांड ने आज एक बयान में कहा कि यह गश्त वार्षिक सैन्य अभ्यास के तहत की गई।

# लेबनान में जमीनी हमले शुरू

## इजराइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों के खिलाफ स्थानीय अभियान छेड़ा

**यरुशलम, एजेंसी**

इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों के खिलाफ सीमित, स्थानीय अभियान शुरू कर दिया है। सेना उन गांवों में लक्षित जमीनी हमले कर रही है जो इजराइली सीमा के करीब हैं। उसने कहा कि ये ठिकाने उत्तरी इजराइल में इजराइली समुदायों के लिए खतरा पैदा करते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्ला और हमास का समर्थन करने वाले ईरान को सोमवार को चेतावनी दी थी।

उन्होंने लेबनान के हिजबुल्ला समूह के नेता के एक हवाई हमले में मारे जाने के कुछ दिन बाद कहा, पश्चिम एशिया में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां इजराइल नहीं पहुंच सकता। हिजबुल्ला ने अपने नेता हसन नसरल्ला और अन्य शीर्ष नेताओं के मारे जाने के बाद भी लड़ाई जारी रखने का सोमवार को संकल्प लिया। आतंकी समूह के कार्यवाहक नेता नईम कासेम ने नसरल्ला की मौत के बाद सोमवार को टेलीविजन पर अपने पहले बयान में कहा कि अगर इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो हिजबुल्ला के लड़ाके पूरी तरह से तैयार हैं। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि वह लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर स्थानीय जमीनी हमले कर रही है। सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हेगारी ने मंगलवार को मीडिया में जारी एक वीडियो बयान में कहा कि सैनिक यह सुनिश्चित करने के लिए हिजबुल्ला के खिलाफ अभियान चला रहे हैं कि इजराइली नागरिक उत्तरी हिस्से में अपने घरों में लौट सकें। हिजबुल्ला ने गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से ही उत्तरी इजराइल में रॉकेट हमले शुरू कर दिए थे जिससे वहां रहे लोगों को विस्थापित होना पड़ा था।



लेबनान सीमा की ओर बढ़ते इजराइली टैंकर।

### हवाई हमलों में 95 लोग मारे गए, 172 घायल हुए

**बेरूत।** लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली हवाई हमलों में कुल 95 लोगों की मौत हो गयी और 172 अन्य घायल हो गये हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार रात यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि बालबेक-हर्मेल जिले में इजरायली हमले में 16 लोग मारे गए और 48 अन्य घायल हुए।

### संदिग्ध हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोत पर हमला किया

**दुबई।** हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को लाल सागर में एक पोत को निशाना बनाकर संदिग्ध हमला किया जो पिछले कुछ सप्ताह में वाणिज्यिक पोतों पर उनका संभवत: पहला हमला है। यह हमला लेबनान में हाल में हुए इजराइली हमलों और हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला के मारे जाने के बाद हुआ है। इससे पश्चिम एशिया में युद्ध के बड़े स्तर पर फैलने की आशंका पैदा हो गई है। हूती विद्रोहियों ने सोमवार को इजराइल के ऊपर उड़ रहे एक अमेरिकी सैन्य ड्रोन को मार गिराने के बाद इजराइल को निशाना बनाकर सैन्य अभियान तेज करने की धमकी दी।

### इजराइल ने लेबनान के कई समुदायों से क्षेत्र छोड़ने का आह्वान किया

**यरूशलम।** इजराइली सेना ने सीमा के निकट लेबनान के 24 समुदायों को वहां से चले जाने की चेतावनी दी है। इजराइल द्वारा दक्षिणी लेबनान में सेना भेजने के कुछ घंटों बाद मंगलवार को यह चेतावनी दी गई। इजराइल ने कहा कि उसके सैनिक लेबनान में घुस गये और हिजबुल्ला के लड़ाकों और बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए छापेमारी की। इस बीच हिजबुल्ला ने इजराइल की सेना के लेबनान में घुसने की खबरों को खारिज किया है। इसने कहा यदि वे सीमा पार करते हैं तो उसके (हिजबुल्ला) लड़ाके आमने-सामने की लड़ाई के लिए तैयार हैं। इजराइल की सेना के प्रवक्ता द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किये गये आदेश में दक्षिणी लेबनान के लगभग 24 समुदायों का जिक्र किया गया है और लोगों को सीमा से लगभग 60 किमी (36 मील) दूर, अवाली नदी के उत्तर में चले जाने को कहा गया है।

## वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हुआ समारोह

# वायु सेना दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम: राजनाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय वायु सेना देश के दुश्मनों को उनकी सीमा में घुसकर करारा जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि सरकार आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप बल को सबसे उन्नत प्लेटफार्मों से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने यहां राष्ट्रीय समर स्मारक में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहिए ताकि सम्मान, गौरव और देश की सेवा की भावना के साथ जीवन जिया जा सके।

भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिंह ने 'वायु वीर विजेता' कार रैली को प्रारंभ किया जिसे आठ अक्टूबर को लद्दाख के थोइस से रवाना किया जाएगा जो समुद्र तल से 3,068 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया के सबसे ऊंचे वायु सेना स्टेशनों में से एक है। लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक 7,000 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह रैली आठ अक्टूबर को वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की जाएगी। सिंह ने कठिन परिस्थितियों में बहादुरी, समर्पण और देशभक्ति के साथ मातृभूमि की सेवा करने वाले सैनिकों की भी प्रशंसा की।



भारतीय वायु सेना की वर्षगांठ में शिरकत करने पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### चीन सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन सामान्य नहीं : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि चीन से लगती सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन इसे सामान्य नहीं कहा जा सकता और यह संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति की बहाली की मांग करते हुए कहा कि जब तक ऐसा नहीं होगा तक स्थिति संवेदनशील बनी रहेगी। जनरल द्विवेदी ने मंगलवार को यहां चाणक्य रक्षा संवाद- 2024 के दूसरे संस्करण के पूर्वावलोकन कार्यक्रम में राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हुए वर्ष 2047 तक एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत के बारे में भारतीय सेना के दृष्टिकोण को रखा। साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना के योगदान पर भी बात की। भारतीय सेना, सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) के सहयोग से, 'राष्ट्र निर्माण में उत्प्रेरक : समग्र सुरक्षा के माध्यम से विकास को बढ़ावा' विषय पर चाणक्य रक्षा संवाद- 2024 के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है।

## पत्रकारिता का दोषी होने की बात मुक्त होने के लिए कबूली: असांजे

**फ्रांस।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे ने मंगलवार को कहा कि उन्हें वर्षों की कैद के बाद रिहा किया गया, क्योंकि उन्होंने पत्रकारिता का दोष होने की बात कबूल कर ली। असांजे ने फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में पार्लियामेंट्री असेंबली ऑफ द काउन्सिल ऑफ यूरोप की कानूनी मामलों और मानवाधिकार समिति के समक्ष अपनी हिरासत और दोषसिद्धि के प्रभाव के बारे में साक्ष्य दिया। इस पार्लियामेंट्री असेंबली में 46 यूरोपीय देशों के सांसद शामिल हैं। असांजे को ब्रिटेन की जेल में पांच साल बिताने के बाद जून में रिहा किया गया था। उन्होंने अभियोजकों के साथ समझौते में अमेरिकी सेना से जुड़ी जानकारी हासिल करने और प्रकाशित करने का दोष स्वीकार किया था।

# विदेश मंत्री ने की अमेरिकी वाणिज्य मंत्री से मुलाकात

**वाशिंगटन, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वाशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो से मुलाकात की और उन्होंने सेमीकंडक्टर, आईसीईटी, महत्वपूर्ण खनिजों और परिस्थितियों में उतार चढ़ाव से अप्रभावित एवं सतत आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित किये जाने के मुद्दों पर चर्चा की।

विदेश मंत्री ने कहा वाशिंगटन डीसी में वाणिज्य मंत्री रायमोंडो से मिल कर बहुत खुशी हुई। हमने सेमीकंडक्टर्स, आईसीईटी, महत्वपूर्ण खनिजों, विश्वसनीय साझीदारियों और परिस्थितियों में उतार चढ़ाव से अप्रभावित एवं सतत आपूर्ति श्रृंखला पर चर्चा की। हम अपने तकनीकी सहयोग और आर्थिक साझीदारी में जो प्रगति कर रहे हैं, उसके महत्व पर भी बातचीत हुई।



## जापान की संसद ने शिगेरु इशिबा को प्रधानमंत्री चुना

**तोक्यो।** जापान की संसद ने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख शिगेरु इशिबा को औपचारिक रूप से देश का नया प्रधानमंत्री चुना। इशिबा को शुक्रवार को लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी का नेता चुना गया था, ताकि वह फुमियो किशिदा की जगह ले सकें। फुमियो किशिदा के मंगलवार की सुबह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद इशिबा के अगले प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार ग्रहण करने का मार्ग प्रशस्त हो गया था। इशिबा मंगलवार को बाद में अपने नए मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे। किशिदा ने 2021 में प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार संभाला था, लेकिन उनकी सरकार के घोटालों से घिरने के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया।

# भारत व पड़ोसी देशों से चल रहा तनाव


## राष्ट्रपति शी ने राष्ट्रीय दिवस पर दी चेतावनी, आगे की राह आसान नहीं

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन ने मंगलवार को अपना 75वां राष्ट्रीय दिवस मनाया और राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कड़ी चेतावनी दी कि कम्युनिस्ट राष्ट्र के लिए आगे की राह आसान नहीं होगी, क्योंकि उसे आर्थिक चुनौतियों के साथ-साथ अमेरिका के साथ बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और भारत सहित अन्य पड़ोसियों के साथ बढ़ते तनाव का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को बीजिंग के विशाल तियानमेन स्कवायर पर राष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग प्रतीकात्मक ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुए। देश में एक सप्ताह का अवकाश घोषित है। राष्ट्रीय दिवस की 60वीं और 70वीं वर्षगांठ की तरह इस बार कोई उत्सव या चीन की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने वाली भव्य सैन्य परेड नहीं हुई, बल्कि शी ने लोगों से कठिन समय के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। शी ने वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर एक भोज के दौरान अपने भाषण में कहा आगे की राह आसान और सुगम्य नहीं होगी, इसमें कठिनाइयां और बाधाएं आएंगी। (हमें) मुश्किल हालात का सामना करना पड़ सकता है। चीन चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच, आर्थिक गति हासिल करने की कोशिश कर रहा है।

शी ने कहा हमें शांति के समय में सतर्क रहना चाहिए, आगे की योजना बनानी चाहिए और पूरी (कम्युनिस्ट) पार्टी, पूरी सेना (पीएलए) और देश भर के सभी जातीय समूहों के लोगों पर पूरा भरोसा करना चाहिए। उन्होंने कहा, कोई भी कठिनाई चीन के लोगों को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। पार्टी और जनवादी सेना (पीएलए) का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रपति शी (71) का पांच वर्षों का यह तीसरा कार्यकाल है।



# डोभाल ने फ्रांस के सशस्त्र बलों, मंत्री से मुलाकात की

● द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के साथ वैश्विक स्थित पर चर्चा की

**पेरिस, एजेंसी**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने यहां फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्री से मुलाकात की और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने, अंतरिक्ष सहयोग को आगे बढ़ाने के साथ-साथ वैश्विक स्थिति पर चर्चा की।

फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, फ्रांस की अपनी यात्रा के दौरान भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्री सेबेस्टियन लेकॉर्नू के साथ व्यापक चर्चा की। इसमें कहा गया है, उनकी बातचीत का उद्देश्य द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करना और अंतरिक्ष सहयोग को आगे बढ़ाना था। इसके साथ ही उभरते अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक परिदृश्य को लेकर विचारों का आदान-प्रदान करना था। बैठक के बाद लेकॉर्नू ने कहा हम लोगों ने हमारे द्विपक्षीय रक्षा सहयोगः राफेल मरीन, स्कॉर्पीन पनडुब्बियां, अंतरिक्ष तथा अंतरराष्ट्रीय स्थिति, विशेष रूप से यूक्रेन पर चर्चा की।



## यूएनजीए में स्थायी सीट के लिए समर्थन करने वाले देशों का धन्यवाद

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने सोमवार को उन देशों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता देने का समर्थन किया। इनमें यूएनएससी के स्थायी पांच सदस्य देशों में से चार अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस, साथ ही अंगोला, चिली, माइक्रोनेशिया, पुर्तगाल शामिल हैं, जबकि बेलारूस और भूटान ने विकास पहल में मदद के लिए भारत को धन्यवाद दिया। जिन लोगों ने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूएनएससी में भारत के साथ-साथ अफ्रीका के एक देश की स्थायी सदस्यता तथा जर्मनी और जापान के समर्थन में बात की, उनमें शामिल हैं: अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंको, चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट, कीर स्टार्मर।

**ज्ञान-विज्ञान** | नासा के मार्स पर्सिवरेंस रोवर की महत्वपूर्ण खोज, खोलेगी कुछ और राज

# मंगल पर मिली अजीबो-गरीब धारीदार चट्टान

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** लालग्रह मंगल में एक अजीबोगरीब धारीदार चट्टान की खोज हुई है। मार्स पर्सिवरेंस रोवर ने यह खोज की है। जेज़ेरो क्रेटर में यह चट्टान मिली है। माना जा रहा है कि यह चट्टान मंगल के बारे में नई जानकारी दे सकती है।

नासा का मार्स पर्सिवरेंस रोवर मंगल की सतह की जांच पड़ताल में लंबे समय से जुटा हुआ है। अभी तक कई महत्वपूर्ण खोजों को अंजाम दे चुका है और अब धारीदार चट्टान का मिलना मंगल की सतही पदार्थों का रहस्य उजागर कर सकती है। यह चट्टान अजीब काली और सफेद धारीदार है। मार्स पर्सिवरेंस रोवर लाल ग्रह के अतीत में सूक्ष्मजीव जीवन के साक्ष्य की तलाश कर रहा है। मगर काली और सफेद धारियों वाली इस चट्टान ने बहुत सारे प्रश्न खड़े कर दिए। वैज्ञानिकों ने इसका नाम फ़्रेया कैसल रखा है। यह चट्टान कुछ हद तक पृथ्वी के रूपांतरित चट्टानों के समान दिखता है। जिन्हें नाइस, मार्बल व शिस्ट कहा जाता हैं। प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकोन ने इसका खुलासा किया है। उनका कहना है कि फ्रेया कैसल उच्च श्रेणी की चट्टान जैसा दिखता है । जिन स्थितियों में मंगल पर फ्रेया कैसल का निर्माण होगा, वह संभवतः पृथ्वी के समान रही होंगी। यह खोज मंगल की सतह पर चट्टानों के बारे मे नई जानकारी उजागर करती है। बहरहाल इस चट्टान का विस्तृत अध्ययन किया जाना है। तभी इसकी वास्तविकता का पता लग सकेगा। मंगल पर अनेक प्रकार की चट्टान मिलती रही हैं, मगर इसका रंग रूप अजीब कहानी बयां करता है। जिस स्थान पर यह चट्टान मिली है, वह स्थान करीब 3.9 अरब साल अस्तित्व में आया । संभावना यह भी जताई जा रही है कि तब कुछ इस तरह की चट्टानें बनी हो सकती है। प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों का कहना है कि वह जल्द इस चट्टान का रहस्य उजागर कर देंगे।

बॉक्स



### मंगल पर खोज क्रांति से कम नही

नैनीताल : मंगल ग्रह पर खोज किसी क्रांति से कम नही। पिछले दो दशक में परत दर परत मंगल के खुलासे होते चले गए हैं। इस दिशा में आधुनिक विज्ञान व तकनीक मील का पत्थर साबित हुई है। अब मानव का मंगल पर पहुचना शेष रह गया है। अगले पांच वर्ष में यह कार्य भी पूर्ण हो जाएगा।